>

Title: Discussion on the motion for consideration of the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011.

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI JAIRAM RAMESH): Madam, I beg to move:*

> "That the Bill to ensure a humane, participatory, informed consultative and transparent process for land acquisition for industrialization, development of essential infrastructural facilities and urbanization with the least disturbance to the owners of the land and other affected families and provide just and fair compensation to the affected families whose land has been acquired or proposed to be acquired or are affected by such acquisition and make adequate provisions for such affected persons for their rehabilitation and resettlement thereof, and for ensuring that the cumulative outcome of compulsory acquisition should be that affected persons become partners in development leading to an improvement in their post acquisition social and economic status and for matters connected therewith or incidental thereto be taken into consideration."

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill to ensure a humane, participatory, informed consultative and transparent process for land acquisition for industrialization, development of essential infrastructural facilities and urbanization with the least disturbance to the owners of the land and other affected families and provide just and fair compensation to the affected families whose land has been acquired or proposed to be acquired or are affected by such acquisition and make adequate provisions for such affected persons for their rehabilitation and resettlement thereof, and for ensuring that the cumulative outcome of compulsory acquisition should be that affected persons become partners in development leading to an improvement in their post acquisition social and economic status and for matters connected therewith or incidental thereto be taken into consideration."

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप क्या कर रहे हैं? यह लैन्ड एक्वीज़ीशन बिल चल रहा है। आप अपनी सीट्स पर जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: There is a Land Acquisition Bill. It is a very long Bill. We must start it now.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। अपनी सीट्स पर वापस जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 1230 hours.

12.11 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past

Twelve of the Clock.

12.30 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Minutes past Twelve of the Clock.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

...(*Interruptions*)

12.30 Â¼ hrs

At this stage, Shri C. Sivasami, Dr. Ram Chandra Dome, Shri Narahari Mahato, Shri P. Lingam and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please go to your places.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. CHAIRMAN: Shri Rajnath Singh.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please cooperate with the Chair.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please go to your places.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.31 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Madam Speaker *in the Chair*)

MADAM SPEAKER: Hon. Member, before I call Shri Rajnath Singh to speak on the motion for consideration of the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011, I have to inform the House that I have received a communication from the hon. Minister intimating that the Government intends to get clause 15 of the Bill negatived. Members may please take notice of it while participating in the discussion on the Bill.

Now, Shri Rajnath Singh.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : क्या हुआ?

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : क्या हो गया?

â€¦(व्यवधान)

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): आसाराम बापू के लोगों के द्वारा हमला किया गया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : नहीं, अभी नहीं। अभी ज़ीरो आवर नहीं है। अभी राजनाथ सिंह जी बोलेंगे।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आज शून्य प्रहर नहीं हो रहा है।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ज़ीरो आवर को कल ले लेंगे ।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपके विषय को कल ज़ीरो आवर में ले लेंगे।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): महोदया, यह सवाल आज डिसाइड होगा।...(व्यवधान) जब संसद में इन्होंने कोई बात रखी तो उसके खिलाफ़ संसद के बाहर, इनके आवास पर उनके लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मेरे पास कोई नोटिस नहीं है। क्या बात है? मुझे नहीं मालूम है। अभी हम लोग लैंड एक्वीज़ीशन बिल के ऊपर चर्चा कर रहे हैं। राजनाथ सिंह जी को मैंने इस समय बोलने के लिए कहा है। आप लोगों से मेरा अनुरोध है कि कल अपने विषय को शून्य प्रहर में उठा लीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : इस पर सरकार जवाब दे कि वह सुरक्षा के लिए क्या कर रही है?...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मेरे पास ऐसा कोई नोटिस नहीं है जो मैं इस पर कुछ भी करूं।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इसके लिए नोटिस दे दीजिए। कल हम इसके ऊपर चर्चा करा देंगे।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अभी लैंड एक्वीज़ीशन पर चर्चा करने दें।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : तम्बिदुरई जी, प्लीज़ बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : महोदया, यह आज दस बजे की घटना है।...(व्यवधान) हम नोटिस कब देंगे?...(व्यवधान)

शहरी विकास मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री कमल नाथ): मैडम, इस माहौल में और इस शोर में मुझे सुनाई नहीं दिया कि मुद्दा अभी क्या है? ...(व्यवधान) मैं यही कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) मैं खत्म कर लूं।...(व्यवधान) हो सकता है कि आपका मुद्दा गंभीर हो, मैं इस से इन्कार नहीं कर रहा हूं। अध्यक्ष महोदया ने कहा है कि कल जीरो ऑवर में टेक-अप करेंगे। ...(व्यवधान)

मैं अपनी बात खत्म कर लूं। ...(व्यवधान) अगर अध्यक्ष महोदया अनुमति दें तो मुझे कोई एतराज नहीं होगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: अब लैंड एक्वीजिशन बिल पर चर्चा होनी है।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अगर किसी संसद सदस्य के घर पर हमला होता है तो उस बात को कल पर नहीं टाला जा सकता है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: ये क्या घटना है?

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: क्या आप हमारी बात नहीं सुनेंगे?

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप पहले मेरी बात सुन लीजिए। आप सब लोग बैठ जाइए, क्योंकि मुझे अभी तक नहीं मालूम है कि हुआ क्या है। इस समय दो बज रहे हैं, आप मुझे पांच मिनट पहले भी आकर बता देते तो मुझे मालूम होता कि है क्या। अभी तक मुझे मालूम नहीं है कि किस विषय पर मुझे बुलवाना है और किस विषय पर सरकार जो भी करेगी, जो भी जवाब देगी।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : सब को मालूम है, पूरी दुनिया को मालूम है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: क्या दुनिया को मालूम है?

â€¦(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : शरद जी के घर पर हमला हुआ।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद (सारण): हम भी इस पर बोलेंगे।

अध्यक्ष महोदया: आप किस पर बोलेंगे?â€¦(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : अध्यक्ष महोदया, इसी विषय पर, जो विषय उठाया जा चुका है। कानून और नियम सब के लिए बराबर है। इस देश में महिलाओं की इज्जत के साथ छेड़छाड़ हुई है। साधू हो, संत हो, महंत हो, उसका नाम लिया जाएगा तो उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। ...(व्यवधान) विषय यही है।

अध्यक्ष महोदया: आपके घर पर हमला हुआ है, क्या आप उसके बारे में बोलेंगे?

श्री शरद यादव (मधेपुरा): अध्यक्ष महोदया, मैं यही निवेदन करना चाहता हूं, जैसा आपने सुझाव दिया, आज सुबह मेरे घर पर आसाराम बापू के जो फॉलोअर्स हैं, वे लोग सुबह आए थे। आपने ठीक बात कही, चूंकि लैंड एक्वीजिशन एक्ट काफी महत्वपूर्ण है, यह कई दिन से रुका हुआ है। मैं अपने मित्रों से कहूंगा कि कल नोटिस देकर बात करें, मैं भी इस पर बात करूंगा। जो पर्चा दिया है, जिस तरह से बात कही है, वह तो पूरी पार्लियामेंट को ही धमकाने का काम करते हैं। वह मैं इनको कल दे दूंगा, कल नोटिस मिलेगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: कल बुलवा लेंगे। लालू जी, आपको भी बुलवा लेंगे। बहुत धन्यवाद।

श्री राजनाथ सिंह (ग़ाज़ियाबाद): अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने इस देश के अत्यधिक संवेदनशील सवाल भूमि अधिग्रहण पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया है। लम्बे इंतजार के बाद भूमि अधिग्रहण से संबंधित बिल संसद के समक्ष विचार के लिए आया हुआ है। बहुत ही गौर से पूरे विधेयक का मैंने अध्ययन किया है। सबसे पहले हमारी नजर इस विधेयक के नाम पर पड़ी। नाम में भी संशोधन हुआ है और इस नाम को पढ़ने के बाद मुझे बहुत ही अनुभूति हुई, अच्छा लगा। इस विधेयक का नाम है - The right to fair compensation and transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011 इस विधेयक के नाम को पढ़ने के बाद मुझे लगा कि शायद सरकार ने सोचा होगा कि ऐसा नाम दिया जाए ताकि सारी की सारी विधेयक की जो मंशा है, वह पूरी तरह से इस नाम में ही समाहित हो जाये।

श्री लालू प्रसाद : कन्फ्यूज़न हो जाये।...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : हां, कोशिश यह की गई है, इसीलिए विधेयक का नाम इतना प्रभावी रखा गया है। लेकिन जब मैंने जब विधेयक का विस्तार में जाकर अध्ययन किया तो मैंने देखा कि कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलू हैं, जो कि पूरी तरह से अनदेखे रह गये हैं। वैसे यह विधेयक तो ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा तैयार किया गया है, लेकिन मुझे लगा कि गांवों में रहने वाले किसानों की, गरीबों की इस विधेयक के माध्यम से जो चिन्ता की जानी चाहिए और जिस गम्भीरता से चिन्ता की जानी चाहिए, उतनी गम्भीरता के साथ चिन्ता नहीं की गई है, बल्कि शहरों और उद्योगों की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। मैं शहरों और उद्योगों का विरोधी नहीं हूं, शहरों में भी सारी सुख-सुविधाएं मिलनी चाहिए, उद्योग भी इस देश में बढ़ने चाहिए, उन्हें आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए, इसमें कोई दो मत नहीं हैं। लेकिन गांव, गरीब और किसान से जुड़े हुए सवाल पर, जो कि अत्यधिक संवेदनशील सवाल होता है, यदि सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए ध्यान नहीं दिया तो मैं समझता हूं कि जिस प्रकार की विषम स्थिति इस देश में पैदा होगी, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।

इस बिल के बारे में मैं यह जरूर कहूंगा कि पहले से थोड़ा बेहतर यह बिल बनाने की कोशिश सरकार के द्वारा की गई है, लेकिन पूरे बिल का अध्ययन करने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि यह बिल अपने मूल उद्देश्य से काफी भटक गया है। जहां तक भूमि का सवाल है, हम भूमि को केवल एक कमोडिटी नहीं मानते हैं और भूमि से हम केवल आर्थिक गतिविधियों को ही जोड़कर नहीं देख सकते हैं। भूमि का जहां तक प्रश्न है, इसके साथ किसान का भावनात्मक रिश्ता भी जुड़ा हुआ है, भूमि के साथ उसका एक सांस्कृतिक रिश्ता भी जुड़ा हुआ है। अध्यक्ष महोदया, आपको भी जानकारी है, आप भी गांव की रहने वाली हैं कि भूमि के छोटे से टुकड़े के लिए अपनी जान देने के लिए भी किसान का पूरा का पूरा परिवार तैयार हो जाता है, इस प्रकार का भावनात्मक रिश्ता होता है। मैं भी किसान परिवार से हूं, मैं जानता हूं कि जिस दिन अपनी जमीन दूसरे के हाथों बेचनी पड़ती है, भले ही उसके कारण पैसा हासिल होता है, लेकिन अपने मन को अच्छा नहीं लगता है, यह कदम किसान को मजबूरी में उठाना पड़ता है, इस सीमा तक भावनात्मक रिश्ता उस जमीन के साथ होता है। सांस्कृतिक रिश्ता भी...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : इसके कारण महाभारत भी तो हुआ।

श्री राजनाथ सिंह : जहां तक सांस्कृतिक रिश्ते का प्रश्न है, आप जानते हैं कि हम भूमि को एक साधारण जमीन का टुकड़ा नहीं मानते हैं, बल्कि इस भूमि को, पृथ्वी को हमने मातातुल्य माना है। इस प्रकार का एक सांस्कृतिक रिश्ता इस भूमि के साथ हम लोगों का है। लेकिन आजादी मिलने के पहले भी और आजादी हासिल होने के बाद भी आर्थिक विकास के नाम पर जिस तरीके से अंधाधुंध भूमि का अधिग्रहण हुआ है, मैं यह कह सकता हूं कि उससे इस देश के किसानों में घोर असंतोष पैदा हुआ है। इससे लगभग 6.5 करोड़ की संख्या में किसान विस्थापित हुए हैं। यह मेरा आंकड़ा नहीं है, बल्कि यूनाइटिड नेशंस का एक कमीशन है, उस कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। चूंकि भूमि किसान का एकमात्र सहारा होता है, इसलिए भूमि के प्रश्न को लेकर जब कभी कोई विवाद खड़ा होता है तो स्वाभाविक रूप से किसान एकजुट होकर आन्दोलन करता है, उसके लिए लाठियां खाता है, गोलियां खाता है, लेकिन फिर भी भूमि को बचाने के लिए अपनी तरफ से भरपूर कोशिश करता है, लेकिन विडम्बना यह है कि 1894 में, जब अंग्रेजों की हुकूमत इस हिन्दुस्तान में थी तो भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित एक बिल तैयार किया गया था। उस समय भी यह भूमि का अधिग्रहण थोड़ी बहुत मात्रा में होता था, तब भी किसानों के अन्दर असंतोष पैदा होता था, किसान आन्दोलन करता था, लेकिन जिस निर्ममतापूर्वक ब्रिटिश हुकूमत द्वारा उसके आन्दोलन को दबा दिया जाता था तो फिर ब्रिटिश हुकूमत के सामने वह उफ करने का साहस वह नहीं जुटा पाता था, लेकिन 1894 के बाद आजादी हासिल होने के बाद तीन बार इस बिल में संशोधन हुआ है। 1962, 1967 और 1984, तीन बार इसका संशोधन हुआ, लेकिन फिर भी मंशा इस देश के किसानों की यही थी कि भूमि अधिग्रहण इस तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि हमारे परिवार के समक्ष किसी प्रकार का भविष्य में कोई संकट पैदा न हो। इस पर सरकारों को ध्यान देना चाहिए। फिर जो कुछ भी संशोधन हुए, संशोधन के बावजूद वह राहत इस देश के किसानों को नहीं मिल पायी। फिर यहां पर बीजेपी लेड एनडीए गवर्नमेंट आयी, हम लोगों ने इस प्रश्न को अपनी सरकार के जो तत्कालीन प्रधानमंत्री थे, आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समक्ष रखा। उन्होंने इसकी गंभीरता को स्वीकार किया और यह कहा कि निश्चित रूप से एक ऐसा बिल तैयार किया जाना चाहिए ताकि किसानों को अधिकतम राहत दी जा सके और आनन-फानन में कोई फैसला नहीं किया जाना चाहिए। यह आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उस समय भी हिदायत दी थी। तब तक वर्ष 2003 समाप्त होते-होते ही हमारी सरकार चली गयी। अब कांग्रेस लेड यूपीए गवर्नमेंट के आये हुए लगभग साढ़े 9 वर्षों का समय गुजर गया और मैं तब से सुन रहा हूं, जब से वर्ष 2004 में यह कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार बनी है कि भूमि अधिग्रहण के लिए एक संशोधित बिल लाया जा रहा है। लेकिन साढ़े 9 वर्षों का समय गुजर जाने के बाद, इतने संवेदनशील सवाल पर, यह बिल जो लाया गया है, मैं समझता हूं कि यह बिल पूरी तरह से अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है।

जहां तक मंत्री जी का सवाल है, मैं जानता हूं कि मंत्री जी निहायत ही एक अच्छे इंसान हैं और जिस समय हमारी बातचीत हुई थी और जो पहला बिल आया था, अपेक्षाकृत इससे वह बेहतर बिल था। मैं यह जानता हूं कि जब कैबिनेट में यह प्रपोजल गया होगा तो निश्चित रूप से मंत्री जी के ऊपर कोई न कोई दबाव आया होगा, इसलिए यह बिल अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है, ऐसा मेरा मानना है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कभी भी अधीरता में, जल्दबाजी में भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित किसी मामले पर कोई निर्णय नहीं किया जाना चाहिए। यह हमारी मंशा है।

महोदया, इस विधेयक में तो निजी क्षेत्र के लिए भी भूमि अधिग्रहण का एक रास्ता निकाल लिया गया है। वैसे निजी क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण अंग्रेजों की हुकूमत में भी होता था। इसके पहले का जो पुराना बिल है, उसमें भी उनके लिए होता था, लेकिन पब्लिक परपज एक नया शब्द जो इसमें इंट्रोडयूज किया गया है, यह पब्लिक परपज का शब्द उस समय भी था। इस पब्लिक परपज की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पब्लिक परपज की श्रेणी में एक लम्बी सूची इस बिल में दी गयी है, इस बिल के अन्तर्गत वह मेंशंड है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है। इंफ्रास्ट्रक्चर का जहां तक सवाल है, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 27 मार्च, 2012 को एक गजट जारी किया गया। वह इतना व्यापक है, इतना व्यापक है, इसमें कई व्यावसायिक गतिविधियों को भी शामिल किया गया। अब मैं सारी व्यावसायिक गतिविधियों की यहां चर्चा नहीं करना चाहता हूं जिनको कि इस बिल में मेंशन किया गया, लेकिन मैं स्पेशल इकॉनामिक जोन की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया, पूरी संसद इस बात की साक्षी है, स्पेशल इकॉनामिक जोन जिस समय बनाया जा रहा था, उसके पीछे क्या उद्देश्य था, इससे भी हम सभी अच्छी तरह परिचित हैं। हम लोगों को लगता था कि स्पेशल इकॉनामिक जोन से निश्चित रूप से किसानों को राहत मिलेगी। बड़ी संख्या में 700, 800 की संख्या में स्पेशल इकॉनामिक जोंस अंधाधुंध इस देश में बना दिए गए। आज स्पेशल इकॉनामिक जोन का कोई भी काम वहां प्रारंभ नहीं किया गया है। मनमाने तरीके से किसानों की जमीन अधिगृहीत कर ली गयी है। किसान यह आंदोलन कर रहा है कि हमारी जमीन को वापस किया जाना चाहिए। लेकिन इस बिल में पब्लिक परपज की व्याख्या करते समय एक भ्रम की स्थिति बनी हुयी है। मैं ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं इस बिल के क्लॉज 2 के सैक्शन 1 की तरफ, इसमें लिखा है, "Public purpose and shall include the following purposes." अभी हमारी समझ में बात नहीं आती है, क्या-क्या पब्लिक परपज है या तो उसको आप मेंशन कर देते, लेकिन पब्लिक परपज के अतिरिक्त आपने जो कुछ भी परपजेज एक सूची में डाले हैं, उस पर हमको कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं, अलग से यह पब्लिक परपज और उसके बाद अन्य जो कुछ भी आपने सूची मेंशन की है इसमें, उसके पीछे आपकी मंशा क्या है? आप क्या कहना चाहते हैं? इसके संबंध में मैं क्लैरिफिकेशन चाहूंगा। हमारा यह कहना है कि या तो यह होना चाहिए कि "Public purpose including purposes mentioned below." पब्लिक परपज को अलग नहीं करना चाहिए था। यदि पब्लिक परपज है तो उसमें कहना चाहिए था "Public purpose including purposes mentioned below." इस पर मैं मंत्री जी का क्लैरिफिकेशन चाहता हूं कि इसके पीछे मंत्री जी की मंशा क्या रही है? इस बिल के क्लॉज-टू के सेक्शन-वन में कहा गया है कि प्राइवेट कंपनिज के लिए prior consent of at least 80 percent of the affected families जरूरी है। यानी जितने प्रभावित परिवार हैं, उनके 80 फीसदी लोगों की यह प्रायर कंसेंट होनी चाहिए कि यह भूमि अधिगृहीत की जाए या यह भूमि अधिगृहीत न की जाए। लेकिन पब्लिक प्राइवेट पार्टनर्शिप के जो प्रोजेक्ट्स होंगे, उनके लिए यहां पर 70 परसेंट यहां पर रखा गया है। मगर सरकारी प्रोजेक्ट्स के लिए किसी प्रकार की कोई बाध्यता नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप यह अनइवेन प्लेइंग फील्ड क्यों देना चाहते हैं? देना है तो जो सरकारी प्रोजेक्ट्स हैं, उनके लिए भी, और साथ ही साथ गैरसरकारी जो प्रोजेक्ट्स हैं, उनके लिए भी आपको प्ले फील्ड देनी है, तो आप समान प्ले फील्ड दीजिए। लेकिन यदि आपके समक्ष कोई ऐसी मजबूरी है, तो मंत्री जी प्रायर कंसेंट के जो नॉर्म्स हैं, वह यूनिफार्म रखने में क्या परेशानी थी? इस संबंध में भी मैं क्लैरिफिकैशन चाहूंगा।

क्या इस बिल के बाद भी जबरिया भूमि अधिग्रहण का रास्ता खुला रहेगा? मैं यह जानना चाहता हूं, क्योंकि यह क्लॉज पढ़ने के बाद, यह शंका हमारे मन में पैदा हुई है कि अब भी जबरिया किया जाएगा, लेकिन मैं मानता हूं, मैंने भी सरकार चलाई है, कि कुछ विशेष परिस्थितियों में भूमि अधिग्रहण करना अत्यधिक आवश्यक होता है। आपात स्थिति भी कभी ऐसी पैदा हो जाती है कि भूमि अधिग्रहण आवश्यक होता है। मैं अपनी तरफ से इतना ही सुझाव देना चाहूंगा कि ऐसी परिस्थिति कभी पैदा होती है तो कुछ स्पेशल इंसैंटिव्स किसानों को दिए जाने चाहिए। इस बिल में इसकी भी व्यवस्था होनी चाहिए।

इस बिल में प्रावधान किया गया है कि निजी क्षेत्र के अधिग्रहण में 80 प्रतिशत प्रभावित परिवारों की जो कंसेंट ली जाएगी, उसके साथ यह कहा गया है, प्रभावित परिवार किसको माना जाएगा, सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट के बाद, इनवायरमेंटल इम्पैक्ट असैसमैंट के बाद, लेकिन सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट और इनवायरमेंटल इम्पैक्ट असैसमैंट, यह कब से प्रारंभ करेंगे? आप के बिल से तो ऐसा प्रतीत होता है कि भूमि अधिग्रहण का सिलसिला प्रारंभ होने के बाद यह किया जाएगा। लेकिन यह पहले होना चाहिए। सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट भूमि अधिग्रहण का प्रोसेस प्रारंभ होने के पहले होना चाहिए। इनवायरमेंटल इम्पैक्ट असैसमैंट भी भूमि अधिग्रहण का यह सिलसिला प्रारंभ होने के पहले होना चाहिए। इसके पहले यह संभव नहीं है।

मैं लैंड ओनर की जो परिभाषा है, उसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मंत्री जी, आप को भी जानकारी है कि आज हमारे देश में लैंड टाइटल्स को लेकर लगभग 20

फीसदी मामले उलझे हुए हैं। अदालतों में उनके विवाद चल रहे हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए इस बिल में कोई प्रोविजन नहीं है। क्या आपने सोचा है? मैं आपके उत्तर में यह भी जानना चाहूंगा।

साथ-साथ लाल डोरा और एल.एम.सी. इनकी भी समस्या है। गांव में रहने वाला हर व्यक्ति इससे परिचित है। आबादी जिस तेजी के साथ इस समय बढ़ रही है, उस आबादी को रहने के लिए जगह भी तो चाहिए, लेकिन इसमें कहीं पर कोई प्रोविजन नहीं है। लाल डोरा और एल.एम.सी. के बारे में यह बिल कुछ स्पष्ट करे, ऐसा कुछ भी हम को देखने को नहीं मिला है। हमारा यह कहना है कि अधिग्रहण के समय गांवों में भी आबादी के लिए कुछ जमीन छोड़ने का एक निर्धारित मानदंड होना चाहिए और इस बिल के अंदर भी एक ऐसा प्रोविजन होना चाहिए, यह हमारा मानना है।

सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट और इनवायरमेंटल इम्पैक्ट असैसमैंट, जब यह सिलसिला प्रारंभ हो तो यह टाइम बाउंड होना चाहिए। कहीं ऐसा नहीं होना चाहिए कि सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट और साथ ही इनवायरमेंटल इम्पैक्ट असैसमैंट आप ने प्रारंभ कर दिया और साल-डेढ़ साल तक यह असैसमैंट का सिलसिला चलता रहे, तो मैं समझता हूं कि इसका जो परपस है, वह परपस पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

अध्यक्ष महोदया, मैं बिल के क्लॉज 9 की तरफ आता हूं - अर्जेन्सी का प्रोविजन आ गया। सबसे खतरनाक प्रोविजन अर्जेन्सी का प्रोविजन है। यह अर्जेन्सी का जो प्रोविजन क्लॉज 9 का है, वह कहता क्या है। एक क्लॉज 38 है। क्लॉज 38 के तहत अर्जेन्सी प्रोविजन के माध्यम से यदि सरकार अधिग्रहण करती है तो क्लॉज 9 अधिग्रहण की प्रक्रिया को सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट से मुक्त रखेगा। अब बताइए, गांवों की यही असली समस्या है, सबसे बड़ा संकट यही है - अर्जेंसी प्रोविजन। उसका सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट नहीं होगा, इन्वायरनमैंटल इम्पैक्ट असैसमैंट नहीं होगा। मंत्री जी, इस समस्या का निराकरण कैसे किया जाएगा, मैं इस संबंध में भी आपसे क्लैरीफिकेशन चाहूंगा, क्योंकि मैं जानता हूं कि गांवों में अधिकांश विवादों का कारण अर्जेंसी प्रोवीजन ही है।

मेरा सुझाव है कि क्लॉज 9 का उपयोग यदि कोई बहुत आपात स्थिति पैदा हो जाए तभी किया जाना चाहिए। मैं तो कहना चाहूंगा कि इस क्लॉज़ 9 को ही समाप्त कर दिया जाए, इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। किसी भी प्रकार का अधिग्रहण हो, प्राइवेट कम्पनीज के लिए हो अथवा पब्लिक परपज के लिए हो, सोशल इम्पैक्ट असैसमैंट और इन्वायरनमैंटल इम्पैक्ट असैसमैंट निश्चित रूप से होना चाहिए।

मैं नए बिल के क्लॉज 10 की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। क्लॉज 10 कहता है कि कुछ परिस्थितियों को छोड़कर मल्टी क्रॉप लैंड का अधिग्रहण नहीं किया जाए। मगर सैक्शन 2 के सब सैक्शन्स में यह बात कही गई है कि नहीं, किया जा सकता है यानी फिर से एक अधिग्रहण का रास्ता यहां खोल दिया गया है। एक तरफ कहा गया है कि मल्टी क्रॉप लैंड अथवा इरीगेटेड लैंड का एक्वीजिशन नहीं होना चाहिए, लेकिन दूसरी तरफ उसका रास्ता भी खोल दिया गया है। हमारा मानना है कि जब तक किसान सहमति न दे तब तक कृषि योग्य भूमि का किसी भी सूरत में अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। इस सरकार ने अभी दो-तीन दिन पहले फूड सिक्युरिटी बिल इसी संसद में पारित किया है। इस देश में फूड सिक्युरिटी की इतनी बड़ी क्राइसेज पैदा हो जाएगी कि मैं इस सरकार को याद दिलाना चाहता हूं कि जिस समय फॉरेस्ट कवर डिप्लीट करने लगा था, कम होने लगा था, उस समय इस सरकार को ही फॉरेस्ट कन्जर्वेशन एक्ट बनाना पड़ा था। वैसे ही खेती योग्य जमीन जो धीरे-धीरे एक्वीजिशन के कारण कम होती चली जाएगी, तो एग्रीकल्चरल लैंड कन्जर्वेशन बिल फिर इसी संसद में लाना होगा और उसे एक्ट बनाना होगा। इसलिए मैं बार-बार आग्रह कर रहा हूं कि इरीगेटेड लैंड अथवा जिस खेत में फसल पैदा होती है, उसे एक्वायर मत कीजिए। काम चलाना है तो बहुत सारी बंजर भूमि पड़ी हुई है, उससे काम चला लीजिए। लेकिन खेती योग्य भूमि का अधिग्रहण किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए, यह मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं। इस संबंध में पार्लियामैंट की स्टैंडिंग कमेटी ने भी अपनी रिकमैंडेशन में इस बात की चर्चा की है और साफ-साफ कहा है कि किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होना चाहिए।

मैडम, मैं इस बिल के सबसे चिन्ताजनक बिन्दु की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। क्लॉज 16(3) - यदि किसान द्वारा भूमि अधिग्रहण के संबंध में कोई ऑब्जैक्शन किया गया और सरकार द्वारा कोई फैसला आ गया, तो वह अपील नहीं कर सकता। यह कहां का इंसाफ है? मैं समझता हूं कि हमारे न्याय का जो मान्य सिद्धान्त है, यह उसके सर्वथा खिलाफ है। ऐसा क्यों होना चाहिए? क्या किसान को यह हक नहीं है कि यदि सरकार द्वारा कोई फैसला आ जाता है और वह किसान को मंजूर नहीं है तो वह अदालत नहीं जा सकता? इसलिए मंत्री जी, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि इस संबंध में यह व्यवस्था की जानी चाहिए कि यदि किसान द्वारा कोई आपत्ति की जाती है, वह संतुष्ट नहीं है और किसी कोर्ट में जाना चाहता है, तो उसे कोर्ट में जाने का अवसर दिया जाना चाहिए।

मैं एक सुझाव यह देना चाहता हूं कि बिल को पूरी तरह रीट्रॉस्पैक्टिव इफैक्ट के साथ लागू कीजिए। जहां लोगों ने कम्पैनसेशन नहीं लिया, चाहे जानबूझकर न लिया हो अथवा सरकार द्वारा न दिया गया हो अथवा जहां लैंड एक्वीजिशन का प्रोसैस पूरा नहीं हुआ है, यह बिल विद रीट्रॉस्पैक्टिव इफैक्ट उन सब जमीनों पर भी लागू होगा। मैं चाहूंगा कि आप संसद को अभी यह आश्वासन दें। क्योंकि बहुत सारे मामले अभी भी उलझे हुए हैं।

बिल का एक और खतरनाक क्लाज 38 है, जिसमें अर्जेंसी प्रोविजन्स के तहत जो डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, डिस्ट्रिक्ट कलैक्टर होता है, उनको एक शक्ति दी गयी है, पावर दी गयी है कि आप नोटिफिकेशन करके तीन दिन के बाद किसी भी लैंड का एक्वीजिशन कर सकते हैं। मैं समझता हूं कि इस बिल को लाने का फिर परपस ही क्या है? जब इस बिल को लाने का परपस ही पूरी तरह से डिफीट हो जाता है, तो फायदा क्या है। सरकार जब चाहे क्लाज 38 का प्रयोग करके उन्हें बेदखल कर दे। मैं संसद में यह मांग करना चाहता हूं कि क्लाज 38 को ही समाप्त किया जाना चाहिए, लेकिन यदि कोई आपात्त परिस्थितियां पैदा होती हैं, तो उस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। मैं उसका स्वागत करता हूं।

अब मैं बिल के क्लाज 45 की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि लैंड एक्वीजिशन रिहैबिलिटेशन एंड रीसैटलमैंट अथारिटी के गठन का प्रोविजन किया गया है। ये अथारिटीज कितनी गठित होंगी, यह बिल में मैंशन नहीं है। क्या केवल स्टेट लैवल पर ही ये अथारिटीज बनेंगी अथवा केवल सैंट्रल लैवल पर ही बनेंगी? हमारा यह मानना है कि भूमि अधिग्रहण की समस्या लगभग इस देश के अधिकांश जिलों में है। इसलिए अध्यक्ष महोदया, मैं यह मांग करना चाहता हूं कि जो अथारिटी बनाने की बात है, यह डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर निश्चित रूप से बनायी जानी चाहिए। यदि किन्हीं कारणों से डिस्ट्रिक्ट अथारिटीज पर जहां पर एक्वीजिशन न होता हो, कुछ ऐसी समस्या है तो कम से कम कमिश्नरी स्तर से यह निश्चित रूप से बनाया जाना चाहिए। अथारिटीज को यह भी अधिकार दिया जाना चाहिए कि जैसे केसेज का निस्तारण, डिस्पोजल फास्ट ट्रैक कोर्ट जल्दी करती है, वैसे ही चूंकि लैंड एक्वीजिशन का इश्यू बहुत ही सेंसिटिव होता है, ऐसी जो अथारिटीज बनें, इनका फास्ट ट्रैक कोर्ट की तरह ही जल्दी से जल्दी डिस्पोजल हो, एक ऐसा भी अधिकार अथारिटीज को दिया जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, मैंने कई बार देखा है कि आवश्यकता से अधिक भी लैंड एक्वीजिशन प्रोजैक्ट कर लेते हैं, तो लैंड पड़ी की पड़ी रह जाती है, खुली रहती है। उसका कोई मतलब नहीं है। वैसे जमीन एक सीमित संसाधन है, एक लिमिटेड रिसोर्स है। इसका अधिकतम उपयोग कैसे हो, संसद को ही नहीं, बल्कि सारे देश को इस बात की चिन्ता करनी चाहिए। इसलिए हमारा कहना है कि इसे रोकने के लिए कोई न कोई ऐसा मैकेनिज्म डैवलप करना चाहिए, ताकि जरूरत से ज्यादा किसी भी सूरत में लैंड एक्वीजिशन न हो। यदि कोई लैंड एक्वीजिशन जरूरत से ज्यादा कर लेता है तो उसके लिए उसका कोई उपयोग नहीं है। उसे किसानों को वापिस किया जाये या क्या किया जाये, इसके संबंध में भी सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, इसके अतिरिक्त दो-तीन बातों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मौजूदा बिल में क्लाज 94 में कहा गया है कि यदि अधिग्रहित भूमि पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं आती है, तो या तो वह किसानों को वापस लौटा दी जायेगी या फिर वह जमीन सरकार के लैंड बैंक में चली जायेगी।

...(<u>व्यवधान</u>) जमीन वापस कर दी जाये, यह बात तो हमारी समझ में आती है, लेकिन वहीं पर आप हमारी स्टैंडिंग कमेटी की रिकमेंडेशन्स देखिये। स्टैंडिंग कमेटी की रिकमेंडेशन्स कैसे इग्नोर होती हैं? जबकि स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा है कि यदि किसान अपना कम्पेनसेशन लौटा देता है, तो लैंड के अनयूज्ड रहने की दशा में वह भूमि किसान को वापस सौंपी जाये। यदि मान लीजिए कि विशेष परिस्थितियों में लैंड बैंक में वह जमीन जाती है, मान लीजिए कि किसान अपना मुआवजा वापस नहीं करता है तब ऐसा किया जा सकता है, उस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मगर मौजूदा बिल में जो स्टैंडिंग कमेटी की रिकमेंडेशन है, उस संबंध में कोई क्लैरिटी नहीं है। इसलिए मैं मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि क्या आप इससे सहमत हैं?

अध्यक्ष महोदया, मैं कम्पैनसेशन के बारे में थोड़ा ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। बिल का जो नया ड्राफ्ट है, नया बिल है, उसमें ग्रामीण क्षेत्रों में मार्केट वैल्यू का एक से दोगुना और शहरी क्षेत्रों में मार्केट वैल्यू के बराबर ही मूल्य निर्धारित होगा। इसमें सोलेशियम भी शामिल हैं। जब सोलेशियम शामिल हो जायेगा, तो शहरी क्षेत्रों को दोगुना और ग्रामीण क्षेत्रों को चार गुना, लेकिन उसके लिए सीमा निर्धारित की गयी है कि इतने किलोमीटर के बाद इतना और इतने किलोमीटर के बाद इतने टाइम कम्पैनसेशन दिया जायेगा। वन टाइम, 1.25 टाइम, 1.50 टाइम, ऐसा किया गया है। यह निर्धारित कर पाना, क्योंकि मैं जानता हूं, यह काम बहुत ही कठिन होता है। शहर से गांव कितनी दूर है, कहां से आप नापेंगे? पहले यह भी तो तय होना चाहिए। गांव की दूरी आप कहां से मानेंगे, इसके बारे में भी कुछ क्लैरिफिकेशन होना चाहिए। कम्पेनसेशन के बारे में मैं संसद में अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहता हूं। कम्पेनसेशन के बारे में जो भी नार्म्स निर्धारित किये गये हैं, वे कम हैं। यहां पर मैं अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहूंगा। क्यों कम है? क्योंकि जो लैंड की रजिस्ट्री होती है, वह अंडर वैल्यू होती है, मार्केट वैल्यू पर नहीं होती है। यदि मार्केट वैल्यू के आधार पर कम्पेनसेशन उपलब्ध कराया जाए, तो कम-से-कम किसी हद तक उन्हें राहत मिल सकती है। लेकिन जो कुछ भी रजिस्ट्री ऑफिस के द्वारा लैंड वैल्यूड है, उस आधार पर करेंगे, तो किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एक सुझाव और देना चाहता हूं कि हर गांव के चारों ओर कम-से-कम पांच सौ मीटर की एक चौहद्दी छोड़ी जानी चाहिए, एक क्षेत्र छोड़ा जाना चाहिए। ताकि लाल डोरा आबादी का दबाव बढ़ने पर इसे बढ़ाया जा सके। लेकिन इसमें इसका कोई उल्लेख नहीं है।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक गंभीर बिन्दु की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा। कभी-कभी किसानों का एक बार डिसप्लेसमेंट (विस्थापन) होता है, लेकिन कभी-कभी दुबारा भी उनके डिसप्लेसमेंट के हालात पैदा हो जाते हैं। वैसी परिस्थिति में यह सरकार क्या कदम उठाएगी? इसके बारे में भी मैं मंत्री जी से क्लियरफिकेशन चाहूंगा। वैसे प्रिकॉशन यह लिया जाना चाहिए कि किसानों का डबल डिसप्लेसमेंट किसी भी सूरत में न हो।

अब मैं शहरों की ओर आता हूं। दिल्ली ही नहीं, बड़े-बड़े शहरों के किनारे चले जाइए, झुग्गी-झोपड़ियों में बसे हुए हमारे जो गरीब हैं, उनकी दयनीय हालत है। भारत की राजधानी दिल्ली की सड़कों पर निकलिए। आपने पतली-पतली टांगों वाले उन गरीब बच्चों को देखा होगा। वे सड़कों पर किस तरह की जिन्दगी बसर करते हैं? यदि म्यूनिसिपल कारपोरेशन बुलडोज़र लेकर उनकी झोपड़ी को गिराने चला जाता है, तो मैं समझता हूं, किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की आंखें नम हो जाती होंगी, उसका कलेजा दहल उठता होगा। लेकिन यहां पर जो झुग्गी-झोपड़ी वाले बसे हैं, यह कहा जाता है कि यह अतिक्रमण किया गया है। निर्ममतापूर्वक इन्हें हटा सकते हो, तो हटा दो। लेकिन मैं जानता हूं कि झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए आप इस बिल में व्यवस्था नहीं कर सकते। हमने भी बिल तैयार कराया है, मुझे जानकारी है, आप ऐसा नहीं करा सकते। लेकिन ग्रामीण विकास मंत्रालय देखते हैं, भले ही शहरों के किनारे वे बसते हों, मंत्री जी उनके बारे में जरूर सोचिए। यदि आप इसके लिए अलग से बिल लाएंगे, तो हम लोग उस बिल को सर्वसम्मति से, जिसमें झुग्गी-झोपड़ी का इंसान रहता है, हम संसद में पास करेंगे।

अध्यक्ष महोदया, मैं अब स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में एक बहुत ही गंभीर विषय की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। इस देश में 90 प्रतिशत अधिग्रहण केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बनाये गये क़ानूनों के माध्यम से होता है। जिनकी एक अलग से सूची बनायी गयी है, उसमें उसे रखा गया है। हैरानी की यह बात है कि जो विधेयक इस सदन में भूमि अधिग्रहण की भावी रूपरेखा पर विचारार्थ रखा गया है, उसके प्रावधान इन कानूनों पर लागू नहीं होंगे, जिन्हें एक अलग सूची में चिह्नित किया गया है। मेरा कहना यह है कि इन क़ानूनों को इस विधेयक से बाहर रखने का क्या औचित्य है? यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं। हम लोगों ने माननीय मंत्री जी को एक सुझाव दिया था कि ज़मीन का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि लीज़ का प्रोविज़न किया जाना चाहिए। मंत्री जी आपने इसे माना है, मैं आपका स्वागत करता हूं, लेकिन इसमें अभी आपने रास्ता खुला रखा है। यह मैंने देखा है। सरकार यदि चाहे, तो किसान कहता रहे कि हमारी जमीन लीज़ पर ले लीजिए और सरकार कहेगी कि नहीं-नहीं लीज़ पर नहीं लूंगा, मैं इसका एक्विज़ीशन करूंगा। मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि इस बिल में यह प्रोविज़न होना चाहिए कि ज़मीन लीज़ पर ली जाए अथवा इसका एक्विजीशन किया जाए, इसका फैसला किसानों की सहमति से होगा, बिना किसानों की सहमति के नहीं होगा। मैं यह एक विनम्र निवेदन करना चाहूंगा।

अध्यक्ष महोदया, बहुत से बिन्दु हैं जिन पर विचार किया जा सकता था, लेकिन पढ़ने के बाद मैंने सोचा कि यदि इन सभी बिन्दुओं पर मैं बोलूंगा, तो लगभग डेढ़-पौने दो घण्टे का भाषण हो जाएगा, तो आपको घण्टी बजानी पड़ेगी। उस घण्टी से बचने के लिए मैं जितना शॉर्ट में बोल सकता था, उतना शॉर्ट करने की कोशिश की है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से विनम्र अनुरोध करना चाहता हूं कि भूमि अधिग्रहण बहुत ही संवेदनशील प्रश्न है, बहुत गंभीरतापूर्वक लिया जाए और अब भी मंत्री जी, आप अपने विवेक से जो भी संशोधन स्वीकार कर सकते हों, उनको स्वीकार कीजिए जिससे किसानों के लिए यह बिल हितैषी बन सके, उसके लिए आप भरपूर कोशिश कीजिए।

इसी निवेदन के साथ, अध्यक्ष महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

कुमारी मीनाक्षी नटराजन (मंदसौर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। इस ऐतिहासिक बिल पर बोलने के लिए आपने मुझे अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

यह जो बिल ग्रामीण विकास मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, कई मायनों में एक ऐतिहासिक पहल है। ऐतिहासिक इस लिहाज से कि माननीय मंत्री जी ने इसके शीर्षक में जो परिवर्तन किया, उसके बाद यह बिल, जो हमारा अधिकार-आधारित दृष्टिकोण है, हमारा साझा फलसफा है, उसको नया आयाम प्रदान करता है। गत सोमवार को हमने खाद्य सुरक्षा का अधिकार पारित किया और अधिकार-आधारित समाज निर्माण की हम सबकी जो साझी सोच है, मैं समझती हूं कि उसमें यह पूरा सदन साझा है, उस साझी सोच में हमारी ओर से उठाया गया यह एक दूसरा अनुपम कदम है। मैं समझती हूं कि यह एक ऐतिहासिक बिल है। बिल का जो नया कलेवर है, नया शीर्षक है, वह अधिकार को नींव पर रखकर बनाया गया है। उचित निष्पक्ष मुआवजे को अधिकार के रूप में देखा जाना और उसके साथ-साथ अधिग्रहण, पुनर्वसन और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता को अधिकार के रूप में प्रस्तुत करना, मैं समझती हूं कि इस बिल के लिए एक ऐतिहासिक तथ्य है। हम सभी लोग जो आज सदन में चर्चा कर रहे हैं, यह जो चर्चा है, बहस इसके प्रारूप पर हो सकती है, क्लॉज पर हो सकती है, इसकी धाराओं पर हम अपनी टिप्पणियां दे सकते हैं, लेकिन जो बहस है, उसमें जो किसानों के प्रति जो संजीदगी और संवेदनशीलता है, जो भूमि पर आश्रित भूमिपूत्रों पर है, उसमें किसी तरह का संदेह किसी को नहीं है। इसलिए बिल की जो प्रासंगिकता है, उस पर किसी तरह की बहस नहीं है, उस पर किसी तरह का कोई सवाल नहीं है। उसके जो विभिन्न अंश हैं,

क्रियान्वयन पर, प्रक्रियाओं पर और जो प्रणाली अपनाई जानी है, उसको लेकर जरूर सब पक्षों के पास विभिन्न सुझाव हैं और मैं समझती हूं कि यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत है कि सभी पक्ष अपनी राय साझा करने के बाद किसी बिल को जनहित में प्रस्तुत करते हैं, पारित करते हैं और अपनी-अपनी राय एवं मशविरे यहां पर प्रस्तुत करते हैं।

महोदया, इस बिल का आखिर मकसद क्या है? पहला ऐसा विधेयक प्रस्तुत हुआ है, जिसमें केवल भूमि अधिग्रहण को लेकर बात नहीं हुई है, बल्कि भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ पुनर्वसन और पुनर्स्थापना को जोड़ने का प्रयास हुआ है। यह अपने आप में एक पहली बार का प्रयास है जब एक ही बिल पारदर्शितापूर्ण अधिग्रहण, पुनर्वसन और पुनर्स्थापन की बात और निष्पक्ष एवं उचित मुआवजे की बात एक ही मसौदे में एक साथ प्रस्तुत करता है। मैं समझती हूं कि यह इस बिल का असली मकसद है। हम सबके सामने लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी क्या है? लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी यह है कि हम जितनी भी जनाकांक्षाएं हैं, उनको माध्यम मुहैया करा सकें, जनाकांक्षाओं की सुनवाई हो सके, जितने भी पक्ष हैं, जितने भी वर्ग हैं, उनको अपनी बात रखने का मौका मिले, सभी स्टेकहोल्डर्स को बराबर का अवसर मिल सके, यही लोकतंत्र की असली कसौटी है। हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जो तालिस्मान दिया कि अपनी आंख बंद करके सबसे गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे को अपनी आंखों के सामने रखें और अगर हमारे द्वारा उठाए गए उस कदम से उसकी आंखों में चमक दिखाई देती है, तो हमें समझना चाहिए कि हम लोकतंत्र की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हमने उन जनाकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि हम सब की साझी जिम्मेदारी यही है कि जो अंतिम पंक्ति में खड़ा अंतिम व्यक्ति है, उसके हित, उसकी आकांक्षा को भागीदारी का मौका दें। जो बड़े औद्योगिक घराने हैं, पूंजीपति हैं, वे ज्यादा संगठित हैं, प्रभावशाली हैं, ताकतवर हैं। उनकी आवाज़ दूर तक सुनाई देती है और पहुंचती है। लेकिन वह व्यक्ति जिसके पास ताकत नहीं है, जिसकी सुनवाई होना हम सब लोगों की साझी जिम्मेदारी है, उसकी सुनवाई के बगैर, उसको साझा किए बगैर किसी विकास की बात नहीं हो सकती। विकास का एकमात्र मानक यह है कि कितने ज्यादा लोगों की आवाज़ को उस प्रक्रिया में शामिल किया है, कितने लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित किया।

महोदया, मैं आपके माध्यम से बहुत ही जिम्मेदारी के साथ और विनम्रता के साथ यह भी कहना चाहती हूं जैसे कतिपय माध्यमों के द्वारा जो लगातार यह बात हो रही है जैसे जब भी हम खाद्य सुरक्षा की बात करते हैं, तो कहा जाता है कि फ्रीबीस दिए जा रहे हैं। जब हम भूमि अधिग्रहण और किसान हित की, भूआश्रित खेतीहर मजदूरों के हित की बात करते हैं तो बात होती है कि हम किसी तरह से सस्ती लोकप्रियता को बटोरने का काम कर रहे हैं। महोदया, मैं पूरी विनम्रता से कहना चाहती हूं कि यह सस्ती लोकप्रियता नहीं है, यह जनप्रियता नहीं है, यह जनहित में उठाया गया कदम है। इसमें किसी तरह की सहानुभूति की भिक्षा नहीं है। इसमें अगर कुछ है तो वह सहभाग है, सहकार है और सहयोग है। हम यह मानते हैं कि बिना भागीदारी को सुनिश्चित किए, लोगों की आवाज़ को शामिल किए बिना किसी भी कानून को अंजाम नहीं दिया जा सकता।

सन् 1894 का जो कानून था, तत्कालीन औपनिवेशिक मानसिकता का वह प्रतिबिम्ब था। उस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था, जिसमें पुनर्वसन और पुनर्स्थापन की बात की जाए। उसकी धारा 5 (ए) सुनवाई की बात तो करती थी, लेकिन उसके बाद जो उसका निचोड़ निकले, उसके प्रति किसी की कोई बाध्यता नहीं थी। इसीलिए माननीय सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने उसे एक तरह का फरेब या धोखा करार दिया और एक अन्य बैंच ने कहा -

"The Act does not provide for rehabilitation of persons displaced from their land although by such compulsory acquisitions their livelihoods get affected. The Act has become outdated and needs to be replaced at the earliest by fair, reasonable and rational enactment in tune with the Constitutional provisions, particularly 300(a) of the Constitution."

महोदया, सवाल यह है कि आज हमारे सामने जो बिल आया है, उसके मुख्य बिंदु क्या हैं। बिल में पहली बार यह ऐतिहासिक प्रयास किया गया है कि पुनर्वसन, पुनर्स्थापन और अधिग्रहण की पारदर्शी प्रणाली को एक साथ जोड़ा जाए। इस बिल की दूसरी सबसे बड़ी खासियत यह है कि पहली बार किसी बिल में सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट पर बल दिया है। अधिग्रहण से पहले सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट की जरूरत के बारे में इसमें रेखांकित करके कहा गया है। इस बिल में तीसरी मुख्य बात यह है कि यह ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने की बात करता है। वह इस तरह से कि गत पांच वर्षों में जहां-जहां पर भी बिना किसी मुआवजे के, बिना किसी सुनवाई के अधिग्रहण हुआ, उनका बिल के प्रारूपों के अंतर्गत निपटारा होगा।

एक और मामले में यह ऐतिहासिक है कि इसमें केवल भूमि स्वामियों के हित की बात नहीं है। भूमि पर आश्रित उन तमाम भूमि पुत्रों का ध्यान रखा गया है, जिनकी आजीविका उस भूमि से जुड़ी हुई थी। वह चाहे बटाईदार के रूप में हो, चाहे खेतीहर मजदूर के रूप में हो, चाहे वहां पर काम करने वाले कारीगरों के रूप में हो या मछुआरों के रूप में रहे हों, जहां पर कि पाँड है, तो ऐसी स्थिति में यह केवल और केवल भूमि स्वामियों को नहीं, बल्कि भूमि पुत्रों को भी लाभान्वित करने, सशक्त करने का प्रावधान इस बिल में किया गया है।

इस बिल की एक और खासियत यह है कि आदिवासी अंचल में अनुसूची पांच और छः के अंतर्गत आरक्षित इलाकों में जहां पर एक्सटेंशन आफ पंचायत इन शिड्यूल्ड एरिया का कानून लागू होता है, 'पेसा' के अंतर्गत और ग्राम सभाओं की मर्जी के बगैर किसी तरह की भी भूमि अधिग्रहण का मसौदा पूरा नहीं हो सकता। इसे सुनिश्चित इस बिल के माध्यम से किया गया है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदया, यूपीए की सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि किसानों के हित में जिस सरकार ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का ऐतिहासिक फैसला किया, हरित क्रांति का ऐतिहासिक फैसला किया, न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का ऐतिहासिक फैसला किया, उसी ने एक बार फिर साबित किया कि भूमि पुत्रों की मर्जी के बगैर अगर पीपीपी मोड की बात है तो 70 फीसदी और निजी उद्योगों को सार्वजनिक उपक्रमों को लगाने के लिए 80 फीसदी लोगों की सहमति के बगैर किसी तरह का अधिग्रहण संभव नहीं होगा।

पहली बार ऐसा हुआ है कि न केवल भूमि के लिए कंपनसेशन दिया जाएगा, बल्कि उसके साथ-साथ अगर वहां पर फसल खड़ी हो, उस फसल के नुकसान का भी आंकलन करके उसके लिए भी प्रावधान किया जाएगा। ...(व्यवधान) जो बहुफसलीय और सिंचित भूमि की बात है वहां पर भी सीमा तय करने की बात की गयी है ताकि राज्य यह सीमा तय कर सकें कि कहीं पर भी बहुफसलीय और सिंचित जमीन पर किसी तरह से अधिग्रहण के विषय में सोचने से पहले राज्य की सरकार उसकी सीमा तय कर सके।

महोदया, मैं यहां पर यह भी जोड़ना चाहती हूं कि पिछले कानून के अंतर्गत सर्कल रेट के आधार पर मुआवजे का आंकलन होता रहा है वह बहुत गैर-वाजिब तरीका

हो सकता है और आज जो तय हुआ है कि मुआवजे की रकम बाजार मूल्य की गणना करके दोनों में से जो ऊंचा हो, यानी बिक्री विलेखों के पंजीकरण के भारतीय स्टेम्प अधिनियम 1899 में दिये भूमि के मूल्य या आस-पास की भूमि के पिछले तीन वर्षों के बिक्री विलेखों के शीर्ष 50 फीसदी का औसत जो कुछ भी ऊंचा होगा, वह दिये जाने का फैसला इस बिल के माध्यम से किया गया।

महोदया, इस बिल के माध्यम से यह भी प्रयास हुआ कि जो प्रभावित किसान परिवार हैं उन्हें रोजगार मिल सके अथवा एक-मुश्त 5 लाख रुपये की राशि उनको मिल सके, अथवा दो हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 20 साल तक उनको प्रावधान मिल सके, इसे भी इस बिल के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है।

यह भी सुनिश्चित किया गया है कि अगर विस्थापन होता है तो ट्रांसपोर्ट और उनकी आवाजाही के लिए और विस्थापन के लिए 50 हजार रुपये उन्हें अलग से दिये जाएं। महोदया, इसमें यह भी तय किया गया है कि यदि भूमि किसी तीसरे पक्ष को दी जाती है और वह विकसित होती है तो उसका 40 फीसदी शेयर का हिस्सा उन्हें दिया जाए, यह तय हुआ है। जो आश्रित परिवार तीन साल पूर्व से वहां पर रह रहे थे उन्हें भी प्रभावितों की श्रेणी में शामिल किया गया है और उन्हें तथा आश्रित परिवारों को एक साल तक 3000 रुपये प्रतिमाह देने का भी फैसला इस बिल के अंतर्गत हुआ है। इस बिल के अंतर्गत आदिवासी अंचल में जो विकास की योजना बनानी है, उसे बनाने के लिए विशेषतौर पर प्रावधान रखा गया है ताकि लोगों को शामिल किये बगैर विकास की योजना न बन सके।

इसमें यह भी तय किया गया है कि अगर जिले से बाहर विस्थापन होगा तो 25 फीसदी या 50000 रुपये की राशि मदद के तौर पर दी जाए। उनके सामुदायिक अधिकार जिन्हें सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है उसे भी सुनिश्चित करने का प्रावधान है। जो गैर-वन भूमि है उसमें उनके पास वैकल्पिक ईधन की व्यवस्था हो, वन-उपज की व्यवस्था हो, फोडर की व्यवस्था हो, इसे भी सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ है।

जो अनुसूचित जाति, जनजाति के हैं अगर उनकी जमीन का अधिग्रहण होता है तो उतनी ही जमीन या ढाई गुना जो कुछ भी कम हो वह उन्हें बदले में देने तथा ऐसे आश्रित परिवार को एक वर्ष तक प्रतिमाह 3000 रुपये या 50000 रुपये एकमुश्त देने का प्रावधान रखा गया है।

यह पहला ऐसा ऐतिहासिक प्रयास है जिसमें कि न केवल अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने का प्रयास हुआ है और उसे एक अधिकार के रूप में देखा गया है बल्कि पुनर्वसन और पुनर्स्थापन को एक अधिकार के रूप में पहचाना गया है। मुझसे पहले बोलने वाले माननीय राजनाथ सिंह जी से मैं इस बात पर सहमत हूं कि जब बड़े व्यापक पैमाने पर विस्थापन होता है तो उसका दर्द पूरा परिवार सहन करता है और जैसा उन्होंने कहा कि भूमि हमारे लिए केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं है, केवल एक ज्योग्रॉफी नहीं है, उससे हमारी संस्कृति और लोक जीवन जुड़ा हुआ है। इसीलिए जब नियमगिरी के आदिवासी भाई अपने अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं तो हमारी पार्टी के नेता आदरणीय राहुल जी उनके बीच में जाते हैं और जब भट्टा परसौल के किसान आंदोलन करते हैं, तब भी वे उनकी सुनवाई करते हैं। यह बिलकुल सही बात है कि नियमगिरी के आदिवासियों की लड़ाई लड़ना या फिर उन सभी लोगों की लड़ाई लड़ना जो कहीं न कहीं अपनी आवाज को पहुंचा नहीं सकते, वह जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है। मैं मानती हूं कि यह बिल पारित होना चाहिए। यह बिल न केवल किसान के हित में है, बल्कि उन सभी लोगों के हित में है जो न केवल भूमि स्वामी के तौर पर जमीन के मालिक हैं, बल्कि भूमि पर आश्रित और अपनी आजीविका के लिए उस पर निर्भर करते हैं। उनके भी हितों का ध्यान इस बिल के माध्यम से रखा गया है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को कहना चाहती हूं कि आप यह बिल ले कर आए हैं, लेकिन व्यापक पैमाने पर देश भर में लैंड रिकार्ड्स की दुरुस्ती और भूमि सुधार के मामलों में ग्रामीण विकास मंत्रालय को अन्य सभी राज्य सरकारों के साथ मिल कर निश्चित तौर पर प्रयास करने की जरूरत है। राजस्व की जमीन और वन की जमीन, दोनों के बीच में इतना ज्यादा घालमेल है कि जब तक इन दोनों के बीच का उन्मूलन नहीं होता और रिकार्ड्स का दुरुस्तीकरण नहीं होता, तब तक हम किसी भी तरह से पूरा न्याय नहीं कर पाएंगे।

14.56 hrs (Shri Jagdambika Pal *in the Chair)*

यह भी सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि जितने भी आदिवासी अंचल है, वहां पेसा का कानून तो बन गया, लेकिन आज भी नियम नहीं बन पाए हैं। बहुत से राज्यों ने नियम नहीं बनाए हैं। ऐसे में जबकि पेसा कानून के माध्यम से ही सुनवाई होनी है, तब हम उसे किस तरह से नियमित करेंगे, इस विषय में मैं महसूस करती हूं कि ग्रामीण विकास मंत्री को और आदिवासी मामलों के मंत्री जी को निश्चित तौर पर सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। इसके साथ-साथ मैं इस अभूतपूर्व प्रयास के लिए माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी को लाखों-लाख किसानों और भूमिहीन लेकिन भूमि पर आश्रित लोगों की सुनवाई करने के लिए और उन्हें विकास में भागीदार बनाने के लिए मैं एक बार फिर उनका स्वागत करती हूं और धन्यवाद करती हूं कि आपने यह ऐतिहासिक कदम उठाया और आपने यह बिल प्रस्तुत किया।

मैं आपका इस अवसर पर बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): सभापति महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। भूमि अधिग्रहण के संबंध में मैं अपनी बात कहना चाहता हूं कि किसानों की भूमि का अधिग्रहण करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि लाखों एकड़ ऊसर और बंजर जमीन पड़ी है। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मैंने यह कार्य करके दिखाया है, हमें जब जमीन की आवश्यकता पड़ी, आपको पता है आप उन दिनों सदन में थे, हमने हरदोई में ऊसर-बंजर जमीन का अधिग्रहण किया था। कानपुर में ऊसर-बंजर जमीन पड़ी थी, उसका अधिग्रहण किया था । इटावा में बीहड़ तुड़वा दिया और उस बीहड़ की जमीन का हमने अधिग्रहण किया। यह विचित्र मानसिकता वाले लोग हैं कि जब जमीन देखने जाते हैं तो किसान की उपजाऊ जमीन पर अंगुली रखते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि आज देश की स्थिति क्या है? 3 फीसदी जमीन प्रति वर्ष कम हो रही है। कॉलेज बन रहे हैं, मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, सड़कें बन रही हैं और तमाम काम हो रहे हैं। जनसंख्या बढ़ रही है और जमीन घट रही है जमीन घटने पर पैदावार घटेगी तो मंत्री जी आपने इसका विकल्प क्या सोचा है? तीन फीसदी जमीन हिन्दुस्तान में प्रति वर्ष कम हो रही है। आप पता लगाइए। मेरे आंकड़े गलत नहीं हैं। हमने पता लगाया है कि तीन फीसदी जमीन हिन्दुस्तान में प्रति वर्ष कम हो रही है। आप जब जमीन अधिग्रहण करते हैं तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जमीन अधिग्रहण कीजिए आगरा से लेकर बांदा तक का जो बीहड़ पड़ा है, ऊसर-बंजर जमीन हर जिले में पड़ी है। उस जमीन को क्यों नहीं अधिग्रहित करते हैं? जहां खेती-बाड़ी होती है, पैदावार होती है, उसी जमीन पर आप क्यों निशाना लगाते हैं? मैं आपको सलाह दे रहा हूं, आपको सोचना चाहिए कि खेती के अलावा किसान के पास क्या है। अगर आपके पास कुछ है तो जवाब में बता दीजिए। किसान के पास खेती के अलावा क्या है? क्या आपको इसके बारे में व्यावहारिक जानकारी है? आप जानते हैं कि जिसके पास जमीन नहीं होगी उसके लड़के की शादी नहीं होगी।

15.00hrs

सभापति महोदय : सही है।

श्री मुलायम सिंह यादव : क्या आपको यह अनुभव हैं? यहां बहुत से लोगों को अनुभव होगा। राजनाथ सिंह जी, क्या आपको अनुभव है कि अगर गांव में किसी के पास खेती नहीं होती है तो उसके लड़के की शादी नहीं होती हैं? अध्यक्ष जी, व्यावहारिक जीवन की बातों को भी सोचना होगा। मेरी साफ राय है कि किसान की जमीन छूने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है, उसका विकल्प है, बंजर-बीहड़ जमीन का अधिग्रहण कीजिए उस पर कारखाने लगवाइए। हम आपको लाखों एकड़ जमीन बताएंगे, आगरा, एटा से औरैया तक चले जाइए, कानपुर तक चले जाइए, नोएडा चले जाइए। सभी जगह बंजर जमीन पड़ी है।

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति जी बोलना चाहिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : अगर अध्यक्ष जी बोल देंगे तो क्या बुरा है।

सभापति महोदय : कृपया बीच में व्यवधान न करें।

श्री मुलायम सिंह यादव : अधिकारियों से सावधान हो जाना। आपको तो अनुभव है। आप स्वयं इस मामले को देखना, अधिकारियों पर मत छोड़ देना। अगर अधिकारियों पर छोड़ दिया तो जहां बढ़िया जमीन दिखी वहां निशाना लगा देंगे।

दूसरी बात किसानों की जमीन के अधिग्रहण के बारे में है। जहां परती जमीन है, और वह खेती योग्य है। यूपी सरकार ने परती भूमि पर इफेक्ट किया है, भूमि सेना गठित की है। आपको भूमि सेना गठित करनी होगी। इससे दो काम होंगे, बंजर-बीहड़ जमीन खेती लायक होगी और लोगों को रोजगार मिलेगा, बेरोजगार मजदूरों को काम मिलेगा। आप रिपोर्ट मंगा लीजिए यह हमने किया था, जो भूमिहीन थे उन्होंने खेती लायक जमीन बनाई, मैंने कहा कि जो जमीन खेती लायक बना देगा उसी के नाम कर देंगे। उन्होंने मन से काम किया और हमने जमीन उन्हीं को दी। आपको पता है कि जमीन उन्हीं को दे दी। आप भी इसी तरह से काम कीजिए। इससे जमीन खेती लायक बढ़ेगी, लोग मन से काम करेंगे, आपको समर्थन मिलेगा और सरकार की तारीफ होगी। यह बिल तो पूरी तरह से किसानों को बर्बाद करने के लिए है। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर बंजर-बीहड़ जमीन नहीं है और जरूरत है तो भी वह किसान की राय से जमीन लें। किसान की राय ही लेनी चाहिए जबकि सब लोग किसान को जमीन का मालिक नहीं मानते हैं। सब लोग अपनी संपत्ति बेचते हैं, उनसे बात होती है तो वे जितना रुपया मांगते हैं उचित दाम होता है तो वह जमीन दे देते हैं। इसी तरह किसान की जरूरत देखनी चाहिए और किसान से सीधी बात करनी चाहिए कि वह कितना रुपया मांग रहा है। अभी हमने एक हफ्ते पहले सैफई में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन ली है, 75,00,000 रुपए प्रति एकड़। उन्होंने मांग की कि 75,00,000 रुपए एक एकड़ के लेंगे। अगर वह एक करोड़ मांगते तो हम एक करोड़ दे देते। मैं जानता था कि उनके पास कुछ बचेगा नहीं, हमने दे दिया लेकिन आप कितना देंगे? अगर जरूरत पड़े तो जमीन लेना नहीं तो जमीन घटी तो पैदावार घटेगी, अन्न घटेगा। जनसंख्या तो बढ़ेगी, यह भी संकट देश के सामने है। आप को इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए।

श्री शरद यादव : जनसंख्या घटाने का कोई कानून तो लाएं।

श्री मुलायम सिंह यादव : जनसंख्या का कानून तो है लेकिन कौन मान रहा है? आपसे कहा था, अगर कोई दो बच्चों से ज्यादा पैदा करेंगे तो नौकरी नहीं दी जाएगी। अपने आप ठीक हो जाएगा। हमने किया था। पहले जिनके बच्चे हो चुके हैं उनके तो हो चुके हैं।

सभापति महोदय: आप पीठ से कहेंगे, ऐसे माननीय मुलायम सिंह यादव जी को नहीं कहेंगे कि आप बैठ जाइये, उनको सम्बोधित करना है तो कृपया आप चेयर को कहिये।

श्री शरद यादव : हमें पता नहीं था...(<u>व्यवधान</u>)

सभापति महोदय : आप सदन के सम्मानित नेता हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : सीनियर मैम्बर हैं, कह लेने दीजिए।...(<u>व्यवधान</u>)

सभापति महोदय : श्री शरद यादव जी, आप बोलिये।

श्री शरद यादव : हम भी इन्हें देखकर खुश हुए।

सभापति महोदय : धन्यवाद।

श्री शरद यादव : हमें मालूम नहीं था कि तस्वीर कब बदल गई। हम तो इनकी बात को ध्यान से सुन रहे थे। सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि आप कितने भी कानून बना लीजिए, इस देश में जब तक कड़ाई से आबादी के ऊपर कोई कड़ा कानून नहीं बनायेंगे तो इस देश का आने वाला भविष्य बहुत अंधकार में होगा। हम नदी खा गये, नाले खा गये। मैं मुलायम सिंह जी से कहूंगा कि इसके साथ यह भी कहा जाए कि छोटी-छोटी जमीन हो गई, टुकड़े-टुकड़े हो गई...(<u>व्यवधान</u>) इसलिए जो आबादी है, इस आबादी के लिए सभापति जी पूरा एक सत्र ही बिताना चाहिए।

सभापति महोदय : ठीक है। धन्यवाद, आपका सुझाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय माननीय मुलायम सिंह जी का चल रहा है। आपने जो समय लिया, वह माननीय मुलायम सिंह जी के समय में से लिया है।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं आपसे कह रहा था कि किसान की सहमति के बिना जमीन का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। किसान उसका मालिक है, हर मालिक अपनी सम्पत्ति को अपने आप बेचता है, भाव तय करता है। जहां तक मैंने आपको राय दी है और आपको अब भी राय दे रहा हूं, बहुत बड़ा कल्याण हो जायेगा। आगरा से लेकर बांदा तक का बीहड़ तुड़वा दीजिए, उसमें कारखाने लगा दीजिए, इससे देश का बहुत बड़ा कल्याण हो जायेगा। आप डकैतों से बच जायेंगे और सब बातों से बच जायेगें और लाखों एकड़ जमीन बच जायेगी। उससे किसानों का बहुत भला हो जाएगा और बीहड़ जमीन का उपयोग भी ।

श्री शरद यादव: बहुत उपजाऊ जमीन है।

श्री मुलायम सिंह यादव : वह उपजाऊ जमीन है, जहां हमने अपने इलाके में बीहड़ को ठीक कराया है, वहां सबसे अच्छी पैदावार हो रही है। मैं आपके सामने कह रहा हूं कि सरकार ऐसा करके दिखाये। मैं वह बात दोहराना नहीं चाहता कि जो परती जमीन पड़ी है, खाली जमीन पड़ी है, उसमें आप कल-कारखाने लगाइये। लेकिन

हमने आपको यह बता दिया है कि जहां असली उर्वरा जमीन है, उपजाऊ जमीन है, उसका अधिग्रहण मत कीजिए।

श्री शरद यादव : आपके इलाके में कितनी जमीनें बेकार पड़ी हुई है।

श्री मुलायम सिंह यादव : हां बेकार पड़ी है, वही मैं कह रहा हूं कि मेरे इलाके में काफी जमीन बेकार पड़ी है।

सभापति महोदय : माननीय मुलायम सिंह जी को मालूम है।

As I have mentioned earlier as well, people sell land to each other at underreported price to save stamp duty so that they can save some amount. It is a common feeling among the people that the Bill will not provide for an accurate adjustment whenever a transaction takes place because market value is based on recent reported transactions. To address this grievance of the people, the Bill stipulates that the Government should, as a compensatory measure provide a job to one person in each affected family. The Bill also endeavours to provide additional allowances and other benefits to SCs/STs.

I believe, the Parliament should have jurisdiction to impose rehabilitation and resettlement requirements on private purchase of agricultural land. Public Sector Undertakings, for which Government acquires land, should also be made liable to handle the responsibility or rehabilitation. They should share the burden along with the Government .

I suggest that the Government should take the consent of at least 90 per cent of project affected people. I also feel that irrigated land should be exempted from acquisition and only non-irrigated land should be acquired for projects or PSUs.

To further enhance transparency and weed out corruption, every land acquisition should be monitored by a 3rd party evaluation instead of Social Impact Assessment (SIA) report before arriving at any conclusion.

I would state that the proposed Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011 is necessary for a country like ours where land records have either been non-existent or the existing one's ambiguous.

Here, I would also like to stress upon the urgent need to establish land banks across the country in coordination with State Governments. The land banks should be prepared and computerized and inter-connected so that a person sitting in Delhi or even abroad can access land data of any place in the country at the click of a mouse.

I wholeheartedly support this Bill.

***श्री सोहन पोटाई (कांकेर):** भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन विधेयक 2011 अंग्रेजों ने 1894 भूअर्जन नियम बनाया था । उसमें संशोधन विधेयक शीर्षक से " दूर के ढोल सुहाने जैसे है " लेकिन प्रैक्टिकल में वह नहीं दिखता । बिल को देखने पर शहरी क्षेत्रों महानगरों के देख कर लाया गया है ।

ग्रामीण क्षेत्र जहां कृषक है जो देश के लोगों को भोजन प्रदान करते हैं जहां एक और सरकार जरूरतमंद को काम, भूखे को भोजन की बात करते है । लेकिन भूमि अधिग्रहण कर किसानां को बेकार, एवं कृषि मजदूर को बेकारी बढ़ाने का प्रयास है । देश में लगभग 14 औ बंजर भूमि है उसे पूर्ण रूप से विकसित कर उस क्षेत्रों में औद्योगिक स्थापित कया जाए । जिससे कृषि जमीन को बहुत अधिक अधिग्रहण करने की आवश्यकता न पड़े । अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े जातियों का

अधिकारों का ध्यान होना था। जहां अनुसूचित जनजाति क्षेत्र जहां 5वीं, 6वीं एवं पेशा कानून का पालन करते अधिग्रहण हो चूंकि 5वीं,6वीं एवं पेशा कानून का उल्लंघन होते आ रहा है।

कही ऐसा न हो कि इस संशोधन के बाद औन न बड़े इसके लिए उक्त उपबंधों का संरक्षण हो तथा पालन नहीं होने पर कठोर कार्यवाही हो।

किसान के पास यदि जीविकापार्जन के 2 हेक्टेयर या कम है तो ऐसे किसानों को मुआवजा के साथ जमीन के बदले जमीन पूर्व विकसित कर जीविका उपार्जन के लिए व्यवस्था हो।

अधिग्रहण के बदले लीज व पट्टे पर देने की व्यवस्था हो या अधिग्रहण भूमि जिस उद्देश्य से हुआ उससे अलग कार्य के लिए उपयोग होता है तो रह कर पूर्व भूस्वामी को लौटा दिए जाने की व्यवस्था होना चाहिए।

क्षेत्र विशेष को अधिग्रहण होने के पूर्व उस क्षेत्र को पहले औद्योगिक, या अन्य क्षेत्र घोषित न हो चूंकि पहले घोषित होने से जमीन दलाल पहले खरीद फरोख्त कर भू-स्वामी से अधिक लाभ अर्जन न ले पावे इसका भी इस विधेयक में व्यवस्था होनी चाहिए।

जिला कलेक्टर को पावर देना तर्क संगत नहीं लगता तीन वर्ष में निर्णय ले लेने का। इससे भू स्वामी को अपने हित में पक्ष न्यायालय तक जाने का भी अधिकार हो।

मेरे सुझाव को इस विधेयक में शामिल किया जावें।

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Madam Chairperson, I am very grateful to you for giving me this opportunity to speak. You are not only chairing this House but you are also the Chairman of the Standing Committee. All the reports of your Standing Committee are very much encouraging and I fully endorse all the reports that have been prepared by your Standing Committee.

Madam, at the very outset, I must welcome this Bill and particularly I congratulate the Minister who is very energetic and dynamic. He has tried his level best but I would mention one thing. On the one side, when we are discussing the Land Acquisition (Rehabilitation and Resettlement) Bill in the Parliament House, on the other side, across the country, the land acquisition process is going on and it is not being stopped. So, these two things are going on. During Special Mention in this Parliament, I said several times that as this is the matter under discussion, let the State Government be requested to stop all the land acquisition processes right now. But still it is going on and it is quite unfortunate.

I am just going to touch the points. I would not make a long speech. Please allow me to complete all the points. Firstly, it should have a retrospective effect. The retrospective effect does not mean where the land has not been acquired or the compensation has not yet been awarded. My point is that the people who are agitating across the country in lakhs and lakhs of numbers, they will be deprived of if you do not give it a retrospective effect since 1990s. So, you think over it.

Secondly, my proposal is that the Government should set up a Price Commission. You are assessing the compensation based on the value of the land. How is the value of land determined? There are two systems for that. Number one is market value, but it is known to everybody that in the deed itself, it is undervalued. Secondly, as regards the Indian Stamp Act, it was also enacted under the British rule. It was enacted in 1899. As we are going to replace the Land Acquisition Act, 1894, we should also replace the Act which was enacted in 1899, namely, the Indian Stamp Act. Still you are working according to that Act. So, my proposal is that, let the Government come out with a proposal for setting up a Price Commission at the State level and the district level. I am thankful to the Standing Committee as it also recommended it but the Government did not agree to it.

Thirdly, as regards Fourth Schedule, there are 18 Acts in it but the Acts are not the same in regard to land acquisition. If you see the States' Acts, the Act of West Bengal, it is offering a solatium of 30 per cent. In Railways, the solatium is 60 per cent and as per the proposal in this Bill, the solatium is 100 per cent but in case of national highways, there is no solatium. Around 80 per cent of land acquisition is governed by other Acts and not by the Land Acquisition Act. So uniformity should be there. All the Acts which have been mentioned in the Fourth

Madam, the next point that I would like to make is that provisions should be clearly made about the unused land. If for any purpose land has been acquired and it remains idle, then that should be returned to the original farmer. To this extent, there was an assurance given by the hon. Minister himself in this House. He now should not deviate from that assurance. It will help a lot of farmers.

Madam, I do not agree with the proposal of 80-20 consent in relation to acquisition of land. Many hon. Members of this

august House have talked about article 300(a) of the Constitution. It is the Fundamental Right of every citizen to have his or her consent and how the Government is proposing to go in for acquiring land based on the consent of 80 per cent? It should be 100 per cent for acquisition of land. There is also another point with regard to 80-20 or 70-30 consent in case of PPP cases. What will be the fate of the farmers in that case? In case of 80 per cent procurement or purchase of land by an investor, a farmer will get only the value of the land but when 20 per cent is being offered by State Governments in that case a farmer will get the value of the land, compensation, solatium, rehabilitation and resettlement and all those things. Why is such discrimination being made? But that does not mean an investor should be allowed to acquire land limitlessly, without any ceiling from the farmers. There should be a ceiling on it. The Land Ceiling Act should not be deleted. If an investor needs more land, then he should approach the Government and the Government should examine it and then give a special ceiling for acquiring land. That condition should be imposed. There cannot be any differentiation between land being acquired by Government and procurement of land by private investors or private entrepreneurs.

Madam, I completely agree with the recommendations made by the Standing Committee on Rural Development, particularly the recommendation which says that public purpose should not mean private purpose. The old Act of 1894 is a draconian British law but even now the, according to the provisions of the Bill, Government is moving away from the spirit of public purpose to that of private purpose. That should be deleted. Government should be a facilitator in case of industrialisation and not an agent of the industrialists. The Government should not be the agent of the investors. Why should the Government come in the way? Special ceiling can be offered to the investors with a condition in this matter.

Madam, I do agree with the hon. Members who have suggested that a Land Conservation Act should be enacted just as it is there in case of Forests. The same kind of an enactment should be made for agricultural land also. I am not going into the details of it. Thousands and thousands of acres of agricultural land has been encroached upon. This should be taken care of.

I would like to congratulate the hon. Minister for his assurance in this House for agreeing to the proposals of the hon. Members in regard to the SEZ. I am sure he will think over it. Moreover, land use map is very much necessary and it should serve as a guideline to all the States. The last point that I would like to make is that hon. Minister, though this subject does not come under the purview of this Bill, is very much interested in land reforms.

More than 50,000 farmers started route march from Porbandar to Gwalior and he gave the assurances. Even today thousands of farmers are organising movements to occupy the excess land in Bihar. I congratulate those who are organising these movements, particularly those in the Begusarai area. ...(*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : Shri Panda, thank you. Now, Shri S.D. Shariq to speak.

SHRI PRABODH PANDA : Only giving assurances is not sufficient. You should do something. Otherwise, it would be anti-farmer. ...(*Interruptions*) Madam, this is my last sentence.

This Bill is welcome only if it is comprehensive. It should be ideal. It should be mainly for the interest of the farmers. Seventy per cent of our population is engaged in agriculture. By depriving agriculturists and farmers, you cannot put forth any comprehensive legislation. ...(*Interruptions*)

The hon. Minister himself has assured me that he has kindly gone through all my amendments. I congratulate the hon. Minister. If the hon. Minister gives an assurance to consider most of them, then I will be thankful to him.

With these words, I conclude.

श्री शरीफुद्दीन शारिक (बारामुला): मैडम, आपका बहुत शुक्रिया। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि जमीन किसान की रीढ़ की हड्डी ही नहीं, बल्कि हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है। इस पर जितना कम बोझ डाला जाए, उतना देश के लिए और देश के लोगों के लिए बेहतर है। जमीन हासिल करना जरूरी है गवर्नमेंट के लिए, क्योंकि आसमान पर चीजें नहीं बनेंगी, हवा में नहीं बनेंगी, जो कुछ भी बनेगा जमीन पर ही बनेगा। सड़क हो, इंडस्ट्री हो, तामीर हो, तरक्की हो, बिल्डिंग हो, होटल हो, अन्य कोई भी चीज हो, उसे जमीन पर ही बनना है। लिहाजा एक्विजीशन लाजिमी है मुल्क की तरक्की के लिए। लेकिन इस बारे में मेरी गुजारिश यह होगी कि जब आप जमीन हासिल करते हैं तो आप एक किसान की जान लेते हैं। उसका सारा गुजारा उस पर है, सारी उसकी जिंदगी का दारोमदार आईंदा नस्लों पर भी है, तो कामपन्सैशन मुकर्रर करते वक्त जो चार गुना आपने कहा है, इसको आईंदा तीस साल का कैलकुलेशन करना चाहिए। आईंदा 30वें साल के बाद क्या कीमत होगी, उसका ख्याल रखना होगा। वह हमेशा के लिए उससे छिन जाती है, इस बात का ख्याल रखना चाहिए क्योंकि यही उसकी पूंजी है और यही सब कुछ उसका है। उसका मुआवजा देने के लिए इस बात को ठीक तरह से देखना चाहिए कि इसका मुआवजा आईंदा तीस साल, पचास साल तक कैलकुलेट होना चाहिए। अगर मुमकिन हो, नॉन टेक्निकल काम जो बाद में हों, वह उसी खानदान के लोगों से कराया जाए, ताकि वे कुछ रोजी-रोटी उससे कमा सकें। उसी खानदान के बच्चों को, जिससे यह जमीन ली जाती है, उनको यकीनी रोजगार देना चाहिए। इस सिलसिले में मैं एक गुजारिश करूंगा कि हमारी रेलवे लाइन जो कश्मीर में आयी, रेलवे डिपार्टमेंट ने एक जमीन का मुआवजा भी दे दिया और हर खानदान को जो मुतास्सिर हुआ, उनके बच्चों को एक घर से एक को नौकरी दे दी।

इसी तरह जिनके पास कम जमीन होगी, यह देखा जाए कि उनसे जमीन न ली जाये, बल्कि उसके मुकाबले में उन लोगों से जमीन ली जाये, जिनके पास खातिर ख्वाह जमीन है। अगर जबरदस्त हालात ऐसे पड़ें कि कम जमीन वाले से भी जमीन ली जाये तो फिर सरकार किसी दूसरी जगह, जहां बैरन लैंड हो, उसे मुआवजे में जमीन दे दे ताकि वह उसे आबाद कर सके। दूसरी बात यह है कि मुआवजा देने में सालों लग जाते हैं और उन बेचारों को सालों-साल दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। लिहाजा एक्विजीशन का फैसला होने के बाद, जमीन का कब्जा लेने से पहले उसे मुआवजा अदा किया जाना चाहिए। पहले उसे मुआवजा देना चाहिए और फिर उसकी जमीन लेनी चाहिए और ऐसी जमीन को एक्वायर करने के लिए तरजीह देनी चाहिए जो कम से कम नाकारा हो, जिसमें पैदावारी, सलाहियत कम हो और जिसमें इरीगेशन फैसेलिटीज कम हो, पैदावारी, सलाहियत कम हो। दूसरी मेरी छोटी सी एक और गुजारिश है कि जमीन लेते वक्त कोलोनीअल जमाने में दबदबा होता था, लोग पुलिस लेकर आते थे और डरा-धमकाकर जमीन लेते थे। इसमें इंतेहाई प्यार, मुहब्बत से उन लोगों को समझाना चाहिए। उनको इसकी इफ़ादियत से आगाह करना चाहिए। सरकारी दबदबा और कानून का खौफ़-व-हरास इसमें नहीं होना चाहिए। जिन रियासतों में ज़रई ज़मीनें बहुत कम हैं, वहाँ खुसूसी तौर ज़्यादा मुआवज़े की ज़रूरत है। पैसा देते वक्त रुपये की सेहत का भी ख्याल रखना चाहिए क्योंकि हमारा रुपया अब बिल्कुल नाकारा हो गया है, इस चीज़ का भी ख्याल रखना चाहिए।

ज़मीन की पैदावारी सलाहियत को उसकी जगह की मुनासिबत को, उसके फाइनैंशियल वैल्यू को और इलाकायी हालत को मद्देनज़र रखकर ही ज़मीन ली जाए और मुआवज़ा उसी हिसाब से हो। किसी जगह की ज़मीन ज़्यादा कीमती है, किसी जगह की ज़मीन उतनी कीमती नहीं है। मुआवज़ा तआय्युन करके मुकर्रर करने के वक्त इन बातों का ख्याल रहना चाहिए और उसके लिए गवर्नमैंट ऑफ इंडिया से बाकायदा रियासतों को भी हिदायत देनी चाहिए। ज़रई मज़दूर जिनकी अपनी ज़मीन नहीं है, वे आपकी ज़मीन पर मज़दूरी करते हैं, लेकिन आपकी ज़मीन चली गई तो वह ज़रई मज़दूर बेकार हो जाता है। उसके रोज़गार का भी कुछ न कुछ खयाल रखना चाहिए। साथ ही में, जहाँ ग्रेज़िंग लैन्ड्ज़ हैं, काश्त-चराई की ज़मीन है, अगर वह ज़मीन हम अक्वायर कर लें तो उससे किसान के माल-मवेशी खराब हो जाते हैं, दूध की पैदावार कम हो जाएगी, ऊन कम बनेगी, गोश्त कम होगा और इस तरह दूसरा नुकसान होगा। इन सब बातों को पेशे-नज़र रखते हुए इन बातों का ख्याल रखना चाहिए। इन बातों के साथ मैं इस बिल की हिमायत करता हूँ।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): महोदय, इस विधेयक पर बहस को प्रारंभ करते हुए हमारे नेता माननीय राजनाथ सिंह जी ने जिन बिन्दुओं को उठाया था, मैं उसका समर्थन करता हूँ और सरकार से मांग करता हूँ कि उन पर गंभीरतापूर्वक विचार करे और उन पर संशोधन करे। जिन खंडों - धारा 9, धारा 10 और धारा 16(3) के संबंध में उन्होंने कहा था कि इनका विलोप किया जाना चाहिए, मैं उसका समर्थन भी करता हूँ और मांग करता हूँ कि इन धाराओं को इस विधेयक से हटा भी दिया जाए।

सभापति जी, जैसे खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाकर इस देश के लाखों गरीबों को मुंगेरीलाल का एक हसीन सपना दिखाया गया, लेकिन उससे मिलेगा क्या या नहीं, वह तो समय बताएगा, उसी तरह का यह भूमि अधिग्रहण विधेयक है। इसमें एक हवा बनाई गई देश के अंदर, एक बात फैलाई गई देश के अंदर कि किसानों के लिए एक क्रांतिकारी अधिनियम सरकार लाने जा रही है। लेकिन यह ऐसा ही अधिनियम है कि इन तीन धाराओं के रहने के बाद पूरे अधिनियम का बंध्याकरण कर दिया गया है। इन तीनों धाराओं के कारण यह पूरा विधेयक किसी काम का नहीं रहेगा और इनके कारण किसान बिल्कुल अपने अधिकार से वंचित रह जाएँगे। इसलिए मैं चाहता हूँ कि माननीय राजनाथ सिंह जी ने जिन बातों को उठाया है, उस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

हमारे पास निरंतर कृषि योग्य भूमि का अभाव होता जा रहा है। 1984 में 13.11 करोड़ हैक्टेयर ज़मीन जहाँ हमारे पास खेती की थी, वह 2010 में 11.50 करोड़ हैक्टेयर हमारे पास रह गई। जनसंख्या बढ़ती जाए और खेती की ज़मीन घटती जाए तो फूड सिक्योरिटी लाएँगे कहाँ से, अनाज आएगा कहाँ से? कारखाने में आप उत्पादन कर सकते हैं, मशीन बना सकते हैं, सब कुछ कर सकते हैं लेकिन इंसान का पेट भरेगा रोटी से, तन पलेगा रोटी से, उसका शरीर पलेगा रोटी से, इसलिए हमारे शास्त्रों में सबसे ज्यादा रोटी पर ध्यान दिया गया है। अन्न ही ब्रह्म है, यह उपनिषद् ने संदेश दिया था, वह कहाँ से आएगा इस पर सरकार को चिन्तन करना चाहिए, सोचना चाहिए।

सभापति महोदय, जहाँ-जहाँ भूमि का अधिग्रहण होता गया है, वहाँ भूमि अधिग्रहण होने के कारण कितने किसान भूमिहीन बनकर मज़दूर बने हैं, वह आँकड़ा आपके सामने है। सन् 1951 में जहां किसान 71.9 प्रतिशत था, वह वर्ष 2001 में 54.4 प्रतिशत अर्थात् 17.5 प्रतिशत किसान कम हुआ है। दूसरी तरफ खेतिहर मजदूर वर्ष 1951 में 28.1 प्रतिशत था, वह वर्ष 2001 में 45.06 हो गया। वह 17.5 प्रतिशत ज्यादा हो गया। यह भारत सरकार का आंकड़ा सिद्ध करता है कि 17.5 प्रतिशत किसान हटा और 17.5 प्रतिशत खेतिहर मजदूर बढ़ा। किसान क्यों हटे, क्योंकि भूमि अधिग्रहण के कारण या अन्य कारण से वह खेतिहर मजदूर बन गए और खेतिहर मजदूर का मतलब है कि सीजनल काम करे और बाकी समय में शहरों में जाकर रिक्शा चलाए, ठेला चलाए, फुटपाथ पर सोऐ, महल का निर्माण करे, भूखे-नंगे सोए। इसलिए इस देश के कानून के कारण या भूमि अधिग्रहण के कारण या गलत नीति के कारण हिन्दुस्तान के किसानों को नंगा किया है, भूखा किया है, बेबस किया है और जहां वह जमीन का मालिक था, वहां उसे मजदूर बनाकर फुटपाथ पर रिक्शा चलाने के लिए खड़ा किया है। यह अन्याय इस देश में होता रहा है।

दूसरी तरफ इसका दुष्प्रभाव हमारे पशुधन पर भी पड़ा है। वर्ष 1951 में एक हजार आदमी पर 430 गो धन थे, वहां वर्ष 2007 में केवल 117 गो धन बच गए। एक हजार जनसंख्या पर 430 और बच गया 117। यह हमारे बैल-गाय कहां चले गए? इसलिए कि किसान जब मरता है, किसान जब उजड़ता है तो उसके साथ-साथ वह भी उजड़ते हैं। वर्ष 1951 में भैंस एक हजार आदमी पर 120 थी। वर्ष 2007 में वह भैंस केवल 90 बच गयी। मैं इसलिए इन आंकड़ों को रख रहा हूं कि ज्यों-ज्यों हमारे हिन्दुस्तान में भूमि अधिग्रहण हुआ या अन्य कारणों से किसान विस्थापित हो गए, गांव से उजड़ते चले गए, भागते चले गए, उसके साथ हमारी यह व्यवस्था समाप्त होती गयी। हमारा गो धन समाप्त हो गया, हमारे पशु समाप्त हो गए। एक दिन ऐसा आएगा कि हिन्दुस्तान में बच्चे कहेंगे कि दूध कहां मिलता है, तो कहेंगे कि डीएमएस के बूथ पर। वे नहीं समझेंगे कि गाय और भैंस नाम के जानवर भी हिन्दुस्तान में देसी नस्ल के थे। ऐसी स्थिति ये देश में पैदा करेंगे।

मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना है, अभी एथोरिटी बनाने की बात कही गई है, जिसे माननीय राजनाथ जी ने उठाया। अभी भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ सरकार के जरिए यह नोटीफाई किया जाता है कि एक आरबीट्रेटर होते हैं, पंचाट हर जिले में होता है। मेरी भी डेढ़ एकड़ जमीन ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर सड़क में गई। वर्ष 2006 से लेकर आज तक मैं उसका मुकदमा, मेरे जैसा आदमी जो उस विभाग का मंत्री रहा, आज तक अपने मुआवजे के लिए मुकदमा लड़ रहा है और आज तक उसका फैसला नहीं हुआ, तो हिन्दुस्तान के गरीब कहां-कहां मुकदमा लड़ेंगे, कहां-कहां जाएंगे, कहां से पैसा लाएंगे, कहां से वकील लाएंगे? "गाय बिकाए चरवाही में।" किसान को गाय चरवाहे की मजदूरी देने में बेचनी पड़ी। उसी तरह मुआवजा लेने के लिए कहां से अपनी तरफ से पैसा लगाएंगे, अगर उन्हें इतना मुकद्मा लड़ना पड़ेगा?

माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के समय यशवंत सिन्हा जी वित्त मंत्री थे। किसानों की तरफ से हम लोगों ने उन्हें जा कर कहा था, तब उन्होंने किया था कि भूमि अधिग्रहण से, उसके सूद से और अन्य स्रोतों से किसानों को जो आय होगी, उस पर इनकम टैक्स नहीं लगेगा। यह बात इनकम टैक्स कानून में है, लेकिन इसके बावजूद भी किसानों से इनकम टैक्स काटा गया। ईस्ट-वेस्ट कॉरीडोर में किसानों से सूद के इनकम टैक्स के पैसे काटे गए। बाद में कहा कि फार्म

16ए जमा करो, आयकर विभाग से तब पैसे वापिस होंगे। कितने ही किसानों के पैसे आज तक लम्बित हैं। इसलिए मैं उनकी यह दर्दनाक कहानी आपको सुना रहा हूं। अगर एथोरिटी बनानी है तो हर जिले में एथोरिटी बनाइए। किसान को उसकी सुविधा दीजिए।

आप खेती लायक जमीन पर उद्योग क्यों लगाते हैं, बंजर भूमि पर उद्योग क्यों नहीं लगाते हैं? अगर बंजर भूमि पर उद्योग लगाने हैं तो छत्तीसगढ़ चले जाइए, उड़ीसा में चले जाइए, आंध्र के उस इलाके में चले जाइए, जहां जमीन बंजर है, पत्थरीली है, कंकरीली है, वहां जाकर उद्योग क्यों नहीं खड़ा करते हैं। अगर वहां उद्योग खड़ा करेंगे तो वहां बिजली जाएगी, वहां सड़क जाएगी, वहां वाटर सप्लाई होगा, वहां क्वार्टर बनेंगे, वहां का विकास होगा। वहां गरीबों के हाथ में रोजगार मिलेगा। लेकिन मैं जानता हूं कि आप ऐसा नहीं करेंगे। इसलिए "का दुख जाने दुखिया, का दुख जाने दुखिया माए, जा के पैर न फटे बिवाई सो का जाने पीड़ पराई।" मैं उस किसान, गरीब के घर में पैदा हुआ हूं। इसीलिए उसकी पीड़ा, उसकी वेदना मुझे सताती है। लेकिन, इसमें दो दृष्टि है। एक औद्योगिक घराने वाली हैं, व्यावसायिक घराने वाली हैं, एस.ई.जेड. वाली हैं। वे सोचते हैं कि जमीन का अधिग्रहण नहीं होगा तो कारखाना कहां लगेगा, उद्योग कहां लगेगा, व्यवसाय कहां लगेगा? शहरों के आस-पास वह बनाया जाता है।

सभापति महोदया, इस हिन्दुस्तान में हमारे बिहार के अन्दर जब गांधी जी के मोतिहारी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने की बात हुई तो वह नहीं बनी क्योंकि प्रोफेसर लोगों ने कहा कि वहां हवाई अड्डा नहीं है, इसलिए मुझे जाने में कठिनाई होगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी वहां बनाओ जहां हवाई अड्डा हो अर्थात् सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के मन के अनुकूल स्थान पर उस सेंट्रल यूनिवर्सिटी को बनाया जाए। क्या कोई यूनिवर्सिटी रिमोट क्षेत्र में नहीं बन सकता है? क्या वह पिछड़े क्षेत्र में नहीं बन सकता था? यह मानसिकता है, यह हमारी दृष्टि है, इसलिए इस पर सोचें।

महोदया, मैं एक बात की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा। विस्थापितों को बसाने की बात, उन्हें रखने की बात करना चाहूंगा। मार्जिनल फार्मर जो ढाई एकड़ जमीन जोतने वाला है, जमीन के अधिग्रहण होने के बाद वह भूमिहीन बन जाता है। हजारों, लाखों की संख्या में ऐसे किसान भूमिहीन बन गए। आप उन्हें जमीन देंगे। आप कहेंगे कि उन्हें बसा देंगे लेकिन वह जमीन का मालिक नहीं रहेगा। वह मज़दूर बन जाएगा। कल उसके बेटे का विवाह होता है तो भूमिपति मान कर उसके दरवाज़े पर लोग आते हैं। परसों उसकी जमीन चली जाएगी तो खेतिहर मज़दूर मान कर उसके दरवाज़े पर कोई नहीं जाएगा। हिन्दुस्तान के किसानों को कंगाल बना देते हैं। उनकी जमीन लेते हैं। एयरपोर्ट बनाते हैं। रेल लाईन बनाते हैं। उस पर बस चलाते हैं, उद्योग लगाते हैं। उससे तो आय होती है न! आप सार्वजनिक हित के लिए रेल लाईन लगाते हैं। उस से पैसा कमाते हैं। रोड बनाते हैं। उस पर रोड टैक्स लेते हैं। ट्रांसपोर्ट का टैक्स लेते हैं। फिर उस पर आप अन्य साधनों से टैक्स लेते हैं। हवाई अड्डा बनाते हैं। उस पर आप पैसा कमाते हैं। जहां जिन किसानों की जमीन जाए, वहाँ उस पर लगने वाले उद्योगों से, व्यवसाय से आमदनी हो तो उसकी जमीन में जब तक वहां गाड़ी चलती रहे, व्यवसाय चलता रहे, तब तक उन किसानों को उस आय में हिस्सेदारी मिलती रहे। तब हम समझेंगे कि आप किसानों के हितैषी हैं और आप किसानों की बात सोच रहे हैं। क्या आप ऐसा करेंगे? मैं जानता हूं कि आप ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि आपका काम एक ही है। एक ही है। कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना। बात तो गरीबों की करो, बात तो किसानों की करो, लेकिन लाभ किसी और को पहुंचाओ, यह आप छोड़िए और इस पर आइए।

हमारे दूसरे साथी भी बोलने वाले हैं। मैं अंतिम तौर पर आप से प्रार्थना करूंगा कि आप इन बातों पर सोचिए। आप क्या कहते हैं? सरकार जो फैसला करती है, वह अंतिम है। खाता न बही, जो सरकार कहे, किसानों के लिए सोलह आना सही। आप उसे न न्यायालय में जाने देंगे और न कहीं अपील करने देंगे। आप उन्हें कुछ नहीं करने देंगे। क्या आप देश में तानाशाही चलाना चाहते हैं? ऐसी तानाशाही कहीं नहीं है। मेरे बगल में नेपाल है। वहां कहते हैं- "मुखेर कानून छः। " वहां के राजा जो अपने मुख से बोले, वह कानून है। उसी तरह आप कहना चाहते हैं कि सरकार जो कहे वह कानून है। सरकार का मतलब सरकारी अधिकारी, प्रशासनिक अफसर जो कभी इस देश के गांव, गरीब, किसान के हितैषी नहीं हैं, हमदर्द नहीं हैं। उनके दिलों में गांव, गरीब, किसान के लिए कोई दया नहीं है, कोई सहानुभूति नहीं है। उनके आदेश को आप किसानों पर लादेंगे। आप किसानों को अपील का अधिकार क्यों नहीं देंगे? अभी भी सोचिए। माननीय राजनाथ सिंह जी ने भी इस बात को उठाया है।

आप कहते हैं कि हम अर्जेन्सी में जमीन ले लेंगे। कलक्टर नोटिफिकेशन करेगा। तीन दिनों के अंदर हमारी जमीन छीन लेगा। क्यों? क्या उसकी कोई प्रक्रिया है? अर्जेन्सी का मतलब क्या है? किस बात के लिए आप जमीन लेंगे? उसकी कोई व्याख्या होनी चाहिए। कोई नियम होना चाहिए। यह लोकतंत्र है। यह संविधान और विधान से चलता है। यह संसद भी संविधान और विधान से चलती है। यह देश संविधान और विधान से चलता है। लेकिन आप किसान को कहते हैं कि न तेरे लिए संविधान रहेगा, न तेरे लिए विधान रहेगा, न तेरे लिए न्यायालय रहेगा, न तेरी कहीं सुनवाई होगी, तेरे लिए एक ही होगा कि जो कलक्टर करेगा, वही सही होगा और सरकार जो आदेश करेगी, वह सरकार का आदेश अंतिम होगा, तुम कहीं नहीं जा सकते हो। जिस तरह आप करना चाहते हैं, ऐसा अंग्रेजी राज में भी नहीं किया गया था। अगर कानून को बनाएं, हमारे राजनाथ सिंह जी और अन्य साथियों ने जिन बातों को उठाया है, उनको देखिए।

अंत में मैं आपसे प्रार्थना करूंगा, दो दृष्टि वाले लोग होते हैं। साम्यवाद के दर्शन के रचियता मार्क्स ने कहा था - क्लास करेक्टर और क्लास इंटरेस्ट। हिन्दुस्तान में क्लास है, एक सम्पन्न समृद्ध है। एक ऊंचे महलों में रहने वालों की क्लास है और एक निर्धन गरीबों की क्लास है। दोनों की दिशा एवं दृष्टि अलग है, दोनों की समस्या एवं चिन्तन अलग है, विचारधारा अलग है और दोनों की निष्ठा अलग है।

इसलिए मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना होगी, जब यह कानून बना रहे थे तब क्या उस समय किसी किसान प्रतिनिधि को उसमें बुलाया था, क्या कोई किसान का रिप्रजंटेटिव आया? हिन्दुस्तान के सारे किसान यूनियन वालों ने सुझाव आपके पास भेजा, आपने उसको रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। आपके अधिकारी मिल कर बैठे, हम लोगों ने और हमारे नेताओं ने जो सुझाव दिया, क्या उस पर विचार करे? आपने इस बिल को एग्रीकल्चर स्टैंडिंग कमेटी में क्यों नहीं भेजा? मैं अभी भी कहता हूं कि आप इस बिल को एग्रीकल्चर स्टैंडिंग कमेटी में भेजें, जिस पर हम विचार करेंगे, चिन्तन करेंगे। किसानों के हक एवं हित को हम कैसे सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, उस पर आपको राय देंगे। आप बिल लाए हैं, अच्छे बिल तो नहीं हैं, लेकिन बिल लाए हैं, अगर थोड़ा सा कदम उठा रहे हैं, मैं उसका स्वागत तो करूंगा, लेकिन चाहूंगा कि इस पर पुनर्विचार करिए और पूर्णता के साथ विधेयक लाइए, जिससे हिन्दुस्तान के किसानों की आत्मा, तन एवं मन को शक्ति मिले।

* **SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM) :** I support this long awaited bill on behalf of my party, but even as we support it, there are certain issues that must be pointed out. Previous speakers have already raised many important issues. I will like to emphasize some pressing issues that the Government must take into consideration.

The valuation of land in the mountain areas will necessarily have to be different from the rest of the country. In this regard there is no mention of mountain lands where there are other forms of constraints. How will the same mechanism work?

We therefore will have to bring further amendment in the rules for this.

When it comes to acquisition of land for public purpose, the most basic question that arises is: What is a just acquisition

price? As acquisition is not always a desired transaction, it is necessary to pay something more-a "solatium" for the sufferings caused therein.

The provisions of this Bill assumes, for example, rural land in Punjab and rural land in Sikkim are the same. But, in reality, Punjab and Sikkim have very different landholding sizes, very different traditions about the meaning of individual ownership of land, and radically different demand patterns. Considering the diversity within our vast country, I urge the government to consider how a uniform multiplier of two can be used to determine the solatium.

The government should also reconsider the bill's provision stipulating different consent requirements based on ownership i.e. consent by 80% of land owners if acquired for use by a private company; 70% if acquired for use by a PPP; and no consent if land is for use by government or a PSU. It is not clear why should a landowner who is about to lose his land care whether the intended use is to be executed by the government or a private company?

With these words, which may even be considered a form of caveat, I support this Bill and hope that the Hon'ble Minister will take note of the points mentioned by me.

***श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** आज आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार को यह समझ में आया है कि जो हमारी जमीन है चाहे वह कल कारखाने लगाने के लिए हो या बांध बनाने के लिए हो या खनन के लिए हो या किसी अन्य प्रयोजन के लिए हो, राज्य सरकार या केन्द्र सरकार उसको मुआवजा राशि देकर लेने का प्रयास समय-समय पर करती रही है। खासकर हमारे झारखंड प्रदेश में आज से लगभग 9 महीना पहले केन्द्र सरकार इसी प्रकार से जमीन लेने का प्रयास कर रही थी। इसका काफी विरोध हुआ। गोलियां चलीं। लोगें ने नारा दिया कि हम जान दे सकते हैं, मगर जमीन नहीं दे सकते। आखिर ऐसी परिस्थिति क्यों बनीं? इसका अर्थ यह है कि वहां की जनता को आज तक न तो सही मुआवजा राशि मिली और ना ही उन्हें रोजगार मिला, जिसके चलते उनके मन में यह शंका बनी कि हमें घर से बेघर कर दिया जाएगा और हुआ भी यही है। अगर हम इतिहास के पन्नों को पलट कर देखने का प्रयास करेंगे तो देखेंगे कि आज भी आजादी के बाद लोग विस्थापित हुए हैं, भटक रहे हैं, चाहे वह कोल इंडिया से जुड़ा मामला हो, जिसे सी.सी.एल. क्षेत्र कहते है जो भारत कुकिंग कोल और इस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड हैं, उसमें आज भी विस्थापितों की लड़ाई जारी है। भारत सरकार का उपकरण 'सेल' है, जहां बोकारो स्टील प्लांट बसा हुआ है, वहां भी यही स्थिति बनी हुई है। साथ-साथ दामोदर वेली कॉरपोरेशन, जो विद्युत के क्षेत्र में कार्य करती है वहां भी यही स्थिति है आंदोलन चल रहा है। और तो और, सीसीएल क्षेत्र में जिस जमीन को एक्वायर किया गया, चाहे वे ढोरी क्षेत्र हो, बोकारो-करगली क्षेत्र या कठारा क्षेत्र हो, यूं कहे तो पूरे सीसीएल में यही स्थिति है। जहां 20 साल पहले जमीन एक्वायर किया गया, वहां आज न माइनिग किया जा रहा है और ना ही उन लोगां को नौकरी दी गई और आज की तारीख में जो मुआवजा राशि है वो भी नगण्य रूप में मिली है। हम भारत सरकार से मांग करते है कि पहले इन समस्याओं का निदान किया जाए और लैंड एक्वीजिशन में इस समस्या का भी निदान करने की व्यवस्था की जाए ताकि जो जमीन के मालिक हैं उनको इसकी राहत मिल सके और जो दर-दर भटक रहे है उनकी जीवन शैली भी सुधर सके। उनके साथ भी न्याय हो और अगर सबसे अच्छी बात तो यह होती कि अभी तक जब आपने उस पर कोई कार्य शुरू नहीं किया है तो आज की

तारीख में उनको वो जमीन वापस कर दी जाए और आज की तारीख में जो भारत सरकार ने लैंड इक्वीजिशन का बिल लाया है उसके अनुरूप लैंड एक्वायर की जाये तो वहां के विस्थापितें के हक में होती, और लोगों का मनोबल भी बढ़ता और वे खुशी खुशी अपनी जमीन सरकार को देने को तैयार होते। और नहीं तो आप आज इतने वर्षों बाद जो ये बिल लाये हैं, सही मायने में इसका लाभ वहां के ग्रामीण किसान और जनता नहीं उठा पायेगी। और यह भी देखा गया है कि बोकारो जिला में, खासकर गोमिया प्रखंड, में ऐसा देखा गया है कि जिस चीज के लिए जमीन को एक्वायर किया गया, वो काम न करके वो जमीन टाटा कंपनी को दे दी गयी और वहां की जनता से पूछा भी नहीं गया। जबकि नियम है कि जिस काम के लिए आप जमीन ले रहे हैं और अगर वो काम नहीं होता है, तो वो जमीन जनता को वापस कर दी जाये। और जब भी कोई कल-कारखाना लगे, जो देश के लिए जरूरी है, तो वो खेती योग्य भूमि ग्रीन लैंड पर ना लगाया जाए और जो जमीन पर खेती नहीं होती है उस जमीन का उपयोग किया जाए।

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम (जामनगर): सभापति महोदया, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, मैं आपको शुक्रियाअदा करता हूं। जमीन अधिगृहण बिल, 2011 मंत्री जी जो लाए हैं, मैं उसका स्वागत करता हूं और उसके सपोर्ट के लिए खड़ा हुआ हूं। सारे देश के अलग-अलग नेताओं की मैंने बातें सुनीं, किसानों के लिए हर नेता के दिल में दर्द है, इसमें कोई विरोध नहीं है। सब चाहते हैं कि किसानों का भला हो। मैं यहां पर दो-तीन प्वाइंट्स रख रहा हूं कि कहां गलती हुई, कहां क्या हुआ कि आज तक किसानों को लूटा गया। किसानों के हित में कोई नहीं बोला, क्यों नहीं बोला? जब भी किसी को मौका मिला, किसानों की जमीन हड़प ली। उसको बेघर कर दिया। राजनाथ सिंह जी ने अच्छा बोला था, ये किसान की जमीन है। वह सिर्फ उसकी जमीन, पूंजी नहीं है, उसका धंधा नहीं है, उसकी मां है। हम लोग जमीन को अपनी मां मानते हैं। जब किसी किसान से उसकी मां छीनी जाती है तब बच्चे का क्या दर्द होता है, हम सब भूमि पुत्र हैं। किसानों के लिए सब लोगों ने कहीं न कहीं लड़ाई लड़ी है तो सब ने ये दुख झेला भी होगा। एक कम्पनी है, जिसके सामने मैं बरसों से लड़ रहा हूं। ये क्रेडिट मैं सारी पार्लियामेंट को देना चाहता हूं। 14 मार्च को सारी पार्लियामेंट ने सपोर्ट किया था, लेकिन मुझे आज तक यह पता नहीं चल रहा, केयर्न्स इंडिया कम्पनी, जो बाड़मेर से जामनगर के बोगान तक करीब 11सौ किलोमीटर में इस कम्पनी ने अपनी पाइप लाइन डाली है। यह जो पाइप लाइन है, ये सबसे खराब चीज है। अगर जमीन छीन ली जाए तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर बीच में से पाइपलाइन डाली जाती है तो उस जमीन का जो मालिकाना हक है, वह कम्पनी का हो जाता है। आप बीच

में से कुछ नहीं कर सकते हो। जो यह जमीन छीनी है, 15सौ रुपए पर-गुठा, किसान का बेटा जान जाएगा कि गुठा किसे बोलते हैं। एक बीघा में 16 गुठा होते हैं। 15सौ रुपए पर-गुठा मुआवजा दिया गया है। जब कि दो साल मैंने लड़ाई लड़ी, मेरे जामनगर के आधे किसानों को 37हजार रुपया पर-गुठा मुआवजा मिला है, 25 गुना मुआवजा। मैं यह जानना चाहता हूं कि जो लोग किसान के लिए लड़ते हैं, एक लाख जो किसान को मुआवजा मिलना था, उसको 25 लाख मिला, जिसको तीन लाख मिलना चाहिए था, उसको 75 लाख रुपए मिला। बाकी के किसानों का क्या गुनाह है, जिनकी जमीन छीन ली गई, उनको सिर्फ एक-डेढ़ लाख रुपया मुआवजा मिला। इतनी बड़ी गड़बड़ी कहां हुई, किस ने की? मैं किसी पर एलीगेशन लगाना नहीं चाहता, मैं राजनैतिक बात करना नहीं चाहता, लेकिन इसके पीछे कुछ तो है। मैंने यहां बोला था, एक सांसद होने के बाद मैंने आरटीआई लगाई, ये सारी इन्फोरमेशन निकालने के लिए।

डेढ़ साल तक मुझे आर.टी.आई. का कोई जवाब नहीं मिला, पार्लियामेंट में मैं बोला हूं, मेरे पास इसका ऑफीशियल रिकार्ड है, उसके बाद दो साल और हो गये, 3.5 साल तक आज तक मुझे आर.टी.आई. का कोई जवाब नहीं मिला है। अगर देश के सांसद की यह हालत होगी तो आप भी अलग-अलग स्टेट में अलग-अलग सरकार के सामने लड़ते होंगे, हर जगह पर तो अपोजीशन की सरकार है, ऐसा नहीं है, हर जगह एक ही पार्टी की सरकार है, ऐसा नहीं है, लेकिन सांसदों की यह हालत होती है। जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर मैं पाइंट पर आ रहा हूं, जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर अगर सांसदों की यह हालत होती है, किसानों को मुआवजा नहीं मिलता है और क्या कमी रही कि 1100 किलोमीटर के अन्दर जहां बीच में एम.पी. भी आते हैं, एम.एल.ए. भी आते हैं, एम.एल.ए. से कोई मिनिस्टर बने, वे भी आते हैं, फिर भी यह इतनी बड़ी लड़ाई किसी ने क्यों नहीं लड़ी।

आज मुझे वहां से अलग-अलग गांव से, अलग-अलग डिस्ट्रिक्ट से फोन आते हैं कि विक्रमभाई आपने अपने क्षेत्र में इतना बड़ा मुआवजा दिलवाया है, हमारे लिए भी कुछ करो। मेरी कैपेसिटी नहीं है कि मैं इतनी बड़ी लड़ाई लड़ सकूं, मैं किसान नेता भी इतना बड़ा नहीं हूं कि सारे देश के लिए इतनी बड़ी लड़ाई लड़ सकूं। आप सब को जिस-जिस क्षेत्र के अन्दर जो-जो एम.पी., एम.एल.ए. जो भी नेता आते हैं, मैं आपको सलाह दूं, इतना बड़ा भी मैं नहीं हूं, लेकिन मेरी रिक्वैस्ट है कि अगर किसानों के लिए हमारे दिल में दर्द है, किसानों के लिए हमारे दिल में पीड़ा है तो हम यह लड़ाई कहीं न कहीं जिस क्षेत्र से हम आते हैं, हम लड़ें।

लास्ट बात-समय की मर्यादा है, इसलिए मैं एक लास्ट बात और भी बताना चाहता हूं, वह बताकर मैं मेरी बात समाप्त करूंगा। राजनाथ सिंह जी ने एक बहुत अच्छी बात बताई और हमारे यादव साहब ने भी अभी एक बात बताई कि कलैक्टर को तीन दिन की सत्ता है, तीन दिन का नोटिस देकर वे जमीन का अधिग्रहण कर सकते हैं। मेरे साथ इस चीज़ में यही हुआ, 6 मार्च, 2011 की रात को नोटिस दिया गया, 9 मार्च को कलैक्टर ने जामनगर क्षेत्र में हियरिंग रखी थी। यहां फाइनेंस बिल पास होने वाला था, इसलिए मेरी हाजिरी यहां कम्पलसरी थी, उन्होंने बराबर डेट चोइस करके रखी कि विक्रमभाई नहीं आ पाएंगे, किसानों की जमीन लेने का यह सबसे अच्छा मौका था। आज मैं खुल्लम-खुल्ला बोलता हूं, मेरी पार्टी से मैंने इजाजत इसलिए नहीं ली कि अगर मैं इजाजत मांगता तो पार्टी से इजाजत इस टाइम पर नहीं मिलती। मैं सब कुछ छोड़कर वहां चला गया, मेरी एबसेंट हो गई। पहली बार ऐसा हुआ कि फाइनेंस बिल पर मेरी एबसेंट है, लेकिन मैं किसानों के लिए लड़ा, दो साल तक लड़ा और आखिर में मेरे ही डिस्ट्रिक्ट के अन्दर 37 हजार रुपये मुआवजा भी मिला है, लेकिन मेरी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। आने वाले दिनों में मेरी यह लड़ाई चालू रहेगी। इस लड़ाई में जो भी सरकार, जिधर से भी, जो भी मिनिस्टर, जो भी आये, यह किसानों के हक की लड़ाई है, इसमें मुझे आप लोगों का साथ और सहकार चाहिए। आप लोगों के साथ और सहकार की अपेक्षा पर मैं यह लड़ाई चालू रखूंगा।

इस बिल का मैं समर्थन करता हूं।

***श्री हरीश चौधरी(बाड़मेर)** ः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन, विधेयक, 2011 भूमि पुत्र काश्तकारों के हित में सरकार का यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है। विधेयक में पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष जोर दिया गया है और इसकी प्रक्रिया में सभी को शामिल किया गया है जिससे इसके सभी चरणों में प्रशासन, जन प्रतिनिधि, आम काश्तकार सभी को सामूहिक भागीदारी निश्चित हो सकेगी।

इस विधेयक में कुल प्रभावित कुटुम्बों के अस्सी प्रतिशत की सहमति एवं कृषि भूमि का कम अधिग्रहण जैसे प्रावधानों से काश्तकारों को बहुत राहत मिलेगी। यूपीए अध्यक्षा सोनिया जी एवं प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के कुशल नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति को सहूलियत देने के लिए हर व्यक्ति को अधिकार देने की पहल की जा रही है। ये अधिकार चाहे काम का अधिकार हो, शिक्षा का अधिकार हो, सूचना का अधिकार हो, दो दिन पूर्व खाद्य सुरक्षा का अधिकार विधेयक पारित किया गया । इसी कड़ी में भूमि अधिग्रहण की स्थिति में पुनर्वास का अधिकार विधेयक गरीब कश्तकार को देश हित में भूमि अधिग्रहण होने पर परिवार के पूर्ण पुनर्वास का अधिकार देगा।

आबादी क्षेत्र में भूमि अवाप्ति से हजारों की तादाद में आबादी प्रभावित होती है। मैंने पूर्व में भी सदन के माध्यम से अनुरोध किया है कि देश हित से जुड़े कार्यों में प्रयास ये किया जाये कि गैर-आबादी भूमि एवं कम जनसंख्या घनत्व वाली भूमि का अधिग्रहण किया जाये। और यह भी देखा जाये कि भूमि की आवश्यकता कम समय के लिए व दीर्घकालीन परियोजना नहीं होने की स्थिति में भूमि लीज पर ली जाये।

मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर, जैसलमेर जिलों में हजारों बीघा जमीन क्षेत्र के काश्तकारों ने देश हित से जुड़ी योजनाओं हेतु दी है। इन योजनाओं में तेल, गैस, कोयला आधारित इकाईयां, रक्षा इकाईयां एवं कई कार्य शामिल है।

मै अनुरोध करना चाहूंगा कि इस विधेयक के प्रावधानों का काश्तकारों के हित में पूर्ण रूप से लागू किया जाए ताकि देश व समाज की मुख्य रीढ़ किसान वर्ग को सहूलियत मिल सके।

***श्री राम सिंह कस्वां:** 1894 के कानून के स्थान पर इस बिल को लाया गया है। गांव में रहने वाले किसान-गरीब व्यक्तियें की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए था। इस विधेयक में इनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया और यह बिल अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। आज तक आर्थिक विकास के नाम जिस तरह भूमि का अधिग्रहण किया गया है, किसान के साथ भारी अन्याय हुआ है। भूमि अधिग्रहण इस तरह से हो जिससे किसान की आजीविका पर खतरा नहीं हो, उसे अधिकतम राहत मिल सके। जब तक कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर किसान की सहमति नहीं हो, तब तक उसकी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाए। उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण किसी भी हालात में नहीं किया जाए, केवल

बंजर भूमि का अधिग्रहण किया जाए। राजस्थान में आज भी लाखों एकड़ भूमि है जो सस्ते में मिल सकती है। काफी जगह बुंजर भूमि है, जिस पर उद्योग धंधे लगाए जा सकते हैं। एसईजेड के लिए अधिकृत भूमि पर आज तक निर्माण कार्य नहीं किया गया है। उक्त भूमि को किसान को वापिस किया जाए। यह प्रावधान भी इस बिल में शामिल किया जाए। तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के धांधू, मोटेर आदि काफी गांवों की भूमि को वायु सेना के लिए अधिग्रहण करने की कार्यवाई पिछले 15-20 वर्षों से विचाराधीन है। वायु सेना उसे अधिग्रहण कर मुआवजा भी नहीं दे रही है, जमीन को अधिग्रहण से मुक्त भी नहीं कर रही है। किसान अपनी भूमि पर विकास कार्य भी नहीं कर पा रहा है, उनके समक्ष विकट संकट है। इस प्रकारण का निस्तारण अविलम्ब किया जाये। विस्थापित होने वालों के साथ न्यायसंगत व्यवहार के अलावा खाद्य सुरक्षा के लिहाज से भी भूमि अधिग्रहण के लिए प्रावधान जरूरी है, क्योंकि खेती की जमीन औद्योगिक इकाईयों को सौपे जाने का सिलसिला पिछले कुछ वर्षों से चलता आ रहा है। नए कानून के अमल में आने के बाद पीपीपी मॉडल के दुरूपयोग होने की संभावना है। यह साफ नहीं है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की संयुक्त परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में मुआवजा की कितनी जिम्मेदारी किस पर होगी। सरकारें को निजी क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण से बचना चाहिए। आज ग्रामीण क्षेत्रों में घर बनाने के लिए भूमि का बहुत भारी अभाव है, किसान सरकारी भूमि पर वर्षों से काबिज है। इसके अलावा उनके पास कोई भूमि नहीं है उसका नियमन करते हुए भविष्य में

सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं हो इसके लिए सख्त प्रावधान किया जाए। सरकार को किसी कारोबार के लिए भूमि का अधिग्रहण नहीं करना चाहिए। भूमि अधिग्रहण के सभी मामलों में पर्याप्त मुआवजा, पुनर्वास और भूमि देने वालों को फिर से बसाने की प्रतिबद्धता शामिल होनी चाहिए। भूमि का उपयोग जिस उद्देश्य से किया जा रहा है, उसके लिए यदि पांच साल के भीतर उपयोग नहीं हो तो भूमि वापिस किसानों को लौटा दी जानी चाहिए।

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): Madam, this is really opening of a horizon of development with a human face. We all know that we were facing hurdles in the land acquisition process and that is why several ambitious projects

were forced to stall. There was a lot of bitter experience to the thrown out families. They were made landless and homeless. Along with this, getting adequate compensation was also a cumbersome process. This legislation marks an end to all such miseries and paves the way for infrastructure development in our country. In addition to this, this legislation ensures participation of victims in the development process and that is a good signal and message in the way of participatory development.

Coming to various provisions of the Bill, I wish to point out that the process envisaged in Chapter 2 on determination of social impact and public purpose is highly appreciable.

The Bill says that whenever the appropriate Government intends to acquire land for a public purpose, it shall carry out a social impact assessment study in consultation with the Gram Sabha at habitation level or equivalent body in urban areas. Involvement of local bodies in deciding the public purpose is really a welcome step in this legislation. I think, this is a most progressive part of this legislation.

As per Chapter 3(1), there is a special provision in this legislation to safeguard certain interests such as multi-crop irrigation land, which, of course, is the best interest of agriculture. Rehabilitation and Resettlement Scheme envisaged in this Bill is very comprehensive. The transparency ensured on rehabilitation and resettlement at all levels is really crystal clear. It is also a most welcome step.

With regard to the determination of amount of compensation and determination of value of things attached to land or building, it is stated in the Bill that the Collector may use the service of some "Specialist" and "Experienced persons". It has not been clarified properly. It has to be clarified in detail. Otherwise, it may lead to many ambiguities and litigations.

I wish to say a word of appreciation to the definition to the "affected families". It is a broad definition. It protects the right of agricultural labours, tenants, share croppers, tribals and forest dwellers, etc.

Rehabilitation package as discussed in Chapter V of the Bill is also comprehensive. It includes land allotment, land cost, subsistence allowance, transportation, payment even for cattle shed and payment for artisans and small traders, mandatory employment, fishing right, etc. These are all excellent steps to meet the hardship of the victims. The time limit for payment of compensation is also specific in the Bill. That is also a highly appreciable step.

Formulation of a Rehabilitation and Resettlement Committee is narrated in Chapter VI and it is having a judicious combination (officers plus people representatives and representatives of the local bodies). That also is very good.

Madam, the national level monitoring committee as specified in Chapter VII is also a highly appreciable step.

MADAM CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : Madam, I am concluding now.

I wish to add one more point. It has been stated that for certain private institutions, we have acquired land. Some institutions have really abandoned their function. I would like to give my own example. I was working with the Grasim Industries which is the biggest private industry in Kerala, owned by Birlas. That factory was closed after 30 years. Even now, thousands of acres of land are still remaining with Birlas. There must be a provision on the effective utilization of such land for some public purpose.

Madam, I would like to make one more point that enough lands are available with the Government unutilized. For that also, there must be some provision. Even to transfer land from one Department to another Department and that also is a very difficult process now. There must be a provision to simplify that process also.

I would like to conclude by saying that this Bill is a progressive legislation and this Bill can be called as a tribute to those innocent peasants killed at Nandigram in West Bengal.

With these words, I conclude my speech.

* SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): The present Bill seeks to replace the Land Acquisition Act, 1894. The 1894 Act does not provide for rehabilitation and resettlement (R&R) for those affected by land acquisition. Currently, the R&R process is governed by the National Rehabilitation and Resettlement Policy, 2007.

The present Bill combines the provisions of land acquisition and R&R with a single Bill. In Sept. 2011, the Government introduced the Land Acquisition and Rehabilitation and Resettlement Bill in the Lok Sabha.

Some of the major issues of the Bill are (a) the process of land acquisition, (b) rights of the people displaced by the acquisition (c) method of calculating compensation and (d) requirement of R&R for all acquisition.

I have submitted a number of amendments to this Bill. I like that Government will consider all those amendments. I admit

that 1894 Act should be amended. I also admit that for public purpose lands needs to be acquisitional. But that should be done from a humanistic attitude so that land looses get proper compensation, resettlement and rehabilitation. Proper benefits should go to the kisans. As such, I like to make few points.

First, the provisions of this Act relating to land use, consent, land acquisition, livelihood guarantee, compensation, rehabilitation and resettlement, shall apply in all cases where the appropriate Government acquires land for its own use including for public sector undertakings and for stated public purpose subject to the following that the Government or public sector undertakings shall have full ownership and operational control of the project. Free and prior informed consent from the affected families shall be obtained at the time of social impact assessment in the form of a written resolution passed by seventy percent of all affected families before Declaration under Section 18. Land acquired for public purpose under this Act shall not be transferred to private companies or

---

* Speech was laid on the Table.

public private partnerships through any instrument such as sale, lease etc.

No land shall be transferred by any kind of acquisition, in the Scheduled Areas in contravention of any law (including any order or judgement of a court which has been final) relating to land transfer prevailing in such Scheduled Areas.

In case of acquisition for Private companies for public purpose as defined in clauses (zaa) and (zab) of Section 3, provided that in case of acquisition under the sub-section, prior informed consent of at least eighty percent of the affected families through a written resolution shall be obtained through a process as may be prescribed by the appropriate Government. The process of obtaining the consent shall be carried out long with the Social Impact Assessment referred to in Section 4. The acquisition of land under this sub-section shall require prior approval of the Government after proper enquiry. The acquisition of land under this sub section shall require a mandatory agreement between the company and the Government to ensure easy access of direct benefits to the general public and such mandatory agreement shall be executed prior to acquisition and strictly regulated subsequently.

The provision of this Bill shall also apply in case of purchase of land by private companies purchases or acquire land over and above the land ceiling prevalent in the respective State or above 10 acres (whichever is lower) in rural areas and 2 acres in urban areas (whichever is lower) through private negotiations with owners of the land after securing prior approval of the appropriate Government as per the provisions of Section 42.

No acquisition of land and forest rights shall be permitted in any area until computation of all proceedings for recognition of rights under the Scheduled Tribes and other traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 for restoration of land alienated from these persons in violation of revenue law and for settlement of rights under applicable revenue laws.

Without prejudice to any of the other provisions of this Act relating to consent of affected persons, no acquisition of rights shall be permitted in any area to which the provisions of the Scheduled Tribes and other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) act, 2006, or the Panchayats (Extension to Scheduled Area) Act, 1996 apply, except with the specific prior informed consent of the affected gram sabha and subject to any condition that these gram sabha may joinly or individually impose in exercise of their powers under the 2006 Forest Rights Act or Panchayat Act, 1996.

In case of land to be acquisitioned for infrastructure project like electricity, non-conventional energy, water supply and sanitation, tele-communication, roads and bridges, Railways, Small irrigation, Storage, Oil and Gas pipeline networks, Government should ensure that such projects serve the large welfare of people and acquisition is made on the principle of "quodest necessarium est licitum" implying only that much which is necessary is legal.

In case of compensation, among others as stated in Bill, a permanent farm servant or attached agricultural worker who has worked on the land for not less than one year prior to the notification and any person whose source of livelihood is likely to be adversely affected, including persons who are occupying Government, public, common or other land as well as those residing on such land for "bonafide" livelihood purposes.

The collector needs to take possession of the land only after ensuring that the compensation is paid and the rehabilitation and resettlement process is completed in all its aspects six months prior to displacement which shall be confirmed through a resolution of the displaced/affected persons.

Thesr should be one comprehensive Act for such acquisition, R&R because like Railways, Defence, there ae 13 organisation who have their own Act of Land Acquisition. As a result, land loses acquired in their acts will not get the benefit of this Act.

Another important point is that a private company that acquires or purchases more than 50 acres of land in urban areas or 100 acres in rural areas is required to rehabilitate and resettle affected families. This threshold can be circumvented by a

private company by purchasing multiple parcels of land, each under the prescribed limit, through other entities.

Provision should be there for an accurate estimation of the value of the land compensation shall be calculated four times on the basis of the market value and value of assets attached to the land.

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : Respected Chairman Sir, I do not support this Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011. The reason is that I believe that the scope and definition of 'public purpose' should be limited to infrastructure development, national security projects, economic infrastructure, social infrastructure like schools, colleges, hospitals, roads etc. these infrastructures should be built with Government patronage. It has been said that consent of 80% landowners is a must for acquisition of land. But I think that this provision is unacceptable because the Government must not have any role in acquisition at all. There are 3 factors of production – land, capital and labour. The Government does not play any role in supplying capital and labour. Thus land should also be acquired by the investors from the free market and Government must not interfere at all. In all the developed countries of the world viz. Europe, America, Canada, Japan, the Government does not acquire land and it is for the industrialists to purchase land on their own. Further, resettlement has been proposed where 100 acres of land is acquired in the rural areas and 50 acres in the urban areas. So if the quantum of acquired land is less than this then the industrialists are not bound to offer rehabilitation packages to the land owners. This provision is utterly condemnable. If the investors acquire 99 acres in villages and 49 acres in the urban areas in order to bypass the provision of the Bill, then the farmers will be left to fend for themselves and they will not get any compensation whatsoever. Section 110 says that even fertile, multi – crop land can be acquired which I vehemently oppose. I believe that fertile, land should not be acquired at all. If we intend to realize the dream of universal food security, it must be ensured that arable, cultivable multi crop land are not acquired. In clause 98 it has been mentioned that provisions of

---

*English translation of the Speech originally delivered in Bengali.

this Act not to apply in certain cases or to apply with certain modification. If that is accepted then SEZ has to be accepted too. It is surprising that this Bill is completely silent on mining land I can see that the land law of 1894 is still applicable and land is being acquired in the same fashion even today. We have huge natural resources in the country deep inside the earth. The tribal people, people living in hilly areas, in the forests, the SC and ST communities, they have been the custodian of these resources for years and now are being displaced from their land due to rampant industrialization. Even the land records are being changed. These people are not getting any compensation or rehabilitation. I request Hon. Minister that this practice must be stopped and adequate compensation packages should be paid with retrospective effect. Rehabilitation packages should also be offered to them.

I know that Hon. Minister of Rural Development is trying his level best to address all these issues but I urge upon him to sincerely look into the fall-out of such a momentous Bill and take corrective measures wherever required.

I thank you for allowing me to participate in this debate and with these words I conclude my speech.

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): आपने मुझे भूमि अधिग्रहण, रीहैबीलिटेशन - 2011 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस सदन में बहुत से माननीय सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे हैं और सुझाव दिए हैं। मैं ज्यादा सुझाव नहीं दूंगा। मंत्री जी बहुत सोच-समझ कर, सभी दलों को बुला

कर और आप से सजैशन ले कर यह बिल आज सदन में लाए हैं। पिछले सोमवार इस सदन में खाद्य सुरक्षा बिल पारित किया गया। हुक्म जी ने बताया कि मुंगेरीलाल का एक बिल है। जब-जब चुनाव आते हैं, ये सरकार चाहे यूपीए-एक हो या यूपीए-दो हो, पहले भी यही सरकार थी, यह चुनाव के समय अच्छी-अच्छी बात बोलती है और बिल ले आती है। देश के लोगों को कितनी अच्छी फसल मिलती है, इसे देश ही जानता है। मेरा मंत्री जी को सुझाव है, इस बिल से पूंजीपतियों का हित होगा या किसानों का हित होगा, वह समय बताएगा। मेरे ध्यान से यह बिल, जैसे हमारे कोपी गुरु बंगला में बोलते थे, एक गरीब किसान के मुख से -

"Shudhu bighe dui chhillo mor Bhuin

Aar Shabi Gachhe Rine

Babu Kohilen Buhjechho Upen

E Jomi loibo Kine."

(English Translation : "I only had two bighas of land and the rest has been confiscated. Landlord said, Upen, I will purchase that land too.")

यह बिल 120-122 वर्ष के बाद इस सदन में पारित हो रहा है। मैं इसके खिलाफ हूं। मंत्री जी को इस बिल में गारंटी देनी होगी। जैसे यादव जी ने पहले कुछ आंकड़े देकर बताया था कि आजादी के बाद हमारे देश में किसानों की संख्या कितनी थी? आजादी को 67 वर्ष हो गए। किसान क्यों घटते जा रहे हैं? किसान घटे, किसानों की जमीन घटी। इसके लिए सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। इसलिए मंत्री जी को इस बिल में गारंटी देनी होगी कि किसानों की एक इंच बहुफसलीय जमीन हम नहीं लेंगे। देश की सरकार का मास्टर प्लान घाटा है। आबादी बढ़ती जी रही है, शहर बढ़ते जा रहे हैं। कितने जगह में शहर बढ़ेंगे, उसका कोई लैंड सीलिंग होनी चाहिए। शहरीकरण में कितनी जमीन जाएगी, उसकी लैंड सीलिंग होनी चाहिए। देश की आबादी 123 करोड़ है।

खाद्य सुरक्षा बिल को सफल बनाने के लिए एग्रीकल्चर के लिए कितनी जमीन रहेगी, फॉरेस्ट के लिए कितनी जमीन रहेगी। यह मास्टर प्लान, सरकार का घाटा है। मैं इस बिल को अपोज करता हूं। यह बिल साधारण किसान के हित में नहीं है। इससे पूंजापतियों, उद्योगपतियों को लाभ होगा। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं, दस-बीस साल पहले उद्योगपतियों ने कम्पनी बनाने के लिए, किसानों के बच्चों को नौकरी देने के लिए किसानों से जमीनें लीं। वह जमीन अरबपतियों की है। सरकार के पास हिसाब है। उस जमीन का क्या होगा? सारे देश में जो बंजर जमीन है, उसमें कम्पनी बनायी जाये, उद्योग लगाये जायें।

सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

* **SHRI C. RAJENDRAN (CHENNAI SOUTH) :** I want to express my views on the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, with the following reservations.

On behalf of our Party, AIADMK, Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Puratchi Thalaivi Amma had expressed serious concerns regarding this Bill.

This Bill is going to affect the interests of lakhs of farmers and landowners in this country. Their interests are not adequately and fully safeguarded and protected.

First of all, I would like to oppose the attitude of the Centre in encroaching upon the rights of the State Governments. This Bill goes beyond the legislative competence under the Constitution of India, because basically 'land' is a 'State Subject'. So, anything concerning the land, should be left to the States to legislate upon, instead of the Centre taking everything upon itself.

Coming to the Bill as such, in most of the clauses, the Centre has not made any mention about having any negotiations with the States-concerned nor with the land owners. When the Government is trying to replace the old archaic Act with this new one, it should have mutual consultations and negotiations with all the stakeholders like the States concerned, the land owners and farmers, etc.

In Clause 3, the Bill does not mention the State Governments. While talking about the 'Appropriate Government'. There is a need to have consultation with the State Governments when the Centre acquires land for public purposes. Same is the case with clause 98 and 99 of the Bill, wherein the Centre must do everything "in consultation with the State Governments."

In Clause 63, when the Centre gives compensation to the families of the land owners, the Bill says that apart from the market value of the land, amount calculated at 12% per annum would be paid to them. We emphasize that it should be at least 15% with interest for the period should be paid to them; and there should be an amendment to this effect. The Standing Committee of Parliament made similar recommendations, but the Government did not accept them. I request that the Government considers them and it should bring appropriate amendments in this regard.

Clause 24 provides for lapse of the land acquisition proceedings initiated under the earlier Land Acquisition Act, where awards have not been passed and requires fresh initiation of land acquisition proceedings. This would cause considerable delay in the process, and it would also stall the projects of the State Governments. So, we oppose this clause.

Under Clause 98, about 16 Central Acts allow for acquisition of land and they have been placed in the IV Schedule. The acquisition of land under these provisions has been exempted from the application of this Bill. We oppose this.

Secondly, Petroleum and Minerals Pipelines (Acquisition of Right of User inland) Act, 1962 has been included within the purview of the IV Schedule. We have bitter experience in Tamil Nadu. Recently, the land owners in Tamil Nadu were under the threat of losing their livelihood; they had been offered negligible amount of money as compensation for the use of their land for laying GAIL pipelines.

Though land surface rights have been returned to the land owners, the ability to cultivate or use the land is severely affected. The land owners lost great land value. Hence, we demand that the right to use land for such purposes should not be given any exemption under this Bill. So, the Petroleum and Minerals Pipelines Act, 1962 should be deleted from IV Schedule.

We further demand that the State Act like Tamil Nadu Highways Act, 2001 and Tamil Nadu Acquisition of Land for Industrial Purposes Act, 1999, should be given protection under Clause 98 and included in the IV Schedule.

With all these reservations, I request that the Government should consider the plight of the farmers in right earnest and do justice to the farming community so that they are helped, and not deprive of their livelihood.

SHRI AJAY KUMAR (JAMSHEDPUR): Madam, I want to congratulate the Minister first for bringing this Bill. अच्छे प्वाइंट्स है जैसे नो प्राइवेट कम्पनीज के लिए एक्वीजिशन है, रिहैबिलिटेशन एंड रीसेटलमैंट, सोशल इम्पैक्ट, सोशल इम्पैक्ट में एक समस्या जरूर है कि इसमें टाइम बाउंड लिमिट नहीं है। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि रिपोर्ट को टाइम बाउंड करें।

अभी तक 500 एसईजेड हुए हैं। यह रिपोर्ट आयी थी कि उनमें से 300 एसईजेड जिस कारण स्थापित किये गये थे, उनके लिए इस्तेमाल नहीं किये जा रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि अगर आप उन 300 एसईजेड को वापिस लेकर फिर से उद्योग के लिए दे देंगे, तो कम से कम आपको अगले पांच-दस साल के लिए लैंड एक्वीजिशन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। दूसरी बात यह है कि यह खेल एग्रीकल्चर और कमर्शियल लैंड के ट्रांसलेशन पर ही है। आप किसान से एग्रीकल्चर लैंड लेते हैं। उसके बाद आप उसे कमर्शियल करने लगते हैं। मेरा यही अनुरोध होगा कि जैसे आप हर जगह देखते हैं, खेल वही है। कुछ हमारे साथियों ने कहा कि अब जमीन का दाम 5 करोड़ रुपये है। झगड़ा तो इसी बात का है कि किसान के लिए वह 5 करोड़ रुपया नहीं गया। वह तो किसान से दस रुपये में लिया गया है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि अगर आप सब जगह मास्टर प्लान बनायेंगे तो उसे हर साल अपडेट करें और पहले से कमर्शियल यूज के लिए सुनिश्चित कर लें। आप रेलवे लाइन छोड़ दीजिए, रोड छोड़ दीजिए, तो आपको उसे कमर्शियल दर देनी ही पड़ेगी।

शैडयूल पांच और छः के बारे में काफी बातें कही गयी हैं। मैं मंत्री महोदय से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि आपने कहा कि पीएसयूज के लिए यह लागू नहीं होगा। झारखंड में 65 लाख लोग अब तक विस्थापित हुए हैं। सरकारी कम्पनी पर कम से कम कुछ कंट्रोल रह सकता है। यदि आयरन ओर या कोल हो, तो वह सरकार के अधीनस्थ ही रह जायेगा। दूसरी बात है कि 20 प्रतिशत कोयले की चोरी होती है।

मैडम, एक छोटा सा उदाहरण है कि अगर इंडिया गेट के नीचे आपको हीरे की खदान मिल जायेगी, तो आप इंडिया गेट को तो नहीं तोड़ेंगे। लेकिन आदिवासी की जमीन सबसे सस्ती पड़ती है। मैं आपसे यही अनुरोध करना चाहता हूं कि पहले 20 प्रतिशत चोरी रोक दीजिए और यह सुनिश्चित कर लें, तब आगे की जमीन के बारे में सोचें। इफ्रास्ट्रक्चर के बारे में सरकार ने बहुत बड़ी परिभाषा दी है। हमने कहा कि यदि हाउसिंग डैवलपमैंट इफ्रास्ट्रक्चर में है, तो यह कानून बना दिया जाये कि जिस किसान से आपने जमीन ली है, जैसे नोएडा, गुड़गांव, झारखंड आदि हर जगह हुआ है, तो आप कम से कम सुनिश्चित कर लें कि आपने जिसकी जमीन ली हैं और उस पर डैवलपमैंटल फ्लैट्स बना रहे हैं, वहां पर उसे भी फ्लैट मिल जाये, तो कम से कम उसे भी कुछ फायदा होगा।

जहां तक 16-17 लेजिस्लेशन्स...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। 16-17 लेजिस्लेशन्स जो रेलवे एक्ट, डिफैंस एक्ट वगैरह हैं, उसे भी इसके अधीनस्थ कर दें, तो कम से कम सेंसीबिलिटी आ जायेगी। अभी हुक्मदेव जी ने कहा कि मंत्री जी ने एकता परिषद् को आश्वासन दिया था जो भूमिहीन लोगों के बारे में है। गांव-गांव में जो सरकारी जमीन पर रहते हैं, जमीन एक्वायर करने से पहले उसका पट्टा दिया जाये। बिना पट्टा दिये उसे एक्वायर न करें। सबसे महत्वपूर्ण चीज है कि अगर आप बंजर जमीन को भारत के मैप में डालेंगे, वहां पर आप इफ्रास्ट्रक्चर देंगे, तो प्राइवेट कम्पनियां वहां जायेंगी, हम लोगों को अच्छी जमीन देने की आवश्यकता नहीं है। अगर हम बंजर जमीन पर इफ्रास्ट्रक्चर जैसे बिजली, रोड की व्यवस्था कर लेंगे तो वहां पर एक्वीजिशन भी हो जायेगा और नुकसान भी कम होगा।

मेरा मंत्री महोदय से यही अनुरोध है। इन्हीं बातों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

ओडॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): हमारे संविधान के अंतर्गत भूमि राज्य का विषय है, किंतु अर्जन समवर्ती विषय है अर्थात् केन्द्र और राज्य इस विषय पर कानून बना सकते हैं ।

भूमि अर्जन विशेषकर बहु-फसली सिंचित भूमि के बारे में अत्यधिक चिंता का विषय है ।

अब तक इस विषय में कई कानून बने हैं मगर इस कानून में विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के मुद्दे को समाया गया है ।

इस अधिनियम में मेरा निवेदन है कि बहु-फसली एवं फर्टाइल कृषि भूमि का अर्जन नहीं होना चाहिए। इस बिल से कृषि योग्य भूमि के असीमित अधिग्रहण का रास्ता खुला है। कानून के संशोधित मसौदे में कृषि भूमि अधिग्रहण को सीमित करने वाले प्रावधानों को खत्म कर दिया गया है। चूंकि नए भूमि अधिग्रहण कानून की बहस किसानों के आंदोलन से जुड़ी थी इसलिए प्रस्तावित कानून के पहले मसौदे में खेतिहर जमीनों के अधिग्रहण को सीमित रखने के प्रावधान किए गए थे ताकि फसल उत्पादन पर असर न हो और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित रहे। लेकिन 158 संशोधनों के साथ जो नया मसौदा सामने आया है उसमें बहु-फसली जमीनों को लेकर ज्यादातर हिफाजती प्रावधान खत्म कर दिए गए हैं। इस विधेयक में कुछ शब्दों के हेर-फेर से कृषि भूमि में अधिग्रहण की पूरी तस्वीर ही बदल गई है। पहले के मसौदे में ऐसी जमीन का पांच फीसदी हिस्से का अधिग्रहण हो सकेगा और वह भी अंतिम विकल्प के रूप में होगा। नए मसौदे में यह सीमा समाप्त हो गई है। अधिकतम सीमा का निर्धारण अब जिला नहीं, बल्कि प्रदेश के स्तर पर होगा। संशोधित मसौदे में है कि निजी कंपनी राज्य सरकार को एक कीमत देकर खेतिहर जमीन का अधिग्रहण कर सकेगी। यह बेहद खतरनाक प्रावधान है उसका असर खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा।

ज्यादातर ग्राम सभाएं अधिग्रहण के खिलाफ जन-सुनवाई की प्रक्रिया से बाहर की गई है।

भूमि अधिग्रहण के किस्से में अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों को खास इंसेटिव देना चाहिए। उन वर्गों को उचित मुआवजों के सिवाय उतनी ही जमीन अन्य स्थान पर मुहैया करानी चाहिए और उस परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार देना चाहिए।

---

* Speech was laid on the Table.

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Madam, at the outset I stand to support the Bill. I commend the Government and the Minister for bringing a comprehensive Bill. I have some few points to raise and that is in relation to this Act, the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill. How will it be used to acquire Wakf properties? It is because in my city in Hyderabad, more than 800 acres of Wakf land has been acquired illegally by the Government.

19.00 hrs (Madam Speaker *in the Chair*)

For example, wherein the India School of Business is working is a Wakf land; where WIPRO is working is a Wakf land. All these are part of Manikonda Jagir. In fact, the Shamshabad Air Port itself is on Wakf land. A masjid was demolished over there. All these things are there on the Wakf land. I want to know as to how this Act will apply in future acquisition of Wakf Act.

You take the example of Vizag. In Vizag, Hindujas were given more than 400 acres of Wakf land for construction of power project. All these cases are pending in Supreme Court. What will happen in future? How will you ensure that the Wakf lands are not used and are not acquired by the Government of the day? In fact, it was done for Lanco also. Unfortunately, it is owned by a Member from Congress Party, but you have never objected to it.

I want to know as to what happened to all these Wakf lands because there is no mention about it in the Act over there. In fact, the Chairman of the Joint Parliamentary Committee, who is now the Minister for Minorities, has clearly said that the Andhra Pradesh Government is the biggest Wakf land grabber. I will quote that in Andhra Pradesh from 2006 to 2011, 88,492 acres of land was given to 1,027 companies. Am I right in saying that the real reason behind this whole fight about Hyderabad being declared a Union Territory or second Capital, is that all these lands are there? I do not want to dispossess them. We do not want to dispossess them. But, we are asking as to how you will stop that. It is the land of the Wakf Board. How do you bring it? My request to the Government, through you, is to tell to us, when you stand up to reply, as to how this Land Acquisition Bill will tackle the issue of acquisition of Wakf Land for public purpose. We are not against it. If you want to acquire it, you acquire it from the duly constituted Wakf Boards.

My last point is that in Hyderabad city, in the last 15 years not even a hundred houses have been given to weaker sections of Scheduled Castes or Muslims. Not even the hundred houses have been given. But, what we see is that hundreds of acres of land have been given to all companies. I was listening to the hon. Member belonging to the Telugu Desam Party, who said that Chandrababu Naidu has done it. No. Whether Nizam was good or bad, he was a feudal. I do not agree with the feudalism but at least he had the common sense and he never gave jagirs around the city to anybody. But, Chandrababu Naidu or other Chief Ministers gave it away as if it was their jagir. Now, what is left around Hyderabad? We cannot construct houses for poor. Wakf properties have been given to all these companies. Indian School of Business is working there. WIPRO is working there. The airport has come there. I want to know as to where they would stop. So, my request to the hon. Minister is that please ensure that Wakf properties are not taken for land acquisition purpose. If they have to be taken, they should be taken from a duly constituted Wakf Board.

About Special Economic Zone (SEZ), I would say that land under Special Economic Zone around Hyderabad is going to the real estate companies. On the one hand, you say that you do not appreciate SEZ, on the other all SEZ land has gone to the real estate companies. Blatant abuses of land are happening around Hyderabad. This is why, my request to the

Government of the day is to see that behind the demand of an UT or a permanent Capital there is this angle also. Anyway, we are opposed to the demand of making it a Union Territory.

ओश्री राजाराम पाल (अकबरपुर): मैं इस बिल का समर्थन करता हूं तथा किसानों के इस देश में जहां पर 90 लोग खेती पर आधारित हैं। देश का विकास के विरूद्ध नहीं हूँ क्योंकि विकास तो बिना जमीन के संभव नहीं है। आसमान में विकास नहीं हो सकता है इसके लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक है किंतु किसानों को मुआवजा अधिग्रहण के दिन से कम से कम 50 वर्ष आगे का ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए तथा जिन किसानों की जमीन अधिगृहित की जाये उसे उस विभाग या अन्य विभाग में आश्रित परिवार को नौकरी अवश्य प्रावधान होना चाहिए तथा मुआवजा अधिग्रहण के पूर्व दिया जाना चाहिए। माननीय अध्यक्ष जी आपसे मांग है कि इससे वर्षों की आजादी के आज तक किसान को उसकी जमीन का मालिक नहीं बनाया गया है यदि किसान अपनी जमीन का मालिक हो जाये तो किसान की जमीन सरकार कौड़ियों के भाव न ली जा सके। मेरे संसदीय क्षेत्र 44 अकबरपुर कानपुर देहात के अन्तर मालगाड़ी के लिए स्पेशल रेल लाइन बिछाई जा रही है जिससे हजारो किसान प्रभावित हो रहे कुछ किसानों की पूर्ण किसी आदमी या 2 तिमाही जा रही है मुआवजा उसकी क्षतिपूर्ति नहीं है प्रत्येक परिवार को आश्रित को योग्यतानुसार नौकरी दी जाये जेसाक राय बरेली में किसानों को नौकरी दी गयी है। महोदय मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान आंदोलन कर रहे हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं किसानों को नोएडा तर्ज मुआवजा दिया जाये इसी के साथ बिल का समर्थन करता हूं।

---

* Speech was laid on the Table

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): Madam, this Bill is a dangerous ploy to bring total doom to the poor peasants of our country and to fill the coffers of the rich. I am deadly against this Bill. Despite the Minister has taken this Bill with a new content, there is nothing new in comparison with the old one. It is unable to solve the problem of land acquisition and the related problems of food security of our land.

The question of compensation to the poor peasants and the small land holders will fizzle out with the muscle power, money power and with the administrative help of the Government which is in favour of the industrialists. The question of industrialization cannot arise because there is no situation of industrialization not only in India but also all over the world. Even the Indian industries, which were producing at best to 40 per cent of their potential, were shut down causing retrenchment in the market. So, there is only the possibility of urbanisation with the acquisition of land and there will be development of the real estate for the satisfaction of the affluent people, which will not be in the interest of the common people.

Madam, the Congress (I) led Government is trying to build a consensus with the Opposition to get this Bill passed and they have already got the major Opposition Party, BJP, on board. The CPI, CPI(M) and some other parties are raising some points, but they are not exposing the actual design and intent of the Government behind this Bill.

Madam, we know that there is nothing unnatural in it. The major political parties, which are for the vote-bank politics, will never go against such a Bill, in order to remain in power, which can give benefit to the industrialists and to the monopolists, and they will never stand for the common people. But they will pose as if they are for the poor people and take such a stance.

Madam, land can never be replaced by any sort of rehabilitation or resettlement. It is a permanent asset of the people for generations. If you give some compensation to a single generation, what will their next generations do? They will only be

street beggars. So, in this regard, a continuous strong movement all over the country is required, like the movement that took place in Nandigram and Singur which can pull down any sort of obstacles and obstruct any anti-people move of any Government. There should be a movement that for the purpose of industry or anything else, no fertile land should be taken out. All our fallow lands, watersheds and other lands of the closed down factories can be used for that purpose. People should come out with a movement to save our land and not to support this Bill.

Madam, I am not supporting any amendment either from the Government side or from the Opposition side. I am strongly opposed to the introduction and passing of this Bill.

*__श्री नीरज शेखर (बलिया):__ 1894 के ब्रिटिश कालीन भूमि अधिग्रहण काननू के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक होने और मनमाने अधिग्रहण पर रोक लगाने के लिए कई सालों के मशक्कत के बाद सरकार द्वारा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण विधेयक सदन में पेश किया गया। आजादी के बाद, भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापित हुए हैं, परंतु उनका समुचित पुनर्वास अब तक नहीं हो सका।

सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक बेशक एक सराहनीय कदम है, परंतु जब विधेयक के प्रावधानों पर गौर करें, तो सरकार की नीयत और मंशा पर सवाल खड़े हो जाते हैं। विधेयक के तमाम प्रावधान आपत्तिजनक हैं।

प्रस्तावित विधेयक में यह प्रावधान है कि प्राईवेट कंपनियों द्वारा गांवों में 100 एकड़ और शहरों में 50 एकड़ तक भूमि अधिग्रहण पर कंपनियों को प्रभावित लोगों के पुनर्वास से छूट दी गई है। इससे अधिक अधिग्रहण पर पुनर्वास के नियम लागू होंगे या नहीं। इसका फैसला भी राज्य सरकारों पर छोड़ दिया गया है।

इस संबंध में, मैं सरकार और सदन से कहना चाहूंगा कि गांवों में 100 एकड़ और शहरों में 50 एकड़ जमीन एकमुश्त मिलना मुश्किल है। यदि जमीन मिलती भी है तो कंपनियां भूमि अधिग्रहण को 99 एकड़ और 49 एकड़ तक सीमित करके पुनर्वास की शर्तों से बच जाएंगी। 100 एकड़ और 50 एकड़ से कम भूमि अधिग्रहणों का Social Impact Assessment का प्रावधान भी नहीं है।

इसके अलावा, प्रस्तावित कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो सुनिश्चित करें कि गांवों में 100 एकड़ और शहरों में 50 एकड़ तक के अधिग्रहण के बाद कोई अधिग्रहण भविष्य में उस एरिया में अधिग्रहण करने वाली कंपनी द्वारा नहीं किया जाएगा।

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस कानून के द्वारा सदन को आश्वस्त करेगी कि गांवों में 100 एकड़ और शहरों में 50 एकड़ तक अधिग्रहण करने के बाद अधिग्रहण करने वाली कंपनियों द्वारा और अधिग्रहण नहीं किए जाएंगे। 100 और 50 एकड़ तक कंपनियों द्वारा अधिग्रहण की स्थिति में प्रभावित लोगों के पुनर्वास से छूट निश्चित ही कई टुकड़ों में कंपनियों द्वारा भूमि अधिग्रहण को पिछले दरवाजे से बढ़ावा देगी। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि इस धारा को संशोधित किया जाए और प्रत्येक दशा में भूमि अधिग्रहण, चाहे 100 और 50 एकड़ से कम हो या ज्यादा पुनर्वास की शर्त आवश्यक रखी जाए, अन्यथा यह कानून विस्थापितों की संख्या घटाने के बजाय बढ़ाएगा।

प्रस्तावित विधेयक के खंड 98 द्वारा सरकार ने बड़ी चालाकी से अधिकांश सरकारी भूमि अधिग्रहण को प्रस्तावित कानून के दायरे से बाहर कर दिया है। रेलवे एक्ट 1989; वर्क्स ऑफ डिफेंस एक्ट, 1903; नेशनल हाइवे एक्ट, 1956; दामोदर वैली कारपोरेशन एक्ट, 1948; पेट्रोलियम, खनिज एवं पाइपलाइन, कोयला, खनन, सेज़ सहित 16 क्षेत्रों के लिए जमीन का अधिग्रहण नए कानून के दायरे से बाहर होगा। अर्थात् मुआवजे या अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले लोगों की सहमति सरकारी अधिग्रहणों पर लागू नहीं होंगे। इसके साथ ही, इसमें यह भी प्रावधान है कि सरकार महज एक अधिसूचना से इन 16 सरकारी क्षेत्रों की लिस्ट में नए क्षेत्र जोड़ सकती है। इसके लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक नहीं होगी।

अधिकांश भूमि अधिग्रहण के नए कानून के दायरे से बाहर रहने का मतलब यह होगा कि अधिग्रहित भूमि के बदले अच्छा मुआवजा तो दूर, गरीबों के हित बचाने वाले अन्य प्रावधान भी लागू नहीं होंगे। जैसे जन-सुनवाई, लोगों को उजड़ने से बचाने के अन्य विकल्पों और अधिग्रहण के Social Impact Assessment.

सरकार द्वारा खंड 98 के प्रावधानों के द्वारा निजी क्षेत्र को जमीन देने का रास्ता खुला रखा है। जो 16 कानून इस खंड के तहत आते हैं उनमें से कई क्षेत्रों में प्राईवेट पार्टनरशिप है। कोयला खदानें या हाइवे परियोजनाएं निजी भागीदारी से बन रही हैं और भूमि अधिग्रहण विवादों के जड़ सेज़ भी नए कानून की शर्तों से मुक्त हैं जहां निजी कंपनियों को इकाईयां लगानी है।

इस कानून में अनोखा प्रावधान यह है कि जमीन गंवाने वाले का दावा यदि गलत पाया गया तो उसे छः माह की कैद होगी। दस्तावेजों की गलती निकालना सरकारी तंत्र के लिए आसान है। अधिग्रहण का विरोध करने वालों के खिलाफ इस प्रावधान का दुरूपयोग किया जा सकता है।

बिल के शुरूआती मसौदे के खंड 10 में यह प्रावधान था कि किसी जिले की बहु-फसली सिंचित जमीन का अधिकतम 5औ का अधिग्रहण हो सकता था और वह भी अंतिम विकल्प के रूप में। लेकिन बाद में यह सीमा प्रस्तावित विधेयक में समाप्त हो गई है। अब अधिकतम सीमा का निर्धारण अब जिला नहीं बल्कि प्रदेश के स्तर पर होगा। अर्थात् उपजाऊ कृषि भूमि का बड़ा हिस्सा अधिग्रहण के लिए खोल दिया गया है। नए भूमि अधिग्रहण कानून की बात किसानों के आंदोलन से ही उठी थी। इसीलिए प्रस्तावित कानून के पहले मसौदे में कृषि भूमि के अधिग्रहण को सीमित रखने के प्रावधान किए गए थे, ताकि फसल उत्पादन प्रभावित न हों और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित रहे। परंतु प्रस्तावित कानून में प्रदेश स्तर पर इी कृषि भूमि के अधिग्रहण की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। राज्य सरकारें अगर चाहेंगी तो यह सीमा निर्धारित कर सकेंगी। प्रस्तावित विधेयक में बहु-फसली भूमि को भी परिभाषित नहीं किया गया है। यहाँ रबी और खरीफ की सिर्फ दो फसलें ही होती हैं और द्विफसली जमीन अधिग्रहण की कोई सीमा तय नहीं है।

इसके अलावा यह प्रावधान है कि निजी कंपनी राज्य सरकार को खाद्य सुरक्षा के नाम पर एक कीमत देकर खेतिहर जमीन का अधिग्रहण कर सकेंगी। यह बेहद खतरनाक प्रावधान है। इसके तहत निजी कंपनियां इसका इस्तेमाल कर खेतिहर जमीन खरीदेंगी और इसका असर खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा।

प्रस्तावित कानून के तहत भूमि अधिग्रहण के संबंध में जन-सुनवाई को भी सीमित कर दिया गया है। भूमि अधिग्रहण के संबंध के केवल उन्हीं ग्राम-सभाओं और नगरपालिकाओं में जनसुनवाई होगी जिनकी 25औ जमीन अधिग्रहण के दायरे में आती है। देश में बहुत कम ग्राम सभाएं इतनी बड़ी होंगी जिनकी 25औ जमीन का

अधिग्रहण होगा। अर्थात् अधिकांश अधिग्रहण जन आपत्तियों के दायरे से बाहर होगा।

प्रस्तावित विधेयक के तहत अगर सार्वजनिक उपयोग के लिए अधिग्रहीत जमीन इस्तेमाल नहीं होती तो वह किसी दूसरे सार्वजनिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल हो सकेगी। इस प्रावधान के सहारे सरकारें जनहित में अधिग्रहीत भूमि को सार्वजनिक उद्देश्य के नाम पर निजी क्षेत्र को दे सकेंगी। साथ ही, इस विधेयक में कृषि भूमि के लैंड यूज़ को बदलकर नॉन-एग्रीकल्चरल एक्टिविटी में यूज़ करने पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई है जो भविष्य में एक खतरनाक ट्रैंड में तब्दील होने की संभावना है।

सरकार प्रस्तावित विधेयक के तहत, Temporarily 3 साल की अधिकतम अवधि के लिए जमीन का अधिग्रहण कर सकती है, परंतु Temporary Acquisition के case में पुनर्वास एवं मुआवजा का कोई प्रावधान नहीं है। यह प्रावधान संशोधित होना चाहिए।

विधेयक के अनुसार, प्राईवेट प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति में 80औ और पब्लिक-प्राईवेट पार्टनरशिप वाले प्रोजेक्ट्स के लिए अधिग्रहण की स्थिति में 70औ प्रभावित लोगों की सहमति आवश्यक है। प्रभावित लोगों में भू-स्वामी, अधिग्रहीत जमीन पर काम करने वाले मजदूरें एवं अन्य लोग जिनकी जीविका इस जमीन पर निर्भर है।

मैं मंत्रीजी से पूछना चाहता हूं कि भू-स्वामी का तो रिकार्ड है राज्य सरकारों के पास। मजदूरों और अन्य आश्रित लोगों की सूची सरकार किस आधार पर तय करेगी ? इसकी बटाईदार, मजदूर इत्यादि आश्रित लोगों का कोई लेखा-जोखा नहीं है सरकार के पास। फिर कैसे उन्हें चिन्हित किया जाएगा ? क्या यह प्रावधान सिर्फ इसलिए डाला गया है कि 80औ या 70औ की सहमति की संख्या अधिग्रहण के समय पूरी की जा सके। यह बेहद संवेदनशील प्रावधान है और किसानों और भू-स्वामियों की जमीन हड़पने के लिए इसका दुरूपयोग किया जा सकता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस प्रावधान को संशोधित किया

जाए।

Infrastructure Projects की परिभाषा में Tourism को भी शामिल किया गया है। Tourism का Definition vague है और होटल और सरकारी गेस्ट हाऊसेज भी Tourism की इस परिभाषा में शामिल किए जा सकते हैं। अतः इनको समुचित रूप से परिभाषित करना अपरिहार्य है।

प्रस्तावित विधेयक में Land for land rehabilitation मौजूदा प्रावधानों से भी कम है। यह कानून प्रति परिवार एक एकड़ जमीन देने की बात करता है जबकि सरदार सरोवर जैसे प्रोजेक्ट्स में अधिग्रहीत भूमि के लिए 2 एकड़ जमीन दी गई है। यह प्रावधान सरकार संशोधित करे और कम से कम मौजूदा Land for land rehabilitation प्रावधानों को प्रस्तावित कानून में शामिल करे।

मेरे द्वारा उठाए गए इन मुद्दों से साफ है कि सरकार की नीयत किसानों और विस्थापितों के लिए नेक नहीं है। सरकार पिछले दरवाजे से किसानों के शोषण और निजी कंपनियों को फायदा सुनिश्चित करना चाहती है। मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से इस विधेयक में संशोधन चाहता हूं जिससे प्रभावित लोगों एवं विस्थापितों को समुचित रूप से पुनर्वासित किया जा सके और उन्हें रोजगार एवं जीविका के लिए सम्मानित एवं समुचित स्रोत उपलब्ध कराया जा सके।

***SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA) :** I support the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2013. This Bill meets the long standing requirement for having a bill of our own to replace a Bill which was enacted by former rulers in 1894.

The provisions of the Act of 1894 have not been found to address certain issues related to exercise of statutory power of the state of involuntary acquisition of private land and property. It also did not address the issues of Rehabilitation and Resettlement of the affected persons and their families.

The present Bill seeks to find a mutually agreed solution between those who need the land and those whose land is being acquired. The Bill also seeks to address two important issues-ensuring that land acquisition would not be forced, and that adequate compensation would be paid to those whose land has been acquired and also to those who are dependent on the land for their livelihood.

It is extremely challenging to setup any large project in the country. It is a known fact that India has world's 18% population but only 2.5% of world's land. We are a highly populous country. Therefore, there is a tremendous pressure on land. People are very emotionally attached to their land and many times they are also dependent on it. Because of these reasons land in India is very expensive compared to most places in the world.

In the last century there have been many instances where due and fair compensation for land was not given and proper rehabilitation and resettlement was also not done when the governments acquired land for various purposes like Dams, Mega Industries, etc. However, we have seen in the last decade that most of the State Governments have been very sensitive about the issue of land acquisition. Every elected government tries to give a good deal to the land owners. The State Governments, which are acquiring land for the industry, give land owners compensation at fair market value of land jobs for the families, regular annuity payments, proper rehabilitation and resettlement, etc. This Bill has many good features which I have enumerated above and some of the Hon'ble Members have also spoken about these. However, we

also need to be aware of the concerns of the industry bodies like FICCI, CII and ASSOCHAM.

Today land acquisition is one of the biggest challenges faced by the industry. CII has estimated that projects worth lacs of crores are being delayed because of issues related to land acquisition. It is a known fact that productivity of land in terms of income per worker is higher when the land is utilized for industrial projects. Therefore, the need of the hour is to ensure that the transition of land for industrial projects is better managed which will helping creating more jobs and also in attaining inclusive growth.

The Bill prescribes compensation to include (a) market value (to be multiplied by factor of one to two in case of rural area depending on the distance) and one in case of urban areas (b) value of assets attached to land or building and (c) solatium of 100%. This will make it more than four times the market rate in rural areas and more than two times in urban areas. Coupled with R&R facilities, it is estimated that the cost of land will be 5 to 6 times of the market value in rural areas. Such high cost of land will affect the economic viability of the industrial projects. The increased cost of land will also eventually create an artifical scarcity of land that may halt the development of the country and the land owners also may not be able to sell their land even if they are keen to do so.

The definition of "affected family" includes agricultural labourers, tenants including any form of tenancy or holding of usufruct right, share-croppers or artisans who may be working in the affected area for 3 years prior to the acquisition, whose primary source of livelihood stand affected by the acquisition of land. I feel the definition of project affected families is too wide and it would be practically very difficult to identify the genuine affected families and attain their consent for acquiring land.

The Bill stipulates consent of 80% of "affected families" for private sector projects and 70% for Private Public Projects (PPP) for the defined public purpose which will be very difficult to obtain for a mega industrial project requiring 3000 to 4000 acres of land due to the fragmented nature of land holdings.

The Bill provides that the government will acquire land for public purpose which includes industrial corridors and infrastructure projects, but for large manufacturing projects in private sector, Government will not acquire any land. So, for steel plants, cement plants etc. proposed to be set up in private sector, land will have to be acquired by the industry themselves. This will be very difficult for the industry because these projects require large tracts of land and the number of villagers and affected families involved will be in thousands and it will not be possible to acquire their land without Government's support. I would like to suggest here that in case a private industrial project acquires a majority of land directly, then the government should extend its support for acquiring the balance land.

The Bill prescribes a 10-stage process for land acquisition. Starting with the social impact assessment (SIA) study followed by the evaluation of SIA by independent expert group, publication of preliminary notification, hearing of objections twice, publication of declaration, etc. The process of land acquisition under new act is quite cumbersome and time required for acquiring land will be 6 to 7 years on an average.

In case land remains unutilized after acquisition, the new Bill empowers States to return the land either to the owners or to the State Land Bank. The period for the return of unutilized land has been reduced to 5 years from 10 years in the Bill. Now in case of infrastructure projects like industrial corridors the project does not take off before five years because of problems in getting numerous statutory clearances. Hence, the period needs to be increased to ten years as the period of five years is insufficient. Another issue is retrospective application of this Act. For land acquired after 5th September 2011, extra compensation will have to be paid. There is not much clarity on this as whether this will apply to all land acquired after 5th September even if the proceedings were initiated before this date or will it apply to only those transactions where proceedings have been initiated after this date.

In the case of acquisition of land for the purpose of railways, highways, ports, power, irrigation projects, etc. requirement of consent from project affected people is applicable only to private companies and not to PSUs. This may lead to a situation where two companies wanting to make an acquisition for the same project will have to fulfill different conditions on the basis of the nature of their ownership. By discriminating against the private sector this Bill undermines the contribution of private sector in the nation building and developmental process and shows lack of trust for private sector which is unwarranted. I would request the Government to have same set of conditions for the private and public sector firms.

Suggestions given by me are for making the provisions of the bill more meaningful, effective, purposeful and acceptable to all whose interests are to be affected. I hope that some of the apprehensions mentioned in my speech are proved wrong. I hope that the Bill succeeds in accelerating the process of economic growth and at the same time land owners getting a fair deal. I want the provisions of the bill to be used as an instrument of inclusive growth in the course of economic development of the country.

* **SHRIMATI JAYAPRADA (RAMPUR) :** The definition of family in the Bill has been expanded to include widows,

divorcees an deserted women. But the physically challenged person are not included as a family.

The limits of land to be acquired by private companies to come under the purview of this Act will not be uniform. Every State Government may prescribe its own limit. A minimum limit may be prescribed.

Another important aspect is that it shall be ensured that land acquired by the Government should not be transferred or leased to any private company or agency for any purpose.

The parameters for determining market value should also consider loss of income and livelihood if any caused to persons affected or interested in consequence of acquisition of land.

The Rehabilitation and Resettlement Committee should also include person from the affected and displaced families.

There is a provision that if any acquired land is not put to any use in five years it will be returned to Land Bank. I think three years is a reasonable period.

Choice of employment is provided in the Bill. But I feel that job should be given to one member of family according to qualification and experience and that is missing.

The one time payment per affected family is five lakhs rupees. It is not sufficient in the present day. It should be increased to ten lakhs rupees.

The minimum compensation package at present is the market value is to be multiplied in the case of urban area is 1. It should be increased to 2.

There is a provision that 75% of market value should be given in case of acquisition of land in urgent cases. It should be made 100% of market value.

Irrigated areas should not be acquired at any cost except for security purposes or transport.

श्रीमती पुतुल कुमारी (बांका): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आज सदन में भू-अर्जन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन विधेयक पेश किया गया है और उस पर चर्चा हो रही है। इस विधेयक को क़ानूनी ज़ामा पहनाने की प्रक्रिया जारी है। हम लोगों को इस विधेयक का इंतजार काफी दिनों से था। आम जनता में एक अफवाह थी, एक डर का माहौल था कि बहुत कड़ा क़ानून आ रहा है। इस क़ानून के आने के बाद उद्योग-धंधों को बड़ी मुश्किल होगी। आज हम हम इस विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदया, भू-अर्जन का काम हमारे सारे डेवलपमेंट के काम से जुड़ा हुआ है। हमारी विकास की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। लेकिन हम जब भी कोई विकास का काम करते हैं, तो जमीन, पेड़-पौधे आदि के दोहन की बात आती है, लेकिन इसके बिना विकास की प्रक्रिया पूरी भी नहीं होती। दूसरी तरफ, जब हम भूमि दाता से जमीन लेते हैं, भूमि अधिग्रहित करते हैं, तो उसके साथ उनकी ज़मीन चली जाती है, उनकी पहचान खो जाती है, उनके अस्तित्व का संकट पैदा हो जाता है, उनकी पूरी-की-पूरी जिन्दगी बिखर जाती है। गांव में एक कहावत है कि " चिड़िया का घर भी नहीं उजाड़ा जाता है, उसका घोंसला भी नहीं उजाड़ते हैं। " जब भू-अर्जन की प्रक्रिया होती है, तो पूरा-का-पूरा गांव, पूरा-का-पूरा शहर तबाह हो जाता है।

अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत साल पीछे की बात कहती हूं। टिहरी पर जब बांध बन रहा था, उस समय की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं। उस समय बड़े-बड़े दावे हो रहे थे कि यह बहुत काम का है, इसके बहुत-सारे लाभ गिनाये गये थे। लेकिन साथ में एक बहुत बड़ा डर भी बताया गया था। वह डर यह था कि यदि कभी टिहरी का बांध टूटा, यदि बांध का पानी इधर आया, तो इसके साथ-साथ यह दिल्ली भी तबाह हो जाएगी, दिल्ली भी बह जाएगी। वैज्ञानिकों का अभी भी यही मानना है। लेकिन मैं ज्यादा इसलिए चिन्तित हुई थी कि जब टिहरी बांध बन गया था और धीरे-धीरे पानी इसमें डाला जा रहा था, जब बांध का पानी छूटा था, मैं टेलीविज़न पर देख रही थी, कई घंटों से यह प्रक्रिया चल रही थी, मैं सच बता रही हूं, उस समय मेरी आंखों में आंसू आ गये थे, जब टिहरी शहर धीरे-धीरे पानी के अंदर जा रहा था। एक पूरी संस्कृति, एक पूरा इतिहास, एक पूरी पहचान पानी के अंदर चली गयी थी। इसी तरीके से जब हम किसी को उखाड़ते हैं, एक पूरे वृक्ष को जड़ से उखाड़कर कहीं दूसरी जगह लगाने की कोशिश करते हैं, तो वह काफी मुश्किल और दुख भरा काम होता है। अगर उसमें प्रक्रिया सही तरीके से नहीं अपनाई जाए, तो उनका दुख और भी बढ़ जाता है। बिहार में जो भू-अर्जन की प्रक्रिया है, उसमें हम बिहार दो बड़ी फसल बोते हैं, तीन छोटी-बड़ी फसलें बोते हैं या चार छोटी-छोटी फसलें लगाते हैं। लेकिन बिहार में जो दो फसल वाले खेत होते हैं, उनका भू-अर्जन उद्योग-धंधों के लिए नहीं किया जाता है, जो एक फसल वाली जमीन होती है, उसे लेते हैं। इसी तरीके को प्रयोग में लाते हुए हमारे संसदीय क्षेत्र बांका में एक बहुत बड़े औद्योगिक घराने की कंपनी आई थी और उसने बताया था कि वहां पर 2400 मेगावाट का पावर प्लांट बनेगा। मैं चाहती हूं कि मंत्री जी इसे ध्यान से सुन लें, यह बहुत मुश्किल बात है। 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन वहां होगा, ऐसा कह गया था। लोग बड़े खुश हुए, लोगों में उत्साह जगा। उन लोगों ने सोचा कि उनके भी दिन फिरेंगे। कहा जाता है कि 12 साल बाद कूड़े का भी दिन फिरता है, तो बिहार का भी दिन फिरेगा, हमारे यहां भी फैक्टरी लगेगी, हमारे नवयुवकों को काम मिलेगा, कहीं जाकर उनको दुत्कार सुनकर वापस नहीं आना पड़ेगा और इस तरह से भू-अर्जन प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष महोदया, यह बड़ी दयनीय बात है, आप इसको ध्यान से सुनिए। इस प्रक्रिया में सैकड़ों एकड़ जमीन का अधिग्रहण हुआ, 6000 रुपये किसान को मिले। उस जमीन को चार-पांच बार बेचा गया। छः हजार, साठ हजार, दो लाख रुपये, चार लाख रुपये, छः लाख रुपये के दाम पर उसी जमीन को चार-पांच बार बेचा गया, जमीन को खरीदकर बेचने वाला व्यक्ति करोड़पति बन गया, लेकिन जमीनदाता किसान को छः हजार रुपये के हिसाब से पैसे मिले। जो लोग जमीन देने को राजी नहीं हुए, ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, अब समाप्त कीजिए।

श्रीमती पुतुल कुमारी : अध्यक्ष महोदया, यह बहुत गंभीर बात है, इसे सुन लीजिए।

जो लोग जमीन देने को राजी नहीं हुए, उनको नक्सलवादी गतिविधियों में शामिल होने का इलज़ाम लगाकर रात-रात भर पुलिस द्वारा बंद रखा गया और इस तरीके से उनको डराया-धमकाया गया। भूमि माफिया इतना सक्रिय, स्ट्रंग और निर्मम है कि लोगों की भावनाओं का तनिक भी कद्र नहीं करता है।

अध्यक्ष महोदया, आप जानती हैं कि कानून में जो प्रावधान है, उसमें एक आदमी, जिले के डीएम पर सारा दारोमदार डाल दिया गया है, इससे इस कानून का काफी दुरूपयोग हो सकता है। इसलिए उसके साथ वहां के सांसद, एमएलए और पंचायत के प्रतिनिधियों को भी जोड़ें, तभी उसका सही लाभ मिल सकेगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपका समय हो गया। अब बैठ जाइए।

श्री राजू शेट्टी जी, अब आप बोलिए।

श्रीमती पुतुल कुमारी : अध्यक्ष महोदया, वह कमेटी मिलकर देखे कि विस्थापितों को उनकी भूमि का मूल्य मिला या नहीं और आगे चलकर अगर कोई उद्योग-धंधा वहां लगता है, तो उसका कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिल्टी का पैसा वहां के लोगों पर खर्च होता है या नहीं, उसका दो प्रतिशत वहां जा रहा है या नहीं, जैसा आपने कंपनीज एक्ट में पास किया है। यह निर्देश भी उन कंपनीज को दीजिए, ताकि यह काम हो सके।...(व्यवधान)

*__SHRI CHARLES DIAS (NOMINATED) :__ The Bill to ensure transparent process for land acquisition for industrialization, development of essential infrastructure with the least disturbance to the owners of the land and other affected families and provide just and fair compensation is an essential legislation, which was pending as the country is facing difficulties to implement many projects.

The specific clauses in the bill for (i) Constitution of Committee to examine proposals for land acquisition; (ii) Preliminary survey of land and power of officers to carry out survey; (iii) Payment for damage; (iv) Hearing of objections; (v) Preparation of Rehabilitation and Resettlement Scheme; (vi) Power to summon and enforce attendance of witness and production of documents; (vii) Special powers in case of urgency to acquire land in certain cases; (viii) Appointment of Commissioner for Rehabilitation and Resettlement; (ix) Establishment of National Monitoring Committee for Rehabilitation and Resettlement; (x) Establishment of Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Authority; (xi) Appeal to High Court; (xii) Payment of compensation etc. which are intended to ensure the process of land acquisition more transparent and advantageous to the owners of land. But I have my own doubt that the long process and the establishment of so many committees and authorities will make the process more time-consuming.

While I appreciate the Government in the move to protect the interests of land owners and to ensure land for infrastructure development, the process adopted have to make it more speedy and save the land owners from the clutches of bureaucracy and thereby cause procedural delay.

The Government's move is with good intentions and the clauses of the Bill are definitely meant for ensuring the land owners justice and acquisition of land for projects in a more humane and reasonable way. I support the Bill.

अध्यक्ष महोदया : श्री राजू शेट्टी जी, अब आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Only what Shri Raju Shetti says will go on record.

(Interruptions) â€¦ *

राजू शेट्टी (हातकंगले): अध्यक्ष महोदया, प्रस्तावित भू-अर्जन एवं पुनर्वासन बिल में जो 16 अधिनियम इसके अंतर्गत नहीं आएंगे, उनके बारे में कुछ बिन्दु आपके सामने रखना चाहता हूं। राष्ट्रीय मार्ग अधिनियम, पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन अधिनियम, स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास अधिनियम, विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, कोयला धारण भूमि अर्जन अधिनियम और विद्युत अधिनियम, इन सात अधिनियमों में एसईजेड अधिनियम को वापस लेने की घोषणा की है, लेकिन जो बाकी अधिनियम हैं, उनको भी इस लिस्ट से हटाने की आवश्यकता है। जब हम राष्ट्रीय महामार्ग बनाते हैं, तो बीओटी के तहत बनाते हैं, उसकी प्रोजेक्ट कॉस्ट में जमीन की कीमत बहुत ही मामूली होती है और टोल लगाकर उसका पैसा भी वसूल होता है, तो फिर क्यों किसानों को उसका मुआवजा क्यों न मिले। इसलिए राष्ट्रीय महामार्ग अधिनियम को उसमें से ओमिट किया जाए, मैं यह मांग करता हूं। इसी तरह से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन अधिनियम, कोयला धारण क्षेत्र और विद्युत अधिनियम तो मुनाफा कमाने वाली निजी कंपनियां भी आजकल इस क्षेत्र में आ चुकी हैं। इसलिए इनको कोई विशेष छूट देने की आवश्यकता नहीं है। किसानों की जमीन जाएगी, लेकिन मुनाफा ये कंपनियां कमाएंगी जो सरकारी या निजी कंपनियां होंगी। इसलिए इनको भी उसमें से डिलीट करना चाहिए। स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम को भी डिलीट करना चाहिए और विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन करने की जिम्मेदारी स्वयं सरकार की है।

सरकार अपनी जिम्मेदारी टालने के लिए इस कानून को बनाकर अगर बाहर रहेगी तो किसानों की जो जमीन अधिगृहित होगी, उनके साथ अन्याय होगा। मैं मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं कि यह जो बिल आप पास करने जा रहे हैं, इसे भूतलक्षित प्रभाव से लागू किया जाए। इससे यह होगा कि पूर्व में जिन किसानों की जमीन बाहुबल के जरिए ले ली गई है, उन्हें भी न्याय मिल सकेगा। विस्थापितों के निर्वहन के लिए मंत्री महोदय ने 25,000 रुपए मुआवजे के लिए प्रावधान किया है। मैं चाहता हूं कि इसे बढ़ाकर 2,50,000 रुपए करना चाहिए। इस बारे में मैंने संशोधन भी दिया है। जो छोटे-छोटे दुकानदार हैं या छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले हैं उन्हें 25,000 रुपए के बजाए एक लाख रुपए का मुआवजा देने की आवश्यकता है। मैंने इस बारे में भी संशोधन दिया है। मैं चाहता हूं कि इन सब पर मंत्री जी विचार करें और हमारे संशोधनों को स्वीकार करके इस बिल को पास करें।

***श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी)**ः वर्ष 1894 में बना भूमि अधिग्रहण अधिनियम प्रभावित लोगों को Rehabilitation and Resettlement (R&R) का अधिकार प्रदान नहीं करता था, जिसकी प्रतिपूर्ति हेतु वर्ष 2007 में लोक सभा में दो महत्वपूर्ण बिल पेश किए गए,िजसमें एक 1894 में भूमि अधिग्रहण अधिनियम में संशोधन और दूसरा,राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति को वैधानिक दर्जा प्रदान किए जाने के संबंध में थे। उक्त दोनों बिल 14वीं लोक सभा के भंग होने के साथ-साथ लैप्स हो गए। राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सुझावों के साथ पुनः 2011 में लैंड एक्वीजीशन, रीहैबिलिटेशन एंड रीसैटलमेंट बिल पेश किया गया, जिसमें भूमि अधिग्रहण और आर एंड आर के प्रावधानों का समावेश किया गया। मुझे खुशी है कि आज अनेकों संशोधनों के बाद राइट टू फेयर कंपन्सेशन एंड ट्रंसपेरेंसी इन लैंड एक्वीजीशन, रीहैबिलिटेशन एंड रीसैटलमेंट बिल,2013 चर्चा हेतु लोक सभा के कार्यवाही सम्मिलित किया गया है। विधेयक में भूमि अधिग्रहण की सीमा को दो भागों में बांटते हुए तय किया गया है। पहला भाग सरकार के साथ सार्वजनिक निजी सहभागिता उन परियोजनाओं का है, जिसमें भूमि के स्वामित्व का अधिकार सरकार के पास रहेगा। दूसरा केवल उन निजी कंपनियें का है जो राष्ट्रहित के कार्यों के लिए है-

- Projects related to Agriculture, agroprocessing, cold storage facilities.
- Industrial Corridor or mining activities, national investment and manufacturing zones as designated in the National Manufaturing Policy.
- Government administred or government aided educational and research institutions.
- Sports, healthcare, transport or space program projects.
- Any other infrastructure facilities notified by the Central Government after tabling the notification in Parliament.
- Further acquisition under urgency clause has also been limited for the purposes of national defence, security and natural calamities, and any other emergencies (which will need the approval of Parliament).

इस विधेयक में सरकार की पूर्व अनुमति के बिना अधिग्रहित भूमि के स्वामित्व में किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा तथा भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास व पुनर्स्थापना में गलत या भ्रामक सूचनाएं/धोखा देने की कोशिश करने वाले कर्मचारी/प्राधिकारी को दण्ड का प्रावधान भी किया गया है। इसके अतिरिक्त बिल में यह भी प्रावधान किया गया है कि अधिग्रहीत भूमि का 5 साल तक प्रयोग न करने पर इसे सरकार को लैण्ड बैंक को लौटाना होगा।

यूपीए सरकार आम आदमी और राष्ट्रहित के लिए हमेशा ही संवेदनशील रही है, इस संशोधित नए विधेयक में हर अधिग्रहण के लिए अनिवार्य पुनर्वास और पुनर्स्थापना को प्रावधान रखा गया है। निजी कंपनियों के द्वारा अधिग्रहण के लिए 80 प्रतिशत तथा सार्वजनिक सहभागिता परियोजनाओं के लिए 70 प्रतिशत जमीन मालिकों की सहमति को अनिवार्य रखा गया है। वैज्ञानिक तरीके से बनाए गए फार्मूले में ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले अधिग्रहण के मुआवजे पर अधिक

जोर दिया गया है। इस फॉर्मूले में ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार मूल्य से 4 गुणा तथा शहरी क्षेत्रों में 2 गुणा मुआवजा देने का निर्णय लिया गया है। जीवन निर्वाह भत्ता, नौकरी, घर जमीन, परिवहन भत्ता, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इंदिरा आवास/शहरी क्षेत्रों के लिए 50 वर्ग मीटर चबूतरा, आंशिक प्रभावित परिवारों के लिए 50,000 रु. का एकमुश्त भत्ता, पूर्ण प्रभावित परिवारों को 5 लाख रु. एकमुश्त या 2000 प्रतिमाह 20 वर्ष तक पुनर्वास भत्ता व ठोस पुनर्वास पैकेज, 25 से अधिक आधारभूत सुविधाएं (बैंक, स्कूल, सड़क, बिजली, डाकघर) आदि शामिल है। इस बिल में भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता के साथ-साथ ग्राम सभा/स्थानीय निकायों के साथ मिलकर सामाजिक-आर्थिक लागत का भी विश्लेषण सुनिश्चित किये जाने का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। अतः मै इस बिल का समर्थन करता हूं।

***श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** आज भूअर्जन व पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन संबंधी विधेयक पर चल रही चर्चा पर मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं । एल ए एक्ट 1894, का निरसन कर यह नया कानून बनाने का आपने निर्णय लिया हमें इस नये कानून से बहुत अपेक्षाएं थी लेकिन बिल का प्रारूप देख कर निराशा ही हाथ लगी । ब्रिटिश काल से चल रहे इस एल ए एक्ट 1894 को निरसन कर नया कानून किसानों के हित में नहीं बन पाया इसका भारी दुख है ।

इस विधेयक पर मैंने कुछ सुधार सुझाये हैं । जिसमें संशोधन 323, 339, 341, 335 को स्वीकार कर दर्शायी पंक्तियों का लोप करे ।

महोदय भूमि अर्जन करते समय हमें यह सोचना चाहिए जिन किसमों की भूमि का अधिग्रहण हो रहा है वह किसान अपनी भूमि अधिग्रहण करो, यह कहने नहीं जाता

। सरकार द्वारा अधिग्रहण होता है। वह किसान के दर पर जाती है, फिर उस भूमि का मूल्य किसान बताएगा या सरकार, यह बड़ा प्रश्न है।

मैं सुझाव देता हूं कि भूमि का मूल्य मांगने का अधिकार उस किसान को होना चाहिए या चर्चा कर मुल्य तय होना चाहिए। प्राचीन सी बी एक्ट 1957 में धारा 14 (1) में निगोसियेशन का प्रावधान होना है जिसमें किसानों से कोल इंडिया ने भूमि ली है। निगोसेशन किया और मूल्य बढ़ाकर दिये। 20 गुणा, 40 गुना..... भूमि का मूल्य बढ़ाकर दिया गया। ऐसा कोई कदम इस कानून में होना चाहिए जिसमें निगोसेशन का रास्ता रहे। इस कानून में संशोधन स्वीकार कर बनाया जाय तथा इसे पीछे जाकर आजादी के बाद जितनी भी भूमि का अधिग्रहण हुआ है, जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण हुआ, उन्हें भी इस नये कानून का लाभ मिलना चाहिए। ऐसा प्रावधान पूर्वलक्षी होना चाहिए।

कृषि भूमि और कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण तभी करें जब अत्यावश्यक हो। जहां खनिज संपत्ति भूमि के निचे दबी हो , ऐसी जगह पर तथा कृषि भूमि का अधिग्रहण अनुचित है। पर किसानों को निगोसेशन से मूल्य तय करना चाहिए।

जिस किसान की भूमि अधिग्रहीत होती है, उसके साथ उस किसान के पास खेतीहर मजदूरों का भी पुनर्वास-पुनर्व्यवस्थापन होना चाहिए।

भूमि अधिग्रहण के बाद अगर पांच वर्ष में उस भूमि पर विकास कार्य न हों या उसे उपयोग में नहीं देने पर अगर 5 वर्ष में उपयोग नहीं लिया गया तो उस भूमि को उन किसानों को वापस देने की कार्यवाही हो इसका प्रावधान होना चाहिए, न कि सरकार उसे लैण्ड बैंक में जमा कराए।

किसानों की भूमि जो अधिग्रहित होनी है , वह भूमि जिनको विविध व्यवसाय और उद्योगों के लिये विकासित की जाती है, उस विकसित भूमि का 20 प्रतिशत हिस्सा विस्थापित किसानों को मिलना चाहिए।

इस विधेयक पर अनेक सुझाव-संशोधन जो हमारे नेता माननीय राजनाथ सिंह जी ने दिए हैं, उन सभी सुझावों का समर्थन करते हुए निवेदन करता हूं कि उन्हें स्वीकार कर विधेयक पारित किया जाए।

***श्री नारनभाई काछड़िया (अमरेली):** यह एक ऐसा पहला बिल है जिससे किसानों की भावना और उनका सम्मान जुड़ा हुआ है। एक किसान के लिए उनकी भूमि ही सब कुछ होती है उसी भूमि से किसन और उनके परिवार का लालन-पालन होता है। जब उनकी भूमि किसी के द्वारा छीन ली जाती है तो वह किसान जीवन भर के लिए बेसहारा और असहाय हो जाता है। सबसे पहले सरकार को इस बिल में यह संशोधन करना चाहिए कि कभी भी कृषि वर्ग की भूमि को अधिग्रहण नहीं होने देना चाहिए क्योंकि हमारा देश एक कृषि-प्रधान देश है और यदि आपात स्थिति में ऐसे भूमि अधिग्रहण की जरूरत पड़ती है तो उस भूमि के मालिक को एक उचित इन्सेंटिव मिलना चाहिए। आज लगभग 6.5 करोड़ किसान विस्थापित हो चुके हैं और वे कई वर्षों से अपने हक के लिये आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई नतीजा नहीं निकल पाया है और इसके लिये हमारा संसदीय क्षेत्र अमरेली एक ताजा उदाहरण है। मैं सरकार से यहां माग करता हूं कि विस्थापित किसानों को उचित मुआवज मिलना चाहिए।

इस बिल को पढ़ने से यह पता चलता है कि बिल में शहरी क्षेत्र और उद्योग पर विशेष ध्यान दिया गया है और ग्रामीणों की उपेक्षा की गई है। किसानों के कृषि लाभ के लिए 27 मार्च 2012 को एक गजट तैयार किया गया और उसमें व्यवसायिक गतिविधियां शामिल की गई और अंधाधुंध स्पेशल इकोनोमिक जोन बनाये गये और किसानों के भूमि का अधिग्रहण किया गया और किसानों को इनका कोई फायदा नहीं हुआ और उल्टे में उनके कई नुकसान हुए।

आज सरकार के भूमि बैंक में कई ऐसे उपजाऊ जमीन है जो कई वर्षों से बेकार पड़ी हुई हैं। वैसे जमीन को प्रयोग में लाना चाहिए या फिर किसानों को वापस दे देना चाहिए। आज भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन के कई केस वर्षों से न्यायालय में लम्बित है। इस केस के हल के लिए भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन प्राधिकरण की व्यवस्था प्रत्येक राज्य के जिले स्तर पर होना चाहिए और ऐसे केस को फास्ट-ट्रैक में कम से कम समय में निपटारा करना चाहिए।

आज महानगरों में लाल डोरा और अनियमित कालोनियों में शहर की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या बसी हुई है और ऐसे कालोनियां नियमित नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी सुविधा नहीं

* Speech was laid on the Table

मिल पाती है और उन्हें काफी दिक्कतें का सामना करना पड़ता है। इसलिये ऐसी कालोनियों को नियमित कर देना चाहिए।

आज तक इस बिल का संशोधन तीन बार हो चुका है लेकिन आज भी यह बिल अपनी मुख्य धारा से भटका हुआ है। यह बड़े दुख की बात है कि यह सरकार 9 वर्ष बीत जाने के बाद यह संशोधन लाई है, लेकिन फिर भी हम इस बिल को सपोर्ट कर रहे हैं।

में सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह बिल एक अति महत्वपूर्ण बिल है, इसमें देश के किसानों की भावना जुड़ी हुई है उन्हें एक लंबे समय से इस बिल में संशोधन का इंतजार है और हमें आशा है कि मा. मंत्री जी सभी संशोधनों की गहन समीक्षा करके लागू करेंगे और किसानों के आत्मसम्मान को बनाए रखेंगे तथा साथ ही साथ इस बिल का संशोधन कर मुख्यधारा में लाएंगे।

*__श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन):__ भूमि अधिग्रहण विधेयक का जो सरकार द्वारा मसौदा तैयार किया है । उसमें किसानों का ध्यान नहीं दिया गया है। हमारे देश की आबादी सवा करोड़ से अधिक हो गयी है । यदि कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाता है तो आने वाले समय में लोगों को भोजन की भरपेट नहीं मिल पायेगा हमें दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ेगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि देश में बंजर भूमि परती भूमि एवं जो कृषि योग्य भूमि न हो उसे ही अधिग्रहण करना चाहिए । वहां की ही उद्योग लगाना चाहिए जाहं पर जमीन बंजर एवं पर्याप्त हो मंत्री से अनुरोध करूंगा कि हमारे पूरे संसदीय क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए जमीन उपलब्ध है । कानपुर देहात एवं जालौन, झांसी एवं पूरे बुदेलखंड में भारी मात्रा में जमीन है । मेरे क्षेत्र में जमीन है । उद्योग लगाने की में माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि हमारे क्षेत्र में उद्योग लगवाए और हम जमीन उपलब्ध करावेंगे । किसानों के पास कृषि के अलावा दूसरा कोई साधन नहीं है । कृषि योग्य जमीन का यदि अधिग्रहण किया गया तो किसान भूखों मर जायेगा जमीन किसान की मर्जी से जमीन लेना चाहिए जबरन नहीं, यदि किसानो की भूमि ली जाती है तो उसके परिवार को नौकरी, एवं अधिक मूल्य देना चाहिए तथा, जो परिवार बेरोजगार है नौकरी नहीं करने लायक है । तो उसे एक मुस्त रकम देना चाहिए एवं प्रति माह बेरोजगारी भत्ता भी उस परिवार को देना चहाए, जमीन अधिग्रहण के संबंध में राज्य सरकारों के ऊपर छोड़ देना चाहिए वो अपने स्तर से जमीन अधिग्रहण जांच कराकर करे । माननीय मंत्री से अनुरोध करूंगा कि मेरे सुझाव बहुत महत्वपूर्ण है एवं किसानों के हित में है । उनको मानने की कृपा करे । मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र कानपुर देहात का विधान सभा भोगनीपुर एवं पूरा बुंदेलखंड कृषि पर ही आधारित है । किसान एवं गरीब को पीड़ा में बहुत अच्छी तरह समझता हूँ । इस विधेयक में माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि किसानों के हित को नजरअंदाज न किया जाये । नेता जी ने जो सुझाव दिया है , वो बहुत महत्वपूर्ण है । एवं किसानों का हित उन्हीं के सुझाव में है । उनके पूरे सुझाव इस विधेयक पारित होने से पहले जरूर मान लेना चाहिए हम विधेयक का समर्थन करते हैं ।

*__श्री रतन सिंह (भरतपुर):__ माननीय यूपीए अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी जी, माननीय श्री राहुल गांधी जी, माननीय प्रधानमंत्री महोदय के मार्गदर्शन में माननीय ग्रामीण विकास मंत्री भूमि अर्जन, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन विधेयक 2011 स्वीकृति हेतु लोक सभा में लाये हैं। मैं उनका अभिनन्दन व आभार व्यक्त करता हूँ। भूमि अर्जन (संशोधन) विधेयक, 2007 और पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन विधेयक 2007, 6 दिसम्बर 2007 को लोकसभा में पुन:स्थापित किये गये थे और उन्हें परीक्षा तथा रिपोर्ट के लिए ग्रामीण विकास से संबंधित संसदीय स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थाई समिति ने अपनी रिपोर्ट (39वीं और 40वीं रिपोर्ट) लोकसभा में 21 अक्टूबर, 2008 को प्रस्तुत कर दी थी और उसी दिन उसे राज्य सभा में रख दिया गया था। स्थाई समिति की सिफारिशों के आधार पर और उसके परिणामस्वरूप, विधेयकों पर शासकीय संशोधन प्रस्तावित किये गये थे। विधेयकों को उनके शासकीय संशोधनों के साथ 25 फरवरी, 2009 को लोकसभा द्वारा पारित कर दिये गये थे। किन्तु वे 14वीं लोकसभा के विघटन पर व्यपगत हो गये थे।

अतः अब न्यायोचित और ऋण प्रतिकर प्रदान करने और प्रभावित व्यक्तियों और उनके कुटुबों के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए पर्याप्त उपबंधों को बनाने के लिए भूमि के अर्जन से संबंधित एक समान विधान होने का प्रस्ताव है। इस प्रकार विधेयक परियोजना से प्रभावित

व्यक्तियों और उनके कुटुबों के लिए पर्याप्त पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन तंत्र के व्यापक उपबंधों से भूमि अधिनियम, 1894 का निरसन और प्रतिस्थापन के लिए उपबंध करता है। सार्वजनिक सुविधाएं या अवसंरचना की व्यवस्था के लिए प्राइवेट संपत्ति के अर्जन हेतु राज्य द्वारा शक्तियों का प्रयोग करने की प्राय आवश्यकता होती है जिसके परिणामस्वरूप लोगों का विस्थापन उनकी भूमि उनकी जीविका और आश्रय से उनका वंचित होना उनके पारंपरिक स्त्रोत आधार तक उनकी पहुंच निर्बाधित होती है और उनको सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण से अलग करता है। इनसे प्रभावित जनसंख्या पर अभिघाती, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सांस्कृतिक परिणाम निकलते हैं जो उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए मांग करते हैं। विशिष्टतया समाज के दुर्बल वर्गों के मामले में जिनमें अनुसूचित जातियां अनुसूचित जनजातियां, सीमांत कृषक और उनके कुटुंब सम्मिलित हैं। प्रभावित

---

* Speech was laid on the Table

व्यक्तियों और कुटुम्बों की क्रियाशील भागीदारी के साथ विरचित विकास प्रक्रिया से संबंधित मूलभूत रूप में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मुद्दों को मान्यता देना अनिवार्य रूप से आवश्यक है। धनिय प्रतिकर से परे अतिरिक्त फायदे अस्वैच्छिक विस्थापन द्वारा प्रतिकूल रूप से प्रभावित कुटुम्बों को प्रदान किये जाने हैं। उनकी दशा जिनका ऐसी भूमि पर अधिकार नहीं है जिस पर वे अपने अस्तित्व के लिए मुख्य रूप से निर्भर है, और भी बदतर है। यह विस्थापन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया ढांचे में सम्मिलित करने के लिए न केवल उन व्यक्तियों को जो सीधे तौर से अपनी भूमि अन्य आस्तियां खो देते हैं किन्तु उन सभी व्यक्तियों के लिए भी हैं जो ऐसे अर्जन द्वारा प्रभावित हैं। योजनाकारों के भाग पर विस्तृत सामंजस्य प्रयत्न के लिए भी मांग करता है। विस्थापन प्रक्रिया में बहुधा ऐसी समस्याएं सामने आती हैं जो पुनर्व्यस्थापन के पश्चात उनकी पारंपरिक जीविका के क्रिया-कलापों को जारी रखने में प्रभावित व्यक्तियों के लिए कठिनाई उत्पन्न करती है। यह आर्थिक अलाभ और विस्थापन से उदभूत सामाजिक समाघात के सावधानीपूर्वक निर्धारण करने की अपेक्षा करता है। प्रभावित व्यक्तियों और उनके कुटुम्बों की सर्वांगीण जीविका मानकों के सुधार करने का लक्षियत समग्र प्रयत्न भी अवश्य किया जाना चाहिए।

परियोजना प्रभावित कुटुंब के लिए राष्ट्रीय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नीति वर्ष 2003 में विरचित की गई थी, जो फरवरी, 2004 में प्रवृत्त हुई थी, इस नीति के कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभव यह उपदर्शित करते हैं कि नीति द्वारा संबोधित किये गये अनेक मुद्दे हैं जिन पर पुनर्विलोकन किये जाने की आवश्यकता है। लागत और फायदे जो प्रत्येक परियोजना की वांछनीयता और न्यायोचिता के व्यापक रूप से समाज को उद्भूत होंगे, के सावधानीपूर्वक परिणाम के माध्यम से स्पष्ट बोध होना चाहिए। आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से प्रभावित कुटुम्बों पर प्रतिकूल समाघात का निर्धारण, सहभागी और पारदर्शी रीति में अवश्य किया जाना चाहिए। इस प्रकार राष्ट्रीय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन ढांचे को सभी परियोजनाओं में लागू किया जाना चाहिए। इस प्रकार राष्ट्रीय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन ढांचे को सभी परियोजनाओं में लागू किये जाने की व्यवस्था है।

राष्ट्रीय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नीति, 2007 को परियोजना प्रभावित कुटम्ब 2003 के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की राष्ट्रीय नीति 2003 को प्रतिस्थापित करने के लिए इन आधारों पर विरचित की गई है। नई नीति को राजपत्र में अधिसूचित किया गया है और 31 अक्टूबर 2007 से यह प्रवर्तनशील हो गई है। अनेक राज्य सरकारों के पास अपनी स्वयं की पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नीतियां हैं। अनेक पब्लिक सैक्टर उपक्रम या अभिकरण भी इस विषय में अपनी स्वयं की नीतियां रखते हैं।

यह विधि तभी लागू होगी जब सरकार अपने स्वयं के उपयोग रखने और नियंत्रण लोक प्रयोजन या शीघ्रता के लिए प्राइवेट कंपनियों के उपयोग और लोक प्रयोजन के लिए प्राइवेट कंपनियों के द्वारा घोषित उपयोग के लिए इसको अंतरित करने के अंतिम प्रायोजन के साथ भूमि अर्जित करती है। केवल पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के उपबंध तभी लागू होंगे जब प्राइवेट कंपनियां किसी परियोजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 100 एकड़ से अधिक या शहरी क्षेत्रों में 50 एकड़ से अधिक भूमि का क्रय करती है। भूमि अर्जन के उपबंध अर्जित किए जाने वाले क्षेत्र को लागू होंगे किंतु पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित उपबंध संपूर्ण परियोजना क्षेत्र को उस दशा मे भी जब प्राइवेट कंपनी लोक प्रयोजन के लिए अंशतः अर्जन हेतु सरकार के पास जाती है, लागू होंगे।

"लोक प्रयोजन`` को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है जिससे कि अर्जन में सरकारी मध्यक्षेप केवल रक्षा, कतिपय विकास परियोजनाओं तक सीमित हो। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कम से कम परियोजना प्रभावित कुटुम्बों की 80 प्रतिशत की सहमति पूर्व दी गई सूचनाबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त की जाए। आत्यावश्यकता खंड के अधीन, अर्जन को केवल राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा प्रयोजनों तक ही सीमित रखा गया है और पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की केवल आपात या प्राकृतिक आपदाओं की दशा में ही आवश्यकता है।

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सिंचित बहुफसलीय भूमि को अंतिम आश्रय उपाय के रूप में अर्जित किया जाएगा। यदि बहु फसलीय भूमि का अर्जन किया जाता है तो कृष्य बंजर भूमि के समतुल्य क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। उन जिलों में जहां कुल बुआई क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्र के 50 प्रतिशत से कम है, वहां जिले के कुल बुआई क्षेत्र के 10 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र का अर्जन नहीं किया जाएगा।

भूमि स्वामियों के लिए विस्तृत प्रतिकर पैकेज को सुनिश्चित करने के लिए भूमि के बाजार मूल्य की परिगणना की वैज्ञानिक पद्धति प्रस्तावित की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में संगणित बाजार मूल्य को दो के गुणक द्वारा किया जाएगा। तोषण को भी कुल प्रतिकर के शत प्रतिशत तक बढ़ावा जाएगा। जहां भूमि शहरीकरण के लिए अर्जित की जाती है वहां विकसित भूमि के 20 प्रतिशत की प्रस्थापना प्रभावित भूमि स्वामियों को की जाएगी।

भूमि स्वामियों के लिए ऐसा विस्तृत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन पैकेज, जिसमें जीवन-निर्वाह भत्ता, काम, गृह सिंचाई परियोजनाओं के मामले के एक एकड़ भूमि, परिवहन भत्ता और पुनर्वासन भत्ता सम्मिलित है, प्रभावित है।

जीविका खोने वाले व्यक्तियों के लिए ऐसा विस्तृत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन पैकेज, जिसमें जीवन-निर्वाह भत्ता, काम, गृह, परिवहन भत्ता और पुनर्वासन भत्ता भी सम्मिलित है, प्रस्तावित है।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए 2.5 एकड़ की भूमि या प्रत्येक प्रभावित कुटुंब को खोने वाली भूमि की सीमा तक का अतिरिक्त फायदा एक मुश्त 50,000 रूपये की वित्तीय सहायता, जिले के बाहर बसे कुटुंबों के लिए 25 प्रतिशत अतिरिक्त पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के फायदे, समुदाय और सामाजिक समारोह के लिए नःशुल्क भूमि और पुनर्वासन क्षेत्र में आरक्षण की निरंतरता आदि का उपबंध करके परिकल्पित किया गया है।

पुनर्वासन क्षेत्र में सभी दैनिक उपयोग की आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान रखा जाएगा। इस आम आदमी, गरीब, किसानों के जन कल्याणकारी प्रगति व विकास सूचक विधेयक का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं।

ओप्रो. रामशंकर (आगरा): बहुत समय से प्रतीक्षित देश के किसानों के हित आने वाला बिल आज माननीय मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है । भूमि अधिग्रहण तथा पुनर्वास एवं पुनःस्थापन विधेयक 2011 का जो मसौदा आज सदन में प्रस्तुत हुआ है उसमें किसानों के हितों के साथ किसानों से खरीदने वाले अथवा सरकार को अधिग्रहण करने के लिए कई ऐसे अधिकार दिए हैं जिनका दुरूपयोग अधिक होगा और शोषण -प्रशासन मिलकर किसानों का शोषण कर सकते हैं ।

मैं मांग करता हूँ कि जो छोटे किसान हैं जिनके पास वहीं जमीन है जिससे परिवार का पालन पोषण होता है उसके बदले में उसी स्तर के उपजाऊ जमीन किसान की इच्छा से दूसरी खरीद कर किसान को दी जाए । जो भी जमीन दी जाए किसान की इच्छा के बिना नहीं ली जाए । किसान को प्रशासन जिस ढंग से प्रताड़ित भय, तथा झूठे मुकदमे एवं अन्य तरह-तरह की कोशिशें करता जिससे किसान मजबूर होकर डर के बजह से जमीन दे देता है । जो जमीन किसान से रोड अथवा सरकारी उपक्रम हेतु ली जाती है वह जमीन तब तक उपयोग की जाए जब तक उपक्रम है उसके न चले पर किसान को जमीन वापिस की जाए ।

किसान की जमीन लेकर यदि शर्तों के अनुसार यदि समय पर सदुपयोग में नहीं लाता उस स्थिति में किसान को जमीन वापिस हो ।

भविष्य में प्रोजेक्ट खत्म हो तो किसान को सर्किल रेट के अनुसार जमीन वापिस दी जाए।

60 वर्ष से ऊपर वाले सदस्यों को कम से कम 5000/- रूपये प्रति माह पेंशन दी जाए ।

जमीन जाने की स्थिति में घर के नौजवानों एवं अन्य सदस्यों को सर्विस दी जाए ।

सरकारी जमीन राष्ट्र हित और व्यक्तिगत हित दोनों को ध्यान में रखकर किसान के हितों को महत्व दिया जाए ।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि किसान की इच्छा एवं स्वीकृति से जमीन ली जाए तथा प्रशासन और शासन द्वारा प्रताड़ित कर जबरदस्ती जमीन लेने के समस्त अधिकारों को समाप्त किया जाए।

---

* Speech was laid on the Table

ओश्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन विधेयक अंततः संसद में चर्चा तथा पारित किए जाने के लिए प्रस्तुत हो गया है । केवल दो दिन के अंतराल पर खाद्य सुरक्षा विधेयक के बाद यह दूसरा अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक लोक सभा के सम्मुख प्रस्तुत है ।

जिस जमीन को अधिग्रहीत किया जाना होता है उसका मालिक प्रायः किसान होता है तथा इन किसानों में अधिकांश छोटे किसान होते हैं जिनकी जोत एक एकड़ या उससे भी कम होती है । इस छोटी-सी जमीन पर मेहनत कर अपने सारे परिवार के पसीने को बहाकर किसान अपना पेट पालता है तथा देशभर की जरूरत के लिए अन्न पैदा करता है, अन्य आवश्यक वस्तुं दलहन, तिलहन, फल, गन्ना, कपास, सब्जियां आदि भी पैदा करता है । स्वाभाविक ही यह जमीन उसकी माँ जैसी है । अधिग्रहण के माध्यम से जब किसान से उसकी जमीन ली जाती है तो इस यथार्थ संबंध को, इस भावनात्मक संबंध को समझना अत्यंत आवश्यक है । किसान की जमीन जब भी ली जाएगी तो स्वाभाविक ही उसके दो परिणाम होंगे - एक उस भूमि से अपनी गुजर बसर करने वाला व्यक्ति तथा परिवार बेरोजगार होगा तथा दो - कृषि योग्य भूमि के घटने से कृषि उत्पाद में कमी आएगी । औद्योगिक विकास के लिए, बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए जमीन चाहिए परंतु उपरोक्त दोनों विषयों का ध्यान रखा जाना महत्वपूर्ण है । नःसंदेह प्रस्तुत विधेयक में इन दोनों विषयों की चिंता करने का प्रयास किया गया है ।

इस विधेयक पर किए गए परिश्रम के लिए मंत्री महोदय बधाई के पात्र है । जरूरत इसमें कुछ कमियां होंगी तथा आगे और भी संशोधनों की अवश्य जरूरत पेश आएगी परंतु सभी पक्षों की बातों पर विचार करके, उनको विधेयक में सम्मिलित करके उन्होंने प्रशंसनीय काम किया है । यह इस बात को भी सिद्ध करता है कि दुराग्रहों को छोड़कर यदि कार्य किया जाए तो व्यापक सहमति निर्माण की जा सकती है । मुझे आशा है कि इस विधेयक के पारित होने के पश्चात् किसान की जमीन का जबरन अधिग्रहण बंद होगा, उसको रोजगार के लिए चिंतित नहीं होना पड़ेगा । कृषि उत्पादों में कमी नहीं आने दी जाएगी तथा देश की औद्योगिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त होगा ।

* Speech was laid on the Table

* **श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर):** गांव वालों की सामुदायिक उपयोग की भूमि की एक इंच भी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जायेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर तथा "Public Purpose" हेतु एकजयी भूमि (Contiguous land) की उतनी ही मात्रा की अदला बदली निजी अधिग्रहीत भूमि से करने के प्रस्ताव के उपरान्त ही अधिग्रहण किये जाने का प्रस्ताव तैयार करे। जहां पर बांध आदि के निर्माण या अन्य रक्षा आदि कार्यों के संबंध में गांव की आबादी का स्थानान्तरण अपरिहार्य हो वहां पुर्नस्थापना क्षेत्र में जितनी "Village common land" ली गयी है कम से कम उतनी भूमि गांव वालों के सामूहिक उपयोग हेतु हर हाल में देनी होगी।

यह कि जलमग्न हो जाने की संभावना व रक्षा आवश्यकता हेतु योजनाओं dÂ¨ छोड़कर अन्य सभी मामलों में, जैसा कि POSCO आदि की योजनाओं में या विकास प्राधिकरण आदि की योजनाओं में जहां हजारों एकड़ भूमि का अधिग्रहण होता है, वहां पर से गांव की आबादी को हटाना निषिद्ध होगा तथा गांव की सभी "common land" को गांव की आबादी के साथ एकजयी (Contiguous) करके गांव के campus (प्रांगण) का विकास करना होगा तथा गांव वालों के आवागमन हेतु एक गांव से दूसरे आदि में जाने हेतु रास्तों का प्रावधान करना बाध्यकारी होगा भले ही इसके लिए सुरक्षित गलियारे ही क्यों न बनाने पड़े, या ऊंची सड़कों का निर्माण ही क्यों न करने पड़े। उदाहरण के तौर पर कानपुर आईआईटी में नानकारी गांव मौजूद हैं तथा गांव वाले आने जाने को स्वतंत्र हैं, केवल सुरक्षा चौकी पर पहचान पत्र या पहचान दर्ज करानी होती है।

*Speech was laid on the Table

सिंचित बहुफसली भूमि का किसी भी परिस्थिति में अधिग्रहण करने का प्रस्ताव नहीं करना चाहिए। "ग्रामीण क्षेत्र`` व "शहरी क्षेत्र`` को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है, चूंकि आपके प्रस्तावित विधेयक में सबसे बड़ी कमी इसी में है। उचित रूप से परिभाषित न होने के कारण लाखों मुकदमें इस विषय में दाखिल किये जायेंगे क्योंकि आपके प्रस्तावित विधेयक में धारा-20 के प्रावधानों के अनुसार "ग्रामीण`` क्षेत्रों में बाजार मूल्य को तीन से गुणा करके मुआवजा देने का प्रावधान है तथा इस पर धारा-21-(2) के तहत मुआवजा राशि के 100 प्रतिशत के बराबर एक "तोषणा`` राशि देने का प्रावधान है अतः यदि किसी भूमि का बाजार मूल्य 1 करोड़ आता है तो "ग्रामीण क्षेत्र`` में होने पर 6 करोड़ मुआवजा बनेगा और नगरीय क्षेत्र में मात्र 2 करोड़ अर्थात तीन गुने का अंतर रहेगा। "अतः स्पष्ट रूप में होना चाहिए कि "ग्रामीण क्षेत्र" का तात्पर्य उस क्षेत्र से है जिसके राजस्व अभिलेख गांव की भूमि के रूप में रखे जाते हैं, भले ही अधिग्रहण के समय यह गांव किसी नगरीय निकाय या किसी विकास क्षेत्र या अन्य विशेष विकास क्षेत्र, मेट्रोपोलिटन एरिया आदि की सीमा में ही क्यों न आते हों, तथा भले ही मास्टर प्लान में उसका कोई भी भू उपयोग हो।``

यदि ऐसा नहीं करेंगे तो सभी नगर निकाय, विकास प्राधिकरण आदि ऐसी भूमियों को अर्जन के वक्त नगरीय या विकास क्षेत्र की भूमि बतायेंगे, जबकि गांव वाले "ग्रामीण क्षेत्र`` बतायेंगे अतः इसे स्पष्ट किया जाना आवश्यक है।

यहां यह बताना आवश्यक है कि वर्तमान में जो आक्रोश भूमि अर्जन के प्रकरणों में भू-स्वामियों में है उसका सबसे बड़ा कारण भूमि अर्जन कलेक्टरों द्वारा स्पष्ट करें कि सामाजिक प्रभाव आकलन कब किया जायेगा। अधिसूचना के पहले ही सामाजिक प्रभाव आकलन किया जायेगा तो प्रस्तावित अधिग्रहण का पता लगते ही बड़े पैमाने पर इसकी जानकारी रखने वाले सरकारी कर्मचारी/अधिकारी/नेता जमीनों की खरीद फरोख्त कर लेंगे ताकि अधिग्रहण के द्वारा 6 गुना बाजार भाव/ 2 गुना बाजार भाव ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के आधार पर मुआवजे में प्राप्त कर सकें।

हर प्रकरण में कलेक्टर कृषि भूमि के अनुसार और वह भी बाजार भाव से दस गुना कम मुआवजा घोषित करता है और फिर गांव के प्रभावशाली व्यक्ति/वकीलों का माफिया गांव वाले से बढ़ हुये मुआवजे की राशि में 50 से 60 प्रतिशत अपना हिस्सा तय करके जजों को रिश्वत देकर उचित मुआवजे के बाद चलाते हैं जिनमें कलेक्टर के अधिनिर्णय से कई गुना मुआवजा देने के आदेश होते हैं उन पर ब्याज व अन्य देय भी बनते हैं मगर जब 20 या 30 साल बाद यह मुआवजा मिलता है तो जमीनों की कीमत में 20 से 25 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ोतरी होने के कारण भूस्वामी 10 प्रतिशत भी खोई हुई भूमि नहीं खरीद सकता। ऐसा अब सर्वोच्च न्यायालय भी देर से ही सही मगर मानने लगा है। कृपया माननीय सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय दिनांक 8.9.1988 जो कि एआईआर 1988 एससी 2123 में K. Krishna Reddy and others के प्रकरण में है, का पैरा 12 पढ़ने की कृपा करें। आप जान जायेंगे। गांव के प्रभावशाली अर्जन माफिया के विषय में आगे (iii) (a) में पढ़ने की कपा करें। इसके अलावा (1994)1 scc44 Ram Chand and Ors का पैरा 14, 10, 11,12,15 आदि पढ़ें यह भूमि अधिग्रहण पर सर्वोच्च न्यायालय के चुनिंदा अच्छे निर्णयों में से एक है।

हर इस प्रकार के मामले में न्यायालय कृषि की दर पर दिये मुआवजे को नकार कर अर्जनाधीन भूमि के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित छोटे प्लाट जिसे रिहायशी प्रयोग हेतु खरीदा या बेचा जाता है, विक्रय मूल्य को ही बाजार मूल्य मानता है तथा चूंकि अर्जन की जाने वाले भूमि ज्यादा होती है तो छोटे प्लाट से तुलना करते वक्त सामान्यतः एक तिहाई की कटौती Deveopment cost विकास खर्च के नाम पर करता है। किसी- किसी मामले में तो बिल्कुल भी कटौती नहीं की जाती है तथा किसी-किसी मामले में किसी क्रोधित किसान विरोधी जज द्वारा 84 प्रतिशत तक की कटौती कर दी गयी है। इन जज महोदय, श्री के. रामास्वामी द्वारा इतने अधिक निर्णय किसानों के खिलाफ दिये गये हैं कि ऐसा आभास होता है कि किसान भूमि के स्वामी न होकर भिखारी हों। इन्होंने सरकार के हर अवैध कृत्य को क्षमा किया, यही काम 90 प्रतिशत अन्य न्यायाधीशों ने भी किया जिसके कारण ही आज के दिन भूमि अधिग्रहण को लेकर जनाक्रोष है और आज यह सर्वव्यापी हैं।

भूमि के बदले भूमि - " बशर्ते कि जहां शहरीकरण हेतु भूमि ... भूमि के अनुपात में उन्हें दिया जायेगा " में कृपया किस मूल्य पर उन्हें दी जायेगी और कितने दिनांक में, इसे स्पष्ट करें। इस विषय में (1993) (3) एससीसी-634 हंसराज एच. जैन वर्सेस स्टेट ऑफ महाराष्ट्र के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पैरा-36 में निर्देश दिये थे कि बदले में दी जाने वाली भूमि on the basis of actual cost of development by charging cost of the acquisition and the development charges no more. "

सरकार द्वारा " विस्थापित " परिवार को ठीक से परिभाषित नहीं किया गया है। भूमिहीनों व प्रभावित परिवारों हेतु वैकल्पिक रोजगार के अवसर कृषि भूमि के अधिग्रहण के कारण समाप्त हो जाते हैं। उन्हें आप विस्थापित भी नहीं मान रहे, चूंकि आबादी का विस्थापन तो मात्र 1 प्रतिशत भू अधिग्रहण के मामलों में ही होता है। इनके लिये सही नीति की जरूरत है ताकि इनकी आबादी के विस्थापन न होने के बावजूद भी इनका पुर्नवास किया जा सके। अर्जनाधीन भूमि के कुल गणना किये गये मुआवजे के 20 प्रतिशत के बराबर मुआवजा भूमिहीन परिवारों, जहां भूमिहीन परिवारों की संख्या गांव के कुल परिवारों की संख्या 40 प्रतिशत से अधिक हो दिया जाये तथा यदि ऐसे भूमिहीन परिवारों की संख्या कुल परिवारों की संख्या के 40 प्रतिशत से कम हो, तो इस परसेंट के आधे के बराबर मुआवजे का प्रतिशत उनमें बांटा जाये। ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए।

श्री जयराम रमेश: अध्यक्ष महोदया, कुल पांच घंटे तक यह बहस चली है और 28 सदस्यों ने अपने विचार यहां व्यक्त किए हैं। मैं पहले तो स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षा सुमित्रा महाजन जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस विधेयक पर बहुत गहराई से जाकर चर्चा की और कई सिफारिशें कीं। उनका जिक्र मैं बाद में करूंगा। उन्होंने अलग-अलग राज्यों और वर्गों के साथ बातचीत करके अपनी रिपोर्ट तैयार की। मैं नेता प्रतिपक्ष को विशेष धन्यवाद देना चाहूंगा, क्योंकि दो सर्वदलीय बैठकों में ऐसा लग रहा था कि हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे, लेकिन उन्होंने स्वयं रास्ता निकाला और आज हम इस बिल पर बहस कर रहे हैं।

मैं राजनाथ सिंह जी का शुक्रगुजार हूं कि पिछले दो साल से मेरी उनसे मुलाकातें हुई हैं और मुझे हर स्टेज पर उन्होंने सुझाव दिए। ज्यादातर सुझाव मैंने शामिल किए

हैं और कुछ ऐसे हैं, जिन्हें नहीं कर सका। मेरी भी मजबूरियां हैं, जिनका मैं जिक्र करूंगा। शरद यादव जी और अन्य नेता भी सर्वदलीय बैठकों में शामिल हुए और अपने-अपने सुझाव दिए। मैं पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्री जी को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं खुद दो बार कोलकाता गया और उनसे बातचीत की। उन्होंने जो आशंकाएं जाहिर कीं, वे काफी हद तक जायज थीं और मैंने कोशिश की उन्हें हटाने के लिए काम करूं। मुझे खुशी है कि ज्यादातर सुझाव जो तृणमूल कांग्रेस की तरफ से आए, इस विधेयक में उन्हें संशोधन के रूप में शामिल किया गया है।

बहुत से राजनैतिक दलों ने मुझे लिखित में सुझाव दिए। हरेक दल को मैंने अपनी तरफ से टिप्पणियां की हैं और उन्हें सौंपा है। मैंने प्रयास किया है कि हर दल के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करूं और आम सहमति बनाऊं।

अध्यक्ष महोदया, इस विधेयक की कई आलोचनाएं हुई हैं। यह आवश्यक भी है और वास्तविक भी है, क्योंकि यह बीच का रास्ता हमने निकाला है। अलग-अलग वर्गों से, अलग-अलग मांगें आ रही थीं। हुक्मदेव जी, किसान संगठनों से मेरी लम्बी मुलाकात हुई है इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि मैंने बातचीत नहीं की। मैं विनम्रता से आपसे कहता हूं कि मैंने पिछले दो सालों से कई संगठनों के साथ कई बार बातचीत की है। उद्योग जगत के संगठनों से भी बातचीत हुई है। राजनैतिक दलों से भी बातचीत हुई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुझे सुझाव मिले हैं। सबको सुनकर हमने यह विधेयक तैयार किया है।

यह बात सही है राजनाथ सिंह जी कि जो मसौदा दो साल पहले सार्वजनिक रूप में रखा गया था, उसके और इस विधेयक में काफी अंतर है। आप जानते हैं, आप भी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। हम सबको साथ लेकर चलने की प्रणाली में हमें कुछ समझौता करना पड़ता है। मैं इससे हटता नहीं हूं। जो मसौदा था और जो विधेयक है इसमें काफी अंतर है और अंतर इसलिए है कि मुझे राज्यों और मुख्यमंत्रियों की आवाज भी सुननी थी। एक ही मुद्दे पर अलग-अलग पार्टियों के अलग-अलग विचार हैं। मैंने सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। हो सकता है कि सब लोग इससे असंतुष्ट हों क्योंकि सबकी कोई न कोई शिकायत होगी। बीच में चलने का खतरा यही है कि सभी को खुश करने के प्रयास में कोई खुश नहीं रहता। मैंने पहले भी कहा है कि मेरी आलोचना प्रगतिशील संगठनों की तरफ से हुई है कि यह विधेयक प्रगतिशील नहीं है और उद्योग जगत से आलोचना आई है कि यह बहुत सख्त विधेयक है। अगर दोनों पक्षों से आलोचना हुई है तो मैंने कुछ सही ही किया होगा।

मैं माननीय राजनाथ सिंह जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने बहुत विस्तार से अलग-अलग क्लॉजों पर टिप्पणियां की हैं। मैं मुख्य रूप से कुछ का जवाब दूंगा। लीजिंग के बारे में उन्होंने जो कहा तो उसका प्रावधान हमने संशोधन में किया है। माननीया सुषमा जी ने सर्वदलीय बैठक में इसका जिक्र किया था और हमने तुंत उसे माना है, पर लीजिंग का अधिकार इस संशोधन में हम राज्यों पर छोड़ रहे हैं। लीजिंग के टर्म्स एंड कंडीशन्स क्या होंगे, यह हम राज्यों पर छोड़ रहे हैं। हम इस संशोधन में नहीं कह रहे हैं कि लीजिंग किस प्रकार होगा, लीजिंग करते हुए किसानों की राय मांगी जाएगी या नहीं, यह सब हम राज्यों पर छोड़ रहे हैं। लेकिन लीजिंग का विकल्प जो आपने हमें दिया था उसका प्रावधान हमने संशोधन में किया है और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है।

माननीय राजनाथ सिंह जी, आपने जो दूसरी बात उठाई है उसे देखकर मैं आश्चर्य-चकित रह गया। आपने यह कहा कि कोई अपील का प्रावधान नहीं है। बहुत ही विनम्रता से मैं आपसे कहता हूं कि यह गलत है। सैक्शन 45 अगर आप देखें तो उसमें कहा गया है कि हरेक राज्य में एक प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। लैंड-एक्विजिशन, लार-अथॉरिटी उसका नाम दिया गया है और जो कलैक्टर का अवार्ड है वह फाइनल इसलिए कहा जाता है, वह लीगल भाषा है, कि प्रशासन की ओर से कोई सवाल नहीं उठा सकता। इसके यह मायने नहीं है कि अगर कोई शिकायत है तो वह अथॉरिटी में नहीं जाएगा और अथॉरिटी से अगर वह असंतुष्ट है तो वह हाई-कोर्ट में भी जा सकता है। यह बात मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सैक्शन 45 में यह प्रावधान किया गया है कि आर्डर अपीलेबल है, लार-अथॉरिटी में और लार-अथॉरिटी के बाद हाई-कोर्ट में भी अपील कर सकता है।

तीसरी बात आपने अर्जेंसी के बारे में कही। मैं आपसे बिल्कुल सहमत हूं कि 1894 के कानून का दुरुपयोग जो हुआ है फौरी-तौर पर यह अर्जेंसी क्लॉज के नाम पर हुआ है। इसीलिए हमने अर्जेंसी क्लॉज की परिभाषा की है कि दो ही ऐसे मौके हैं जब अर्जेंसी क्लॉज का इस्तेमाल हो सकता है। एक तो नेशनल सिक्योरिटी और दूसरा डिफेंस। हो सकता है कि कभी-कभी प्राकृतिक विपदा आती हैं जैसे उत्तराखंड में हमें देखने को मिला है, उस वक्त कभी राज्य सरकारों को अर्जेंसी क्लॉज का इस्तेमाल करना पड़ता है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अर्जेंसी क्लॉज की परिभाषा को हमने भारी मात्रा में सीमित किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा और प्राकृतिक आपदा दो ही ऐसे मौके हैं जहां अर्जेंसी क्लॉज का इस्तेमाल हो सकता है।

आपने रैट्रोस्पेक्टिव क्लॉज के बारे में सवाल उठाए हैं और माननीय राजीव रंजन जी ने भी यह सवाल उठाया था। यह सैक्शन 24 है, रैट्रोस्पेक्टिव क्लॉज है और मैं हंसी-मजाक में अपने सहयोगी मंत्री को कहता हूं कि अगर इस अमेंडमेंट का कोई नाम होता तो इसका नाम छिंदवाड़ा अमेंडमेंट होता, क्योंकि इसमें माननीय कमलनाथ जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राजनाथ सिंह जी, यह सैक्शन 24 क्या कहता है? यह कहता है कि अगर पुराने कानून के तहत अवार्ड पास नहीं हुआ है तो यह नया कानून लागू होगा। दूसरा, अगर अवार्ड पास हुआ है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया है और भौतिक कब्जा नहीं किया गया है, तब यह नया कानून लागू होगा। तीसरी स्थिति है कि जहां अवार्ड दिया गया है, लेकिन पचास प्रतिशत से ऊपर किसान ने मुआवजा नहीं लिया है, तो यह नया कानून लागू होगा। रेट्रोस्पेक्टिव क्लाज बिलकुल स्पष्ट तरीके से हमने किया है, इस बारे में राजनाथ सिंह जी बहुत लम्बा विचार किया गया है। मैंने कई सांसदों से भी राय ली है। जैसा कि मैंने कहा कि तीन स्थितियां ऐसी हैं, जहां कि रेट्रोस्पेक्टिव क्लाज लागू होता है।...(व्यवधान) मैं आप सभी के प्रश्नों का उत्तर दूंगा।

राजनाथ सिंह जी, आपने एक बात और कही है और कई लोगों ने भी उस बात को उठाया है कि क्या यह विधेयक या अधिनियम नौकरशाही अधिनियम होगा? क्या हम ब्यूरोक्रेसी को और अधिकार दे रहे हैं, मैं आपको कहना चाहता हूं कि हर स्तर पर हमने समय सीमा तय की है। अगर आप विधेयक देखें तो हर स्तर पर हमने समय सीमा निर्धारित की है और हमारा पूरा प्रयास होगा कि समय सीमा का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। आपका तजुर्बा यही है और मेरा भी यही तजुर्बा भी यही है कि हम समय सीमा डालते हैं और उसका उल्लंघन होता है। मैं आपको स्पष्ट कहना चाहता हूं कि यह बात सही नहीं है कि हमने इसे ओपन एंडिड रखा है। प्रक्रिया के हर स्तर पर हमने समय सीमा लगाई है और मैं उम्मीद करता हूं कि राज्य इन समय सीमाओं का पालन करेगा।

राजनाथ सिंह जी, आपने दो बातें उठाई हैं, जिनका मैं विशेष जिक्र करना चाहता हूं और जो यह दर्शाएगा कि मेरे सामने कितनी कठिनाइयां इस विधेयक को लाने में थीं। आपने जिक्र किया कि बहु फसल सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। मैं आपसे बिलकुल सहमत हूं और सितम्बर 2011 के मसौदा में यही प्रावधान रखा था। पंजाब, हरियाणा और केरल के मुख्यमंत्रियों से तुंत खत आए कि हमारे राज्यों में सारी जमीन बहु फसल सिंचित जमीन है, आप क्या कर रहे हैं या आप पंजाब, हरियाणा और केरल का औद्योगिकरण चाहते ही नहीं हैं। इसलिए हम संशोधन ला रहे हैं कि कुछ सीमा होनी चाहिए, लेकिन वह सीमा राज्य सरकार तय करेगी। अगर पंजाब में और कोई जमीन नहीं है, तो हम वह पंजाब सरकार पर छोड़ते हैं। अगर हरियाणा में कोई जमीन नहीं है, तो हम हरियाणा सरकार पर छोड़ते हैं।

श्री शरद यादव (मधेपुरा): अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने काफी मेहनत की है, इस बारे में कोई दो राय नहीं है। मेरा यह आग्रह ऑल पार्टी मीटिंग में भी था कि ये जितने नेशनल हाईवे बन रहे हैं और उनमें जितनी जमीन गई है, उतनी इंडस्ट्री में भी नहीं गई है। इस समय मान लीजिए यदि आधा किलोमीटर भी नेशनल हाई वे बन रहा है और उसमें यह प्रावधान कर दिया जाए कि सड़क के किनारे की जमीन कोई नहीं ले सकता है तो मैं आपको कहना चाहता हूं कि देश की जो सिंचित जमीन है, हरियाणा, पंजाब और वेस्टर्न यूपी का जो एतराज है, वह बहुत हद तक दूर होगा। दिल्ली में इतनी जमीन है, जिसके बारे में मेरी कोई सुनता ही नहीं है कि यह जो

फार्म हाउसिज बने हुए हैं, सैनिक फार्म हाउस बने हुए हैं, इन्हें हजार गज जगह दे दो, पांच सौ गज जगह दे दो। दिल्ली में इतनी आबादी है, वह कहां जाएगी? मैं सड़क वाले मामले में पर्टिकूलर हूं कि आधा किलोमीटर भी यदि आप रख देंगे, तो जमीन का बहुत बचाव होगा।

श्री जयराम रमेश : शरद जी, आपने सर्वदलीय बैठक में जो सुझाव दिए थे, उन पर मैं कुछ टिप्पणी करूंगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप कृपया चेयर को संबोधित कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री जयराम रमेश : अध्यक्ष महोदया, मैं कह रहा था कि बहु फसल सिंचित भूमि के बारे में अलग-अलग पार्टियों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं और यह बात सही है कि मसौदे में हमने कहा था कि किसी हालत में भी बहु फसल सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए, परंतु मुझे कहना पड़ेगा कि पंजाब, हरियाणा और केरल के मुख्यमंत्रियों के खत के कारण हम यह संशोधन ला रहे हैं और हम राज्यों पर छोड़ रहे हैं कि क्या सीमा होनी चाहिए, हर जिले में क्या सीमा होनी चाहिए या राज्य स्तर पर क्या सीमा होनी चाहिए, यह हम राज्यों पर छोड़ रहे हैं।...(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Have you brought this amendment?

SHRI JAIRAM RAMESH: Yes, I have brought this amendment. It is one of the amendments.

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, are you yielding? We cannot have this kind of a discussion.

SHRI JAIRAM RAMESH: Let me just say in English what I was saying.

First we said no multi-crop irrigated land should be acquired.

PROF. SAUGATA ROY : That was the best thing. Why did you change it?

SHRI JAIRAM RAMESH: But we cannot make a policy which is not acceptable to some States - Punjab, Haryana, Kerala. ...(*Interruptions*) Please listen to me. ...(*Interruptions*)

So, what we said was that acquisition of multi-crop irrigated land will be acquisition of last resort; but if a State wants to impose some limits, we will leave it to the State Government. That is all we have said. So, if the West Bengal Government wants to say that no multi-crop irrigated land should be acquired, the West Bengal Government is free to say so.

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से राजनाथ सिंह जी कहना चाहता हूं कि आपने लैंड बैंक के बारे में कहा था। मसौदा में लिखा गया था कि दस साल तक भूमि का इस्तेमाल नहीं होगा वह वापिस किसान को दी जाएगी। स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिश आई कि दस साल को पांच साल कीजिए और हमने इसे स्वीकार किया। तब पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने हमसे कहा कि आप लैंड बैंक को क्यों नजरअंदाज क्यों कर रहे हैं? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने मुझसे कहा कि लैंड बैंक को नजरअंदाज मत कीजिए, लैंड बैंक का विकल्प भी खोलकर रखिए। इसलिए हमने कहा कि अगर पांच साल तक भूमि का इस्तेमाल नहीं होता है, वह राज्य या लैंड बैंक को वापिस लौटाई जाएगी। यह राज्य तय करेगा कि किसानों को दी जाए या लैंड बैंक में रखी जाएगी।

मैं यह बात इसलिए उठा रहा हूं क्योंकि कई ऐसी बातें हैं जो हमें राज्यों पर छोड़नी चाहिए। यह राष्ट्रीय कानून है लेकिन कानून में कुछ फलेक्सिबिलिटी होनी चाहिए क्योंकि अलग-अलग राज्यों में परिस्थितियां अलग हैं। हम दिल्ली में बैठकर कानून बनाएं जो हर राज्य में शत प्रतिशत लागू होगा, यह नामुमकिन है।

Madam Speaker, I just want to switch to English for two minutes because my good friend Mr. Thambidurai has raised a very fundamental point as to the competence of the Central Government to come with this legislation on land acquisition. I want to draw the hon. Member's attention to the Concurrent List of the Constitution, Entry 42, which was introduced as a result of the 42nd Amendment which includes acquisition and requisitioning of property in the Concurrent List.

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Concurrent List is a provision. You should not take advantage of that provision to take away the powers of States.

SHRI JAIRAM RAMESH: We are not taking the State powers.

MR. SPEAKER: Please, we cannot go on having discussion.

श्री जयराम रमेश: माननीय अध्यक्ष महोदया, सुषमा जी जानती हैं कि समवर्ती सूची में भूमि अधिग्रहण पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। इसका एक ही मतलब है कि राज्य सरकार अपने कानून बना सकती है लेकिन केंद्रीय कानून की तुलना में घटा नहीं सकती है, इसे और ज्यादा कर सकती है।

That means, Mr. Thambidurai, if the Tamil Nadu Government wants to have a legislation which improves on the compensation, which improves on the R&R, you are completely free to do so. You cannot have a provision for R&R and compensation which is lower than the Central legislation. That is all the matter. ...(*Interruptions*)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Those are provisions that have been made in the amendment. ...(*Interruptions*)

SHRI JAIRAM RAMESH: Kalyan babu, I want to mention this to the hon. Member. He is a lawyer, I am not a lawyer.

I have consulted all the legal officers of the Government of India. It is an established practice that when you pass a

law in the Concurrent List, it does not mean that the State Governments are not free to pass their laws. They have full power to pass their laws. They cannot derogate from the Central law. They can improve on the Central law. If you need clarification for this, I am willing to provide this. ...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया, बार-बार यह बात आई है कि क्या हम जबरदस्ती भूमि अधिग्रहण कर रहे हैं। मैं सुदीप बाबू को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे जबरदस्ती भूमि अधिग्रहण होगा, कोई ऐसा प्रावधान नहीं हैं। हां यह बात सही है कि सिर्फ दो मामलों में स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशें नामंजूर की है। स्टैंडिंग कमेटी ने 13 सिफारिशें की थीं और उनमें से हमने 11 को स्वीकार किया है, परंतु दो ऐसी सिफारिशें थी, उनका यह कहना था कि पीपीपी का और निजी प्रोजैक्ट्स का भूमि अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। श्रीमती सुमित्रा महाजन से मेरी लम्बी बातचीत हुई, मैंने अपनी मजबूरी उन्हें बताई और मैंने कहा कि मैं इन्हें स्वीकार नहीं कर सकता हूं। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि अगर पश्चिम बंगाल चाहता है कि इस 80 प्रतिशत को सौ प्रतिशत करना है या 70 प्रतिशत को सौ प्रतिशत करना है तो आप ऐसा बिल्कुल कर सकते हैं, वह विकल्प आपके पास है। परंतु मैं यह बिल्कुल साफ कर देना चाहता हूं कि 80 प्रतिशत निजी प्रोजैक्ट्स के लिए और 70 प्रतिशत पीपीपी के लिए इसलिए रखा गया है, क्योंकि कुछ लोगों के मन में यह आशंका थी कि भूमि अधिग्रहण जबरदस्ती होगा, क्योंकि वह हमारा अनुभव रहा है। परंतु बिना लिखित अनुमति के भूमि अधिग्रहण होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

महोदया, मैं सिर्फ दो-तीन मिनट और लूंगा। कई सदस्यों ने यह सवाल उठाया है, आप 158 औपचारिक संशोधन ला रहे हैं। लालू जी ने भी यही कहा था। मैं थोड़ा स्पष्टीकरण देना चाहता हूं कि इन 158 औपचारिक संशोधनों में से सिर्फ 28 मुख्य संशोधन हैं। 13 संशोधन स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशें हैं, 13 संशोधन हमारे गुप्र ऑफ मिनिस्टर्स की सिफारिशें हैं, श्री शरद पवार जी उसके अध्यक्ष थे और दो संशोधन, अगर मैं नाम दे सकता हूं, सुषमा स्वराज संशोधन हैं तो 158 संशोधनों में से 28 मुख्य संशोधन हैं, बाकी सब संशोधन जैसा कि लालू जी अपने रंगीन तरीके से कहते हैं, कोमा, फुलस्टाप, पैराग्राफ चेंज, पैराग्राफ नम्बर, नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे सब कार्यवाही या प्रोसीजरल अमैन्डमैन्ट्स हैं, मुख्य अमैन्डमैन्ट्स, मुख्य संशोधन 28 हैं, जिनमें 13 स्टैंडिंग कमेटी के हैं, 13 जीओएम के और दो नेता प्रतिपक्ष के हैं।

आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि कई माननीय सदस्यों ने संशोधन दिये हैं, कई लोगों के संशोधन हमारे औपचारिक संशोधनों में शामिल हैं, जैसे श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने संशोधन दिया है, वह संशोधन हम खुद सरकार की ओर से ला रहे हैं। वामपंथी पार्टियों ने जो संशोधन दिये हैं, मैं खुद बसुदेव बाबू के ऑफिस दो बार गया हूं और उनके छः महत्वपूर्ण संशाधन हम सरकार की ओर से ला रहे हैं। कई ऐसे संशोधन हैं, राजू शेट्टी जी के संशोधन, प्रशांत मजूमदार जी के संशोधन, शेख सैदुल हक के संशोधन, सभी संशोधनकर्ताओं से मेरी मुलाकात हुई है। श्री निशिकांत दूबे वहां बैठे हुए हैं, वह अक्सर यहां बैठा करते हैं, आज अचानक पीछे चले गये हैं। ...(<u>व्यवधान</u>) उनके संशोधन पर भी मैंने टिप्पणी दी है। मेरी सबसे विनती है कि हमारे औपचारिक अमैन्डमैन्ट्स को स्वीकार करें, जो अपने-अपने अलग व्यक्तिगत अमैन्डमैन्ट्स हैं, उन्हें आप वापस ले लें और जितने तक हम संशोधन लाये हैं, आप देखेंगे कि ज्यादातर आपके संशोधन शामिल किये गये हैं। मैं हर एक सदस्य को जिन्होंने संशोधन दिया है, मैं उन्हें सबूत दूंगा कि किस तरीके से हम संशोधन लाये हैं और जब नियम बनाये जायेंगे, जब रुल्स बनाये जायेंगे, अगर ज्यादातर उसमें स्पष्टीकरण देने की जरूरत है तो उसे हम जरूर शामिल करेंगे।

अंत में मैं कहना चाहता हूं कि ओवैसी जी यहां बैठे हुए हैं। वह क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, आज इन्होंने मुझ पर एक गुगली बॉल कर दी है और मैं स्वीकारता हूं कि इन्होंने जो मुद्दा उठाया है,. हमने उसके बारे में सोचा नहीं था। मुझे थोड़ा वक्त दीजिए, मैं हमारे सहयोगी मंत्री, श्री रहमान खान से भी मशविरा करूंगा। अगर किसी नए कानून की जरूरत पड़ेगी तो हम वापस सदन में आएंगे परंतु अभी आपने जो मुद्दा उठाया है, उसको मैंने नोट कर लिया है। यह बहुत गंभीर मामला है। मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूँ कि इस कानून से वक्फ़ की जमीन ज़बरदस्ती एक्वायर नहीं होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपसे और सभी सदस्यों से भी निवेदन करता हूँ कि औपचारिक संशोधनों को वे स्वीकार करें ताकि आज एक और ऐतिहासिक मौका है और 190 साल पुराने कानून को हम बदलेंगे और जैसा कि राजनाथ सिंह जी ने पहले ही अपने भाषण में स्वीकार किया है कि यह जो कानून का टाइटल है, यह हमने जानबूझ कर बदला है क्योंकि टाइटल लैण्ड एक्विज़िशन एक्ट नहीं है। टाइटल है टू फेयर कॉम्पेनसेशन एण्ड आर एण्ड आर। ताकि किसानों का हक बनता है, जो आजीविका खोते हैं, उनका हक़ बनता है, दलितों और आदिवासियों का हक़ बनता है और वही हक़ यह कानून देता है। सरकार को भूमि अधिग्रहण का हक़ नहीं देता है।

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं मंत्री जी से एक क्लैरिफिकेशन चाहता था। मैंने सोशल इंपैक्ट असेसमेंट के बारे में पूछा था कि इसको आप लैण्ड एक्विज़िशन का प्रोसेस प्रारंभ होने के बाद करेंगे या पहले करेंगे?

श्री जयराम रमेश : सर, वह हम पहले ही करेंगे, जब नोटिफिकेशन आ जाएगा, पहले ही करेंगे।

श्री मुलायम सिंह यादव : मंत्री जी, मैंने आपको एक सुझाव दिया था कि तीन फ़ीसदी ज़मीन प्रति वर्ष कम हो रही है और देश की जनसंख्या बढ़ रही है। एक संकट पैदा होगा कि खाने के लिए कहां से आएगा? आपके पास उसका क्या विकल्प है? मैंने तो सुझाव दिया था। अब आप सहमत होंगे या नहीं होंगे वह अलग बात है। लेकिन आपके पास विकल्प क्या है?

श्री जयराम रमेश : मैडम स्पीकर, मुलायम सिंह जी ने जो सवाल उठाया है, वह इस विधेयक से बाहर जाता है। माननीय सदस्य ने जो सवाल उठाया है, हम इस पर जरूर विचार करेंगे। अगर हमें नीति में बदलाव लाना है तो लाएंगे। परंतु मुझे थोड़ा वक्त दीजिएगा क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से हम इस विधेयक में उसको शामिल नहीं कर सकते हैं। परंतु आपका मुद्दा बिल्कुल सही है। ...(<u>व्यवधान</u>)

अध्यक्ष महोदया : इतने सारे सदस्य सवाल पूछेंगे तो ज्यादा समय लगेगा।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

अध्यक्ष महोदया : सौगत राय जी, please be very brief.

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

प्रो0 सौगत राय ः मैडम, मैं केवल स्पष्टीकरण के लिए माननीय मंत्री जी से यह सवाल फिर पूछता हूँ कि यह आपके कानून में है कि निजी क्षेत्र में जमीन लेने के लिए 80 प्रतिशत लोगों की सहमति होनी चाहिए। मैं यह स्पष्टीकरण चाहता हूँ कि अगर हम पश्चिम बंगाल में कहें कि सौ प्रतिशत कृषक को या जमीन के मालिक को सहमति नहीं होने से निजी क्षेत्र के लिए हम जमीन अधिग्रहण नहीं करेंगे। यह अधिकार पश्चिम बंगाल प्रांत का होगा कि नहीं होगा? इसके बारे में आप

स्पष्टीकरण दीजिए।

श्री जयराम रमेश: मेरा स्पष्टीकरण है कि हाँ पश्चिम बंगाल को पूरा अधिकार है।

SHRI PRABODH PANDA : I have given a number of amendments. My suggestion particularly was that the Government should allow setting up of the Land Price Determining Commission. It has already been recommended by the Standing Committee. What is the attitude of the Government in this regard?

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam, Speaker, I have assured Shri Panda that we will give it a very serious consideration. We do not want to have proliferation of too many bodies but let the rules be framed and I will certainly give his recommendation very serious consideration.

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Madam, I have raised a pertinent question as to when the sown area of a district is 50 per cent or less than 50 per cent of the total geographical area, there should not be any acquisition because you have stated acquisition of 10 per cent of the net sown area. This is because if it continues, in due course, this 10 per cent will be reduced to very low sown area.

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam, this matter has been considered and we have left this entirely to the discretion of the State Government.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): मैडम, हम बड़े खुश हैं। मैं और मदन लाल बड़े खुश हैं। शारिक भी बड़े खुश होंगे। लेकिन मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ क्या वे हमारे जम्मू कश्मीर स्टेट में क्या इस कानून को लागू करवा पाएंगे? ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, the discussion on the motion for consideration of the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011 is over. The House will now take up for voting the motion for consideration, the clause-by-clause consideration and the motion for passing of the Bill.

Hon. Members would appreciate that the Bill is an important piece of legislation and a number of amendments are to be moved by the Government as well as by private Members to the clauses of this Bill. I anticipate that on certain clauses or amendments to clauses, there may be a demand for voting by Division. Hon. Members are aware that before Division takes place, the Secretary-General informs the Members about the procedure of operating the Automatic Vote Recording Machine, which the Members are requested to listen to carefully.

I would also like to inform the House that several identical amendments to various clauses of the Bill have been tabled by the hon. Members. As per practice, moving of identical amendments is not in order. Therefore, in cases where identical amendments are tabled by Members, the practice is to call the Member who has tabled his notice of amendment first in point of time to move his amendment. If the Member is not present in the House or does not move his amendment, then the name of the second Member or the third Member and so on who may be present and wants to move his amendment is called. Therefore, when the relevant clauses are taken up, I will call the names of hon. Members accordingly.

I shall now put the motion for consideration of the Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Bill, 2011 to the vote of the House.

The question is:

> "That the Bill to ensure a humane, participatory, informed consultative and transparent process for land acquisition for industrialization, development of essential infrastructural facilities and urbanization with the least disturbance to the owners of the land and other affected families and provide just and fair compensation to the affected families whose land has been acquired or proposed to be acquired or are affected by such acquisition and make adequate provisions for such affected persons for their rehabilitation and resettlement thereof, and for ensuring that the cumulative outcome of compulsory acquisition should be that affected persons become partners in development leading to an improvement in their post acquisition social and economic status and for matters connected therewith or incidental thereto be taken into consideration."

The motion was adopted.

MADAM SPEAKER: The House will now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 Application of Act.

SHRI JAIRAM RAMESH: I beg to move:

Page 2, *for* lines 6 to 27, *substituteâ€"*

